राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-304
लखनऊ, सोमवार 24 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे डॉ. मुखर्जी : सीएम योगी 03

पीएम ने धारा-370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपने को किया साकार : मोहन यादव 12

# इसरो ने की आरएलवी पुष्पक की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

### चिनूक से 4.5 किमी. की ऊंचाई पर हवा में छोड़ा गया रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल, व्हीकल ने धीमी गति से उड़ान भरने के बाद लैंडिंग गियर के साथ एटीआर में किया लैंड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को सुबह लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' का तीसरी बार पूरी तरह कामयाब परीक्षण किया। पुष्पक को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया।

कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में इस रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ने खुद ही आधा घंटे बाद जमीन पर लैंड किया। आखिरी परीक्षण में इसरो के पुष्पक शटल ने साबित कर दिया कि यह बार-बार अंतरिक्ष में जाकर धरती पर सुरक्षित लौट सकता है। इसरो ने इससे पहले पिछले साल 02 अप्रैल को आरएलवी लेक्स-1 का सफलतापूर्वक संचालन किया था। इसके बाद इसी साल 22 मार्च को आरएलवी लेक्स-2 का सफल परीक्षण किया गया था। इसी श्रृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में आज सुबह 07:10 बजे किया गया। आरएलवी लेक्स-01 और लेक्स-02 मिशनों की सफलता के बाद आरएलवी लेक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण रिलीज स्थितियों में और अधिक गंभीर हवा की स्थिति में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का फिर से प्रदर्शन किया। इसरो के मुताबिक 'पुष्पक' नामक पंख वाले वाहन को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई पर छोड़ा गया।



#### इसरो अधिक से अधिक अनुसंधान कर अंतरिक्ष के क्षेत्र में हासिल करेगा बडी कामयाबी

इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने ऐसे जटिल मिशनों में सफलता की लय बनाए रखने के उनके प्रयासों के लिए टीम को बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने इस बात पर जोर दिया कि यह लगातार सफलता भविष्य के कक्षीय पुनः प्रवेश मिशनों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में इसरो के आत्मविश्वास को बढ़ाती है। जे मुथुपंडियन इस सफल मिशन के मिशन निदेशक हैं और श्री बी कार्तिक वाहन निदेशक हैं। इसरो प्रमुख ने कहा कि आने वाले दिनों में इसरो अधिक से अधिक अनुसंधान और उसके डेवलपमेंट पर ध्यान देकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में बड़ा कामयाबी हासिल करेगा। यह एक स्वदेशी स्पेस शटल है, जिसे ऑर्बिटल री-एंट्री व्हीकल के नाम से भी जाना जाता है। आज का परीक्षण सफल होने के बाद भारत अंतरिक्ष में ना सिर्फ सैटेलाइट लॉन्च कर सकेगा, बल्कि भारत की आसमानी सुरक्षा और मजबूत होगी। ऐसी ही टेक्नोलॉजी का फायदा चीन, अमेरिका और रूस भी लेना चाहते है, क्योंकि ऐसे यानों की मदद से किसी भी दुश्मन के सैटेलाइट्स को उड़ाया जा सकता है। इतना ही नहीं, इन विमानों से डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी चलाया जा सकता है, जिससे दुश्मन की संचार तकनीक को ऊर्जा की किरण भेजकर खत्म किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के इंदौर में चिमन बाग चौक पर रविवार तड़के भाजपा की युवा शाखा के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान मोनू कल्याणे के रूप में हुई है। वह भाजपा की युवा शाखा का इंदौर जिला इकाई का नेता था। कल्याणे अपने साथियों के साथ रविवार शाम शहर में आयोजित होने वाली भगवा रैली के लिए जगह-जगह बैनर लगवा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया, मोनू और उसके कुछ दोस्त रविवार सुबह पोस्टर और बैनर लगवा रहे थे। इसी दौरान उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दो संदिग्धों पीयूष और अर्जुन को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। दोनों मोनू के पड़ोसी हैं।

### दो महिला सहित चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में पुलिस अफसरों के समक्ष बिना हथियार के 2 महिला सहित 4 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। शुक्रवार को प्रतिबंधित माओवादी नक्सल संगठन में सक्रिय 2 महिला नक्सली समेत 4 नक्सलियों क्रमशः हेमला नंदे (एर्रनपल्ली आरपीसी सीएनएम सदस्या) एर्रनपल्ली थाना पामेड़ जिला बीजापुर, नुप्पो सोमड़ी (नागाराम आरपीसी केएमएस उपाध्यक्षा) नागाराम सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, हेमला एर्रा (नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) नागाराम थाना चिंतलनार जिला सुकमा एवं कड़ती हिडिया (नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) के द्वारा नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में रवि गणवीर डिप्टी कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ एवं मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन जिला सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया।

### उरी सेक्टर में सेना ने घुसपैठिये को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सेना ने रविवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास चल रहे घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किये गये घुसपैठ विरोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है। मारे गये आतंकवादी की पहचान अब तक नहीं की जा सकी है। शनिवार को खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला के गोहालन उरी में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना ने जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा।

### सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल का भाई सूरज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के चर्चित सेक्स स्कैंडल में कर्नाटक पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना को हासन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूरज पर जेडीएस कार्यकर्ता के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप है। कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को जेडीएस एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के 27 वर्षीय कार्यकर्ता के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया था।

### ईटानगर में बादल फटने से तबाही, राष्ट्रीय राजमार्ग पर पानी बना सैलाब

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में रविवार को बादल फटने से तबाही मच गई। सुबह 10 बजे से हो रही भारी बारिश के बीच बादल फटने से शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैलाब आ गया। ईटानगर-नाहरलागुन को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 415 पर पानी नदी की तरह बहने लगा। राजधानी में हर तरफ तबाही मची हुई है। सड़क पर चल रहे वाहन पानी की धारा में बहते नजर आ रहे थे। यह भी बताया गया है कि कई जगहों पर पेड़ गिर गए और विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन इसी दौरान हुए। प्रशासन ने अलर्ट जारी कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने के लिए कहा गया है। ईटानगर प्रशासन ने राहत शिविर खोले हैं।

# सीबीआई करेगी नीट मामले की जांच

### 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी परीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की लिखित शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) (यूजी) में कथित अनियमितताओं के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि गत पांच मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ अलग-अलग घटनाएं हुईं। यह परीक्षा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। परीक्षा में 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से कथित अनियमितताओं के पूरे मामले की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षडयंत्र, धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, विश्वासघात और उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा सबूतों को नष्ट करना, अनियमितताओं का प्रयास करना शामिल है।

मंत्रालय ने सीबीआई से परीक्षा के आयोजन से जुड़े लोक सेवकों की भूमिका, यदि कोई हो, की जांच करने तथा घटनाओं के पूरे दायरे और बड़ी साजिश की जांच करने का अनुरोध किया है। सीबीआई ने तदनुसार एक आपराधिक मामला दर्ज किया है और जांच शुरू की है। मामले की सर्वोच्च प्राथमिकता पर जांच करने के लिए सीबीआई द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है एवं इन टीमों को पटना और गोधरा भेजा जा रहा है जहां स्थानीय पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं।



#### गड़बड़ियों की जांच करने आई सीबीआई टीम पर हमला

**नवादा।** नवादा में नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम की ग्रामीणों ने पिटाई कर दी है। रजौली पुलिस के पहुंचने के बाद सीबीआई टीम के अधिकारियों को बचाया जा सका। नवादा के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। लेकिन, ग्रामीणों ने सीबीआई टीम को नकली पुलिस बताकर उनके साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद नवादा पुलिस पहुंची और अधिकारियों को बचाया। मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर रही है। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई टीम के अधिकारियों ने दो मोबाइल फोन को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि नीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए दिल्ली से सीबीआई की टीम नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। पेपर लीक में शामिल एक व्यक्ति के मोबाइल लोकेशन के आधार पर सीबीआई टीम कसियाडीह पहुंची थी, लेकिन सीबीआई टीम को नकली बताकर ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट कर दिया। सीबीआई के अधिकारियों के गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर दिया। सीबीआई टीम के ड्राइवर के साथ भी मारपीट किया गया। सीबीआई की जांच टीम में चार अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस की एक महिला कांस्टेबल भी थी।

#### पेपर लीक मामले में लातूर से दो शिक्षक गिरफ्तार

**मुंबई।** नीट पेपर लीक मामले में एंटी टेररिस्ट स्कॉड (एटीएस) ने लातूर जिले में दो जगहों पर छापेमारी कर जिला परिषद के दो शिक्षकों को गिरफ्तार किया है। दोनों शिक्षकों से एटीएस टीम पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार नांदेड जिले की एटीएस टीम को नीट पेपर लीक मामले में लातूर के दो शिक्षकों के शामिल होने का इनपुट मिला था। दोनों शिक्षकों की पहचान संजय तुकाराम जाधव और जलील उमर खान पठान के रूप में की गई थी। इनमें से एक लातूर और दूसरा सोलापुर में जिला परिषद स्कूलों में शिक्षक हैं। एटीएस की टीम ने इन दोनों के घर पर शनिवार देर रात को छापा मारा था और इनके घरों से कागजात बरामद किए। रविवार सुबह दोनों को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की जा रही है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से नीचे गिरी बस, 14 लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रविवार को सुबह सवारियों से भरी डबल डेकर बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से नीचे गिर गयी। हादसे के समय बस में कुल 45 लोग सवार थे। जिसमें 12 लोग जौनपुर ज़िले के थे। जौनपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 159 के पास अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। घटना सुबह 4 बजे की है। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर को नींद की झपकी आने से ये हादसा हुआ है।

जौनपुर के घायलों में कुछ लोगों से बातचीत हुई जिसमें घायल राहुल तिवारी ने बताया कि हम अपनी पत्नी व परिवार के साथ वृंदावन दर्शन करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में जब नीचे बस गिरी तो हम लोगों की आंखें खुल गयी। सुबह का वक्त था और हम सभी लोग नींद में थे लेकिन अचानक इतनी तेज आवाज आने लगी कि सब घबरा कर जोर-जोर से चिल्लाने लगे।

#### सवारियों से भरी बस पेड़ से टकराई, 22 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे में राज्य परिवहन बस बड़े हादसे का शिकार हो गई, जिसमें 20 से 22 यात्रियों के घायल होने की खबर है। हादसा यावत गांव में सहजपुर फाटा के पास हुआ, जहां परिवहन बस पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में घायलों लोगों में से 3 लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार यह हादसा तब हुआ जब एक ट्रक से टक्कर से बचने की कोशिश में परिवहन बस पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पहुंची पुलिस ने लोगों को बस से निकाला और घायलों को इलाज के लिए लोनी कालभोर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### उप्र में पूर्वी हवाओं से बारिश की संभावना, बढ़ेगी उमस भरी गर्मी

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में चल रही पूर्वी हवाओं से मानसून धीरे-धीरे सक्रिय हो रहा है और हल्की बारिश से उमस भरी गर्मी बढ़ती जा रही है। रविवार को भी अधिकांश जिलों में हल्की बारिश हुई और सोमवार को बुन्देलखण्ड सहित मध्य उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि अगले दो दिनों के दौरान उत्तरी अरब सागर, गुजरात राज्य, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी बंगाल की खाड़ी, झारखंड के कुछ हिस्सों, बिहार के कुछ हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में है, जिसकी धुरी समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊपर है।

## सात साल में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की आय में हुई चार गुना वृद्धि

### विश्वनाथ धाम के विस्तार व सुविधाओं से दान और दर्शनार्थियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार कर सुगम और अत्याधुनिक बनाया गया तो विश्व भर से शिव भक्तों का हुजूम धाम में उमड़ने लगा। इससे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की आय में भी वृद्धि हो रही है। देश और प्रदेश में डबल इंजन सरकार में सुविधाओं के विस्तार होने के बाद विश्वनाथ धाम में दान और दर्शनार्थियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई।

वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023-24 में मंदिर की आय में चार गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। बीच में कोरोना काल में भक्तों की संख्या में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन इसके बाद फिर से इसमें बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई। श्री काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार निरीक्षण और निर्देशन में मंदिर में कई सुविधाओं की बढ़ोतरी हुई। मंदिर का विस्तार और दर्शन की सुगमता ने काशी में तीर्थाटन को और बढ़ा दिया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र के अनुसार मंदिर के आय में चढ़ावा, दान, टिकट और परिसर में नवनिर्मित भवनों के आय आदि के रूप में पिछले 7 साल में 4 गुना की वृद्धि हुई है।



### जमानत पर हाईकोर्ट से रोक के खिलाफ केजरीवाल की सुप्रीम कोर्ट में अर्जी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर दिल्ली हाई कोर्ट से लगी अंतरिम रोक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल की याचिका पर 24 जून को सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई के लिए मेंशन किया जा सकता है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत दी थी। केजरीवाल की जमानत का जब फैसला सुनाया जा रहा था तो ईडी की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने राऊज एवेन्यू कोर्ट से बेल बांड भरने के लिए 48 घंटे का वक्त देने की मांग की थी, ताकि वे इस आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दे सकें, लेकिन राऊज एवेन्यू कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया था। इस पर ईडी ने ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में 21 जून को चुनौती दी थी।

## बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे को फिर बनाया अपना उत्तराधिकारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी बना दिया। साथ ही नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी सौंप दी। आकाश अब पूरे देश में पार्टी का काम देखेंगे। रविवार 23 जून को बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती ने इसका ऐलान किया। आकाश भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने मायावती के पैर छुए तो उन्होंने सिर पर हाथ रखा, फिर पीठ थपथपाकर आशीर्वाद दिया।

मायावती ने लोकसभा चुनाव के बीच 7 मई यानी 47 दिन पहले आकाश को अपरिपक्व (इम्मैच्योर) बताते हुए पार्टी के सभी अहम पदों से हटा दिया था। लोकसभा चुनाव में हार के बाद मायावती ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पहली बैठक बुलाई। यह 3 घंटे तक चली। मायावती ने इसमें उप चुनाव समेत आगामी सभी चुनाव लड़ने की बात भी कही। यानी अब यूपी विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव पर भी पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी। बिहार बसपा के प्रभारी और कोऑर्डिनेटर डॉ. लालजी मेधानकर भी बैठक में शामिल हुए। मायावती ने कहा है कि अब हम उप चुनाव भी लड़ेंगे। सिर्फ यूपी नहीं, देश में जहां भी हम मजबूत हैं, वहां चुनाव लड़ेंगे। बसपा नेता सरवर मलिक ने बताया, मायावती ने कहा कि क्या हुआ जो हम चुनाव हार गए। संघर्ष करेंगे, फिर चुनाव लड़ेंगे। आकाश आनंद की वापसी हो चुकी है।



### अमरेंद्र कुमार सेंगर ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर का चार्ज संभाला

**लखनऊ।** लखनऊ के नए पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने रविवार को कार्यभार संभाला। उन्होंने कहा की ट्रैफिक सिस्टम और साइबर क्राइम कंट्रोल करने पर विशेष जोर होगा। पुलिस कमिश्नर ने आम लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत का त्वरित निस्तारण किया जाए। महिला शिकायतों की सुनवाई प्रॉयरिटी से करें। अमरेंद्र कुमार 1995 बैच के आईपीएस हैं। 9 जिलों में एसपी रह चुके हैं। बनारस जोन के आईजी का पद भी संभाल चुके हैं। अमरेंद्र कुमार सेंगर कुछ समय से फील्ड पोस्टिंग पर नहीं थे। हालांकि अब उनको पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन थानों के फोन नहीं उठाते हैं उन पर चर्चा की जाएगी। बाकी जैसे रोजाना डीजीपी सेंट्रल द्वारा मीडिया ब्रीफिंग की जाती है। वह जारी रहेगी।


# वायु सेना और सेना को मिलेंगे 10 तापस स्वदेशी ड्रोन, सरकार को भेजा प्रस्ताव

### वायु सेना के प्रस्ताव पर रक्षा मंत्रालय में जल्द चर्चा होने की संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने केंद्र सरकार को 10 तापस मेड-इन-इंडिया ड्रोन खरीदने का प्रस्ताव दिया है। इनमें से छह ड्रोन भारतीय वायु सेना के लिए जबकि शेष चार भारतीय नौसेना के लिए होंगे। रक्षा बलों में तापस ड्रोन को शामिल करने और अधिग्रहण करने के लिए भारतीय वायु सेना प्रमुख एजेंसी होगी।

भारतीय वायु सेना के प्रस्ताव पर जल्द ही रक्षा मंत्रालय में जल्द ही चर्चा किए जाने की उम्मीद है। तापस ड्रोन को केवल सीमाओं पर निगरानी रखने ही नहीं बल्कि दुश्मनों पर हमला करने के लिए भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि मध्यम ऊंचाई वाले तापस ड्रोन को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीए) ने विकसित किया है। इनका निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से किया है। 10 तापस मेड-इन-इंडिया ड्रोन खरीदने के प्रस्ताव को रक्षा बलों की स्वदेशी मानव रहित निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। वायु सेना के छह स्वदेशी तापस ड्रोन उत्तरी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर मानव रहित निगरानी में सुधार करने में मदद करेंगे। तापस का पूरा नाम टेक्टिकल एयरबॉर्न प्लेटफॉर्म फॉर एरियल सर्विलांस बियॉन्ड होराइजन है। यह भारत का पहला मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी है, जो अमेरिका के एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन जैसा ही है। भारतीय वायुसेना के पास इजराइली मूल के सर्चर, हेरॉन मार्क-1 और मार्क-2 ड्रोन का बेड़ा है और वह भविष्य में तीनों सेनाओं के अधिग्रहण के हिस्से के रूप में अमेरिकी प्रीडेटर एमक्यू-9बी ड्रोन को शामिल करने की योजना बना रही है।



प्रथम सत्र

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को करेंगी संबोधित

# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से, 280 सांसद लेंगे शपथ

### मोदी व उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य आज सुबह 11 बजे से लेंगे शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। अप्रैल-जून में हुए आम चुनावों के बाद यह पहला लोकसभा सत्र होगा। 18वीं लोकसभा में एनडीए के पास 293 सीटों के साथ बहुमत है, जबकि भाजपा के पास 240 सीटें हैं, जो बहुमत के 272 के आंकड़े से कम है। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के पास 234 सीटें हैं, जबकि कांग्रेस के पास 99 सीटें हैं। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य सुबह 11 बजे से शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के बाद मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य शपथ लेंगे। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसद वर्णमाला क्रम में शपथ लेंगे। इसका मतलब है कि असम के नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे और पश्चिम बंगाल के सांसद सबसे आखिर में शपथ लेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद सहित 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे, जबकि अगले दिन (25 जून) 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। भाजपा नेता और सात बार से सदस्य भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर विवाद का असर सत्र पर भी पड़ने की संभावना है। विपक्ष ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है, जिसका आरोप है कि कांग्रेस सदस्य कोडिकुन्निल सुरेश के प्रोटेम स्पीकर बनने के दावे को सरकार ने नजरअंदाज कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि महताब लगातार सात बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं, जिससे वह इस पद के लिए योग्य हैं। सुरेश 1998 और 2004 में चुनाव हार गए थे, जिससे उनका मौजूदा कार्यकाल निचले सदन में लगातार चौथा कार्यकाल बन गया है। इससे पहले, वह 1989, 1991, 1996 और 1999 में लोकसभा के लिए चुने गए थे। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद पहुंचेंगे और सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। कार्यवाही की शुरुआत 18वीं लोक सभा की पहली बैठक के अवसर पर सदस्यों द्वारा एक क्षण का मौन रखने से होगी। इसके बाद लोक सभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह लोक सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद महताब लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए आमंत्रित करेंगे।



# सूर्य-नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न

**आधुनिक युग में युवाओं के भावनात्मक विकास और सकारात्मक जीवनशैली के लिए नियमित सूर्य-नमस्कार का अभ्यास लाभकारी : प्रिंस रंजन बरनवाल**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के अटल बिहारी वाजपेई उद्यान, आवास विकास कॉलोनी में हाइम योग द्वारा सतत 24 वां रविवार 54 सूर्य-नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के हर उम्र के व्यक्तियों ने प्रतिभागिता करते हुए योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल के निर्देशन में 54 बार सूर्य-नमस्कार का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षिका प्रगति बरनवाल ने प्राणायाम और मुद्राओं का अभ्यास कराते हुए, नियमित अभ्यास के लाभों से योग प्रेमियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रीति शुक्ला, प्रगति बरनवाल, नूपुर गुप्ता, प्रतीक तिवारी, अमूलदीप तिवारी, राजदीपिका तिवारी, पारुल सिंह, अंशिका वर्मा एवं खुशी वर्मा को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिए गए योगदान हेतु सम्मानित किया गया। सूर्य-नमस्कार अभ्यास में निधि, रोशन कुकरेजा, साक्षी कुकरेजा, मीना जायसवाल आदि की सहभागिता रही।



- सूर्य-नमस्कार अभ्यास के साथ-साथ प्राणायाम, योगनिद्रा का कराया गया अभ्यास
- नियमित सूर्य-नमस्कार एवं प्राणायाम के अभ्यास से शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य होता है बेहतर : योग प्रशिक्षिका प्रगति बरनवाल
- कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों में योग शिक्षकों/वॉलेंटियर्स के सक्रिय योगदान के लिए किया गया सम्मानित

## योग पखवाड़ा के समापन पर योग वीरों को सम्मानों से किया गया सम्मानित



लखीमपुर खीरी। योग पखवाड़ा के समापन अवसर पर अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ ने देश भर से जुड़े योग वीरों को विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया। महासंघ के साथ श्री हरि चरण सेवा संस्थान ने भी सहभाग किया और लोगो को योग के लिए जागरूक भी किया। संघ के द्वारा धर्म नगरी अयोध्या में एक विशाल कार्यक्रम श्री ऑडोटोरियम में आयोजित किया जिसमे मुख्यातिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमख्यमंत्री वर्तमान में राज्य सभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा , दक्षिण काली पीठ के राज ऋषि वेद मूर्ति आचार्य पवन दत्त जी सहित अवध के समरसता प्रमुख राजकिशोर जी , स्यात संस्था के संयोजक अमित देव जी ,श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र के ट्रस्टी गण व इंडोनेशिया से पधारे अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया और देश के कोने कोने से लोगो को सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश त्रिवेदी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस क्रम राष्ट्रीय मंच का कुशल संचालन कर रहे लखीमपुर के समाजसेवी श्री हरि चरण सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनीष मिश्र को कुशल मंच संचालक के अवार्ड से सम्मानित किया गया , मुख्य अतिथि डॉक्टर दिनेश शर्मा ,आचार्य पवन दत्त आदि सभी ने मनीष मिश्र के संचालन की प्रशंसा की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की, मनीष मिश्र ने बताया श्री राम नगरी में यह सम्मान प्राप्त होना सीधे प्रभु राम का आशीर्वाद हे। उनकी कृपा हे उन्होंने मेरे लिए यह गौरव का पल है यह सम्मान सभी लखीमपुर वालो को चाहने वालो को समर्पित है।

# कुल्हाड़ी मारकर बड़े भाई ने छोटे भाई को किया घायल

- खूंटा गाड़ने को लेकर आमने-सामने हुए भाई
- भाई को घायल करने के बाद कुल्हाड़ी लेकर खुद थाने पहुंचा आरोपी हीरालाल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर में भैंस बांधने की जगह में खूंटा गाड़ने को लेकर आमने सामने हो गए। बड़े भाई ने छोटे भाई के सर पर कुल्हाड़ी मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर जबतक मौके पर पुलिस पहुँचती तब तक हीरालाल खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर खुद थाने पहुंच गया। पुलिस ने घायल इलाज के लिए भेजकर मुकदमा दर्जकर लिया है। पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर में दो सगे हीरालाल और छात्रपाल जमीन में खूंटा गाड़ने को लेकर विवाद हो गया था। हीरालाल ने अपने छोटे भाई छात्रपाल से जमीन में गड़े खूंटे उखाड़ लेने को कहा। छात्रपाल ने इंकार कर दिया था इसी बात से नाराज बड़ा भाई उससे गाली-गलौज करने लगा। कुछ देर बाद गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दिए। इस दौरान बड़ा भाई कुल्हाड़ी से छोटे भाई के सर पर वार कर दिया। कुल्हाड़ी लगने से छात्रपाल अचेत होकर गिर पड़ा। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल ओयल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां हालत नाजुक देख लखनऊ रेफर कर दिया। कुल्हाड़ी से वार करने वाला हीरालाल खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर खुद थाने पहुंच गया।

एसओ कौशल किशोर ने बताया जमीन को सगे भाइयों में विवाद हुआ था। सर पर कुल्हाड़ी लगने से छात्रपाल गंभीररूप से घायल हो गया जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। आरोपी हीरालाल पर धारा 308 में मुकदमा दर्जकर लिया है।

## खबरें एक नजर में

### करंट लगने से भैंस की मौके पर मौत

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।** मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चुरईपुरवा चौराहे के पास राम बेटी पत्नी रामस्वरूप घर के पास बंधी भैंस को अचानक खम्भे से करंट लगने से मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने ग्राम प्रधान चुरई पुरवा करुणेश कुमार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रधान ने परिवार को आर्थिक मदद दिलाने के लिए हर स्तर पर कोशिश करने की बात कही। गरीब परिवार के लोग जैसे तैसे भैंस के माध्यम से दूध बेचकर अपने जीवन का पालन पोषण करते थे लेकिन अचानक भैंस को करंट लगने से मौत हो गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई और बिजली विभाग के भी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग के कृष्ण कुमार लेखपाल ने जानकारी देते बताया है कि अगर भैंस पालने वाले भैंस का पीएम करवाते हैं तो बिजली विभाग से मुआवजा मिल सकता है अगर पोस्टमार्टम नहीं हुआ तो परिजनों को कोई लाभ नहीं मिल सकेगा।

### विजवाहा में दबंगों ने बच्चे से की मारपीट

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के ग्राम विजवाहा निवासी गंगा राम पुत्र बच्ची लाल ने थाना पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि प्रार्थी गांव में बन रहे विद्युत केंद्र के निर्माण में मजदूरी का कार्य करता है। किसी ने घर की दीवाल में लगे ईंटों को निकाल लिए जब वह शाम को मजदूरी करके घर वापस लौटा तब पता चला कि किसी ने उसकी दीवार में लगे हुए ईंटों को निकाल लिया। जिस पर उसका पुत्र गाली दे रहा उसी बीच गांव के गंभीर सिंह पुत्र मोतीलाल व उसका भांजा सूरज दोनों लोगों ने उसके लड़के को मारा पीटा जिससे लड़के के कंधे में चोट आई है। उपरोक्त लोगों द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर उचित कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को, तैयारी शुरू




**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है।राष्ट्रीय लोक अदालत में जिन विषयों से संबन्धित वादों का निस्तारण किया जायेगा उनमें प्रिलिटीगेशन स्तर के विवाद,धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई एक्ट),बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद,विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर) व अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद) न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो),आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट),बैंक वसूली वाद,मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाऐ,श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़कर),पारिवारिक विवाद,भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले,राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद (किरायेदारी,सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद,विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि।यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा ने दी है।

### ऑनलाइन डाटा से बच्चों को मिलेगी पहचान संख्या

**कानपुर देहात, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का अब एक पर्सनल एजुकेशन नंबर जारी किया जाएगा। इस पर्सनल एजुकेशन नंबर से बच्चे का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन रहेगा। इसके अलावा इस नंबर के आधार पर ही बच्चे को सरकारी सुविधा मिल सकेगी। यह नंबर विद्यालय के यू डायस कोड के माध्यम से मिलेगा। अब अपने बच्चे का प्रवेश कराने से पहले स्कूल के यू डायस नंबर की जानकारी कर लें। उसके बाद ही किसी भी विद्यालय में प्रवेश कराएं। इसकी अनदेखी न करें। यदि ऐसा किया तो आपके बच्चे का भविष्य बर्बाद हो सकता है। इसके पहले सभी बच्चों का रिकॉर्ड अभी तक रजिस्टरों में रखा जाता था लेकिन अब कक्षा एक से 12वीं तक के स्कूलों का ब्यौरा यू-डायस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा। जो बच्चा जिस स्कूल में दाखिला लेगा उसी स्कूल से उसको पर्सनल एजुकेशन नंबर दिया जाएगा। उसी नंबर के आधार पर उसको दूसरे स्कूल में दाखिला मिलेगा अन्यथा पर्सनल एजुकेशन नंबर नहीं मिलने पर बच्चे का दाखिला फर्जी माना जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने बताया कि यू डायस नंबर भारत सरकार द्वारा जिले में सरकारी स्कूल और मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों को दिया जाता है। अब दाखिला कराते समय बच्चों को विद्यालय द्वारा परमानेंट एनरॉलमेंट नंबर (पेन) दिया जाएगा। बच्चा अगर किसी दूसरे स्कूल में भी ट्रांसफर होता है तो इस पेन नंबर के जरिए बच्चे की पूरी डिटेल देश में कहीं भी शिफ्ट हो जाएगी। इसका उद्देश्य यह है कि अविभावकों को अपने बच्चों के लिए उचित स्कूल का चयन करने में कठिनाई न हो। इस पोर्टल को मुख्य रूप से स्कूलों के फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही इस नंबर के जरिए माता-पिता पोर्टल का उपयोग करके अपने बच्चों के डेटा को बहुत आसानी से ट्रैक कर सकेंगे।

## बक्शे की कुंडी तोड़कर चोरों ने नगदी समेत जेवरों पर साफ किया हाथ

**जंगबहादुरगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> जेवर चोरी के सम्बंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपक राठौर ने बताया कि चोरी हुई ही नही हैं जिसपर पीड़ित शिवम कुमार शक के आधार पर नामजद शिकायत कर रहे हैं उसका पीड़ित के यहां आना जाना था।

बद्दापुर गांव में चोरों का आतंक एक बार फिर चोरों ने घर में घुसकर बक्से की कुंडी तोड़कर पच्चास हजार रुपए कीमत के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पसगवां कोतवाली की पुलिस चौकी जंगबहादुरगंज क्षेत्र के गांव बद्दापुर में शिवम कुमार पुत्र कंधई लाल ने जंगबहादुरगंज पुलिस चौकी पर तहरीर देते हुए बताया कि घर के सभी सदस्य छत सोये हुए थे। सुबह जब जागे तब देखा कमरे में रखा बक्सा की कुंडी टूटी हुई हैं तब जानकारी हुई बक्से में रखा जेवर सोने के एक जोड़ी झाले, सोने का एक पैंडल, चादी की एक जोडी पायल गायब थी। घटना की सूचना पीड़ित ने स्थानीय पुलिस चौकी जंगबहादुरगंज को दी। कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक खीरी को पत्र भेजकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की हैं । बताते हुए चलें कि बद्दापुर गांव में चोरी की यह दूसरी घटना है।

बद्दापुर गांव में चोरी की यह दूसरी घटना हैं इसके पहले भी चंद्रिका प्रसाद के मकान में पीछे से नकब लगाकर एक लाख रुपए की। पीड़ित का कहना था कि स्थानीय पुलिस जेबीगंज ने सूचना दर्ज नही की थी तब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक जनपद लखीमपुर खीरी को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की मांग की हैं।

## कथाकुंज 'स्वर्णिमा' का जून अंक 'पर्यटन' को समर्पित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- विभिन्न पर्यटन, पौराणिक स्थलों पर संजोई है संग्रहणीय जानकारी

यूनिक फील क्रियेशन्स द्वारा प्रकाशित एवं गोविंद गुप्ता द्वारा संपादित कथाकुंज स्वर्णिमा का जून अंक पर्यटन विशेषांक के रूप में निज अंचल, पर्यटन, भ्रमण और अन्य रोचक जानकारियों को संजो कर संग्रहणीय बन गया।



कनिका शर्मा द्वारा परकल्पित सुंदर मुखपृष्ठ युक्त स्वर्णिमा जून अंक में एक ओर जहां विभिन्न पर्यटन स्थलों की रुचिकर जानकारी, स्थान विशेष के विस्तृत परिचय, पर्यटन भ्रमण के अनुभवों को स्थान दिया गया हैं वहीं दूसरी ओर मनोहारी चित्र, काव्य रचनाओं को भी संजोया गया है। स्वर्णिमा पर्यटन विशेषांक में नगर और जनपद लखीमपुर खीरी से संबंधित विशेष संग्रहणीय सचित्र जानकारियों को भी प्रमुख स्थान मिला है जिन्हें समाजसेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त और शिक्षाविद डा. सौरभ दीक्षित द्वारा संजोया गया है।

स्वर्णिमा के पर्यटन विशेषांक में नयनाभिराम अरूणांचल प्रदेश, माया नगरी मुंबई, तीन लोकों से न्यारी काशी, तहजीब -औ- अदब का शहर लखनऊ, प्राचीन इष्टिका पुरी इटावा, तिरुमला स्थित पावन तिरुपति बाला जी, सीतामढ़ी का अद्भुत पंथ पाकर धाम, रोमांचक नाथुला, लुभावने गंगटोक, दिलकश दार्जिलिंग, गुलाबी नगरी जयपुर, माता वैष्णों देवी दर्शन, लेह लद्दाख की हसीन वादियों, त्रयंबकेश्वर और नासिक दर्शन, ब्लैक डायमंड सिटी धनबाद भ्रमण, जिम कार्बेट नेशनल पार्क, पहाड़ों की रानी शिमला, मां गंगा उद्गम स्थल गोमुख और गंगोत्री धाम सहित सरोजिनी अम्मा संग विविध तीर्थों के भ्रमण, घुमक्कड़ी और पर्यटन से बढ़ती चेतना होते ज्ञानार्जन जैसे लेखों और अनुभवों को संकलित, संग्रहित किया गया है।

कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राम मोहन गुप्त द्वारा प्रदान की गईं उपरोक्त जानकारी के अनुसार इकतीस लेखकों, रचनाकारों के योगदान से संपुष्ट कथाकुंज स्वर्णिमा का पर्यटन विशेषांक, निज रोचकता और विविधता के चलते अत्यंत ज्ञानवर्धक और संग्रहणीय बन गया है।

## अकेला पाकर कर दिया गूंगी महिला के साथ दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी शादीशुदा 30 वर्षीय गूंगी और बहरी बेटी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक आदमी पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्जकर जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसकी 30 वर्षीय बेटी गूंगी और बहरी है। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। लेकिन ससुराल वाले उसे नहीं ले जा रहे है। इसलिए वह अपने मायके में ही रह रही है। कोतवाली सदर के गांव महेवागढ़ी निवासी रामचंद्र ने उसकी बेटी को तीन दिन पहले घर में अकेला देख पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने आकर उसी दिन तहरीर दी थी। एसओ कौशल किशोर ने बताया एक लड़की गूंगी और बहरी है। मां की तहरीर पर आरोपी रामचंद्र पर दुष्कर्म मुकदमा दर्ज किया गया है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का आखिरी लीग संपन्न

**हुलासीपुरवा की टीम ने पिरथीपुरवा इलेवन की टीम को तैतीस रन से हराकर दर्ज की जीत**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन के बम्हनपुर में चल रहे स्वर्गीय शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा एवं स्नेहलता वर्मा मेमोरियल नाक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट में आखिरी लीग मैच पिंटू इलेवन हुलासीपुरवा की टीम ने पिरथीपुरवा इलेवन की टीम को तैतीस रन से हराकर मैच जीत लिया। बढ़िया प्रदर्शन के लिए अंकित को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

रामाधीन इंटर कालेज ग्राउंड पर खेले जा रहे स्वर्गीय शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा एवं स्नेह लता वर्मा मेमोरियल नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवां लीग मैच में पिंटू इलेवन हुलासीपुरवा की टीम का मुकाबला पिरथीपुरवा इलेवन की टीम से हुआ। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पिंटू इलेवन हुलासीपुरवा की टीम ने 12 वें ओवर में 96 रन पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिरथीपुरवा की टीम की हालत खराब रही। पूरी टीम 11वें ओवर में 63 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार पिंटू इलेवन हुलासीपुरवा की टीम ने 33 रनों से यह मैच जीत लिया। अंकित ने 14 वालों पर 40 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।



और पहले क्वार्टर फाइनल मैच रविंद्र इलेवन पलिया तथा बजहा इलेवन के बीच खेला गया। रविंद्र इलेवन पलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। रविंद्र इलेवन पलिया ने निर्धारित 14 ओवर में 165 रन का लक्ष्य दिया था बजहा इलेवन की तरफ से ओपनिंग करने आए जसविंदर व मनोज जसविंदर ने 11 गेंद में 22 रन का योगदान दिया। मनोज ने 11 रन बनाएं, संतोष ने 15 रन पूरी टीम 120 बना सकी। इस प्रकार रविंद्र इलेवन पलिया ने 44 रन से मैच जीत लिया सीधे सेमीफाइनल का टिकट कटाया। इस मैच में शाहिद हीरो रहे जिन्होंने धुआंधार पारी खेलते हुए मात्र 28 गेंद में के 65 रन बनाएं मैन ऑफ द मैच शाहिद रहे। अंपायर राकेश अनुज अशफाक सलीम रहे, कमेंट्री का जिम्मा मुकेश गुप्ता व साहिल को दिया गया। स्कोरिंग का जिम्मा मोहित जायसवाल, आचार्य जी राहुल दिया गया। इस मौके पर काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## एक डॉक्टर के सहारे चलता मिला सीएचसी फरधान में जन आरोग्य मेला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के फरधान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर रौनक अफ़रोज मरीजों का इलाज करते हुए मिली। डॉक्टर तुबा की ड्यूटी लगी थी लेकिन वह 11 बजे तक मेले में नहीं पहुंची। सीएचसी अधीक्षक अमित बाजपेयी ने बताया डॉक्टर पी के शुक्ला जेल में ड्यूटी करने गए। डॉक्टर तुबा और डॉक्टर रौनक सीचसी मौजूद थी। डॉक्टर रोशनी बाढ़ पीड़ित ड्यूटी लगी है।

फार्मासिस्ट में यसपाल अरविंद और नरेंद्र मोहन,

लैब टेक्निशियन लल्लन और कुष्ठ रोग विशेषज्ञअपूर्ण मल्होत्रा दोनों वार्डब्वाय की ड्यूटी लगी थी। मेले में कुल 76 मरीजों को देखा। जिसमें बुखार से पीड़ित 18, त्वचा खुजली 2 मरीज, गर्भवती 12, उलटी दस्त 27, शरीर में दर्द 5 मरीज, कमजोरी6 मरीज, कुत्ता काटने वाला एक मरीज, दो मरीज डिलीवरी वाले भर्ती हुए मरीज देखे गए।



## कस्बा कुठौंद में सर्पदंश से युवक की मौत

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कस्बा कुठौंद निवासी असलम खान पुत्र जब्बार खान उम्र करीब 40 वर्ष अपने घर में रात्रि के समय सो रहा था परिजनों द्वारा बताया गया की लगभग रात्रि 3 बजे इनकी रोने की आवाज सुनाई दी देखा वाली की गई जिससे सर्प द्वारा काटने की स्थिति समझ में आई जिसकी सूचना पड़ोसियों को भी दे दी गई और पड़ोसी भी मौके पर आए इसके बाद सर्प दिखाई दिया तब आनन-फानन में रुरा जैतिया में रहने वाले नाथ को



बुलाया और सर्प को पकड़वा दिया सर्प को नाथ अपने साथ ले गए मृतक युवक मांग जांच कर अपने परिवार का जीवन यापन करता था। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र एक पुत्री तथा पत्नी रूबी बेगम को छोड़कर चला गया मृतक के परिवारी जनों द्वारा पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और उसे कब्रिस्तान में दफन कर दिया।

## 26 जून से 2 जुलाई तक चलेगा सत चंडी महायज्ञ एवं वृंदावन धाम की रासलीला कार्यक्रम

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में सत चंडी महायज्ञ एवं वृंदावन धाम की रासलीला कार्यक्रम 26 जून से 2 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। ग्राम अकबरपुर में पंचम श्री महा शत चंडी यज्ञ का आयोजन 26 जून से प्रारंभ होकर 2 जुलाई को समापन भंडारे के साथ किया जाएगा। महाशत चंडी यज्ञ में प्रदेश के महान विद्वान एवं संत भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियो द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता रहा है।

## हैण्डपम्प रिबोर कराने की शिकायत पर गांव में पानी की सप्लाई चौकस दिखा कर लग गई आख्या

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत भीषण गर्मी के दिनों में स्वच्छ पेयजल की सप्लाई देने में भी पीछे है जबकि मुख्यमंत्री दरबार से आई शिकायत में सप्लाई शुरू व व्यवस्थाएं दुरुस्त होने की रिपोर्ट लगा दी गई।

नगर पंचायत के नानकनगर वार्ड के बिहारीपुरवा, छीटनपुरवा, भजनपुरवा सहित गोविंदपूरी वार्ड में पानी की सप्लाई तो पहुँचा दी गई लेकिन यहां के वाशिंदे बून्द-बून्द पानी को मोहताज है। नगर पंचायत बने हुए तकरीबन तीन वर्ष बीत चुके है इसके अलावा ग्राम पंचायत होते हुए भी इन गांवो के लोग स्वच्छ पानी पीने को तरस रहे हैं। वार्ड नानक नगर के दुर्गेश कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर हैण्डपम्प रिबोर कराने के शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें नगर पंचायत ने अनोखी रिपोर्ट लगाकर शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया। दुर्गेश कुमार बस्तीपुरवा नानकनगर ने बताया कि उनके मोहल्ले के लोग इस भीषण गर्मी में स्वच्छ पानी पीने को तरस रहे है। गांव में ही हैण्डपम्प लगा है वह भी नहीं चल रहा है जिसे रिबोर कराने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। वहां से नगर पंचायत से रिपोर्ट मांगी गई जिसमें नगर पंचायत ने अमृत 2 के अंतर्गत 15 वीं वित्त के योजना के अंतर्गत नगर पंचायत ने स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सहित पाइप लाइन का विस्तार होने की रिपोर्ट लगा दी जबकि सच्चाई यह है कि सप्लाई तो दूर की बात यहां के लोग बून्द बून्द पानी को तरस रहे है और ना ही हैण्डपम्प रिबोर कराने की इच्छा जाहिर की है।

# बूंदा बांदी के बाद तेज धूप से लोग बेहाल, बढ़ी उमस

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच रविवार को सुबह ब्लाक बिजुआ के कुछ क्षेत्रों में रिमझिम बारिश से कुछ देर के लिए आमजन को गर्मी से राहत मिली, लेकिन दोपहर बाद चिलचिलाती धूप ने लोगो को बेहाल कर दिया। उमस भरी गर्मी के कारण लोग बिलबिला गए। गर्मी का प्रभाव देर शाम तक बना रहा, इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

क्षेत्र में रविवार की सुबह करीब ग्यारह बजे से हुई रिमझिम बारिश से कुछ देर राहत मिली मगर कुछ मिनटों बाद खिली तेज धूप ने गर्मी के तेवर तीखे कर दिए हैं। हवा न चलने के कारण सूर्य देव की तपिश ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी। इस बीच उमस से लोगों के पसीने छूट गए। तापमान अधिकतम 40 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री पहुंच गया था जो पिछले दिनों से कम रहा फिर भी गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाया। वही हवा पूरी तरह से बंद हो गई और सूरज की तेजी ने हर किसी को पसीना पसीना किया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता जा रहा था, वैसे-वैसे धूप की तपिश असहनीय होती जा रही थी। दोपहर तक तो चिलचिलाती धूप का कहर बरपने लगा। रविवार का दिन होने के बावजूद सड़कों पर चहल-पहल इक्का दुक्का ही रही, पर धूप बीच-बीच में परेशान करती रही। इससे बचने के लिए लोग छाता और गमछा लगाकर आते-जाते देखे गए। गर्मी से बचने के लिए लोग पूरे इंतजाम के साथ निकले। वहीं, बीच-बीच में आसमान में बादलों की आवाजाही से बारिश होने का कयास लगाया जाता रहा, लेकिन गर्मी और उमस की वजह से हर तरफ लोगों को बेहाल होते देखा गया।

# नगर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में लगा बदहाली का ग्रहण

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

- बमुश्किल 12 से 13 घंटे उपभोक्ताओं को मिल रही बिजली

नगर में बिजली व्यवस्था बदहाल हो गई है। बार-बार ट्रिपिंग व फाल्ट के चलते नगर को बमुश्किल 12 से 13 घंटे बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। जिसके चलते नगर के लोग उमस भरी गर्मी में परेशान हैं। परेशान लोगों ने बिजली व्यवस्था में सुधार कराए जाने की मांग की है।

चार दिन पूर्व से नगर की बिजली व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। एक ओर उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पंखे और कूलर का रूख करते हैं। लेकिन बार बार आती जाती बिजली से लोग परेशान हो उठते हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए घरों और दुकानों पर लगे इलेक्ट्रिक उपकरण शोपीस बनते नजर आ रहे हैं। घंटों के हिसाब से हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती से नगर के लोग परेशान हैं। न उन्हें दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात को सुकून नसीब हो रहा है। नगर के वैभव अग्रवाल, विपुल दीक्षित, महेंद्र शिवहरे, अफजाल अहमद बताते हैं कि लेकिन स्थानीय स्तर पर कभी



फॉल्ट बताकर तो कभी अन्य कोई समस्या बताकर बिजली की अंधाधुंध कटौती की जा रही है। उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हैं उन्हें राहत नहीं मिल पा रही है। दिन और रात में जब बिजली आती भी है तो कुछ देर में चली जाती है। कई जगहों पर लो वोल्टेज की भी समस्या आ रही है। ऐसी गर्मी में बिजली से चलने वाले उपकरण ही सहारा ह्रोते हैं लेकिन बिजली की आवाजाही से परेशान होना पड़ता है।

कहा कि शासन से 24 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने के निर्देश हैं। इसके बाद भी बिजली की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। यदि 20 घंटे भी बिजली मिलती है तो लोगों को काफी राहत होगी। उन्होंने नगर में रोस्टर के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। इसको लेकर एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि आंधी के चलते कई जगहों पर पोल टूट गए थे और लाइन गिर गई थी। जिसके कहीं कहीं फाल्ट आदि भी हैं। काम लगातार जारी है, जल्द ही फाल्ट और पोलों को बदलवा दिया जाएगा। लोग परेशान न हों, दो तीन दिन में नियमित बिजली आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।

# चिंताजनक : दो साल में आधा दर्जन आईएएस अफसरों ने छोड़ी नौकरी, लिया वीआरएस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दो साल में भारतीय प्रशासनिक सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति यानि वीआरएस लेने वाले मोहम्मद मुस्तफा छठे अधिकारी हैं। आधा दर्जन आईएएस अधिकारियों का वीआरएस लेना चिंतनीय विषय है।

वीआरएस लेने वाले ज्यादातर अफसरों ने वजह निजी या स्वास्थ्य संबंधी बताई लेकिन बाद में मोटे पैकेज पर निजी क्षेत्र से जुड़ गए। 1995 बैच के यूपी कैडर के आईएएस मुस्तफा ने चार साल बची नौकरी के बावजूद इसी सप्ताह वीआरएस ले लिया। वह प्रमुख सचिव सार्वजनिक उद्यम विभाग थे। 2020 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे मुस्तफा को श्रम आयुक्त बनाया गया था। वे प्रतापगढ़, रामपुर, फतेहपुर और बलरामपुर के डीएम भी रहे। वे निजी क्षेत्र की किसी कंपनी में बड़ी जिम्मेदारी संभालेंगे।

कहते हैं कि साल-दो साल निजी जिम्मेदारी पूरी करेंगे, फिर आगे की सोचेंगे। 2023 में 2003 बैच के आईएएस रिग्जियान सैंफल ने स्वास्थ्य कारणों से वीआरएस लिया था। 2003 बैच के ही आईएएस विकास गोठलवाल का वीआरएस पिछले साल मंजूर हुआ था। उनकी सेवानिवृत्ति 2038 में होती। वे बिल गेट्स फाउंडेशन से जुड़े।

वीआरएस के लिए आवेदन के दौरान वह स्टडी लीव पर विदेश गए थे। 2008 बैच के आईएएस विद्या भूषण ने सेवानिवृत्ति के करीब 15 साल पहले इस्तीफा दे दिया था। उनके भी किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी से जुड़ने की चर्चा रही। 1987 बैच की आईएएस रेणुका कुमार को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से अचानक यूपी वापस भेज दिया गया पर उन्होंने यहां ज्वाइन करने के बजाय वीआरएस ले लिया।

# बिजली उत्पादन में यूपी को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

**अगले तीन साल में 10 नये थर्मल पॉवर प्लांट से पैदा होगी 5255 मेगावॉट बिजली**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश को बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हुई है। इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश धरातल पर उतरने के बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार अगले तीन साल में 10 नये थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए तकरीबन 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोत्तरी करेगी। वहीं 2030 तक प्रदेश की तीन इकाइयों की क्षमता में विस्तार करके 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में जिस 10 नये थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है, उनमें 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2 आगामी सितंबर तक, 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2 आगामी जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई 2024 तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई 2024 तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर 2024 तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3 मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज श्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज श्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएंगी।

इन सभी पॉवर स्टेशन के शुरू होने से प्रदेश में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। राज्य सरकार इसके अतिरिक्त 2030 तक प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट का इजाफा करेगी। इसके अंतर्गत वर्तमान में मौजूद तीन इकाइयों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसमें ओबरा डी-1 को 1600 मेगावॉट, अनपरा ई-2 को 1600 मेगावॉट और मेजा 2 को 1920 मेगावॉट उत्पादन क्षमता तक विस्तारित करना है। उल्लेखनीय है कि मौजूदा वक्त में प्रदेश में स्थापित सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स के जरिए तकरीबन साढ़े 6 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है।

इसके अलावा हाइड्रो, विंड और सौर ऊर्जा सहित अन्य स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन होता है, मगर विगत दशकों में बिजली उत्पादन को लेकर बरती गई उदासीनता के कारण वर्तमान समय में प्रदेश में बिजली की खपत और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। इस वर्ष गर्मियों में प्रदेश में बिजली की डिमांड 30 हजार मेगावॉट से भी अधिक रही है, जिसे अन्य राज्यों और प्राइवेट सेक्टर से खरीदकर 24 घंटे बिजली देने के संकल्प को पूरा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने गोमती में लगाई छलांग, गोताखोरों ने बचाई जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रविवार को एक युवक ने गोमती नदी में छलांग लगा दी। उस दौरान पास में ही मछली पकड़ने बैठे गोताखोरों ने युवक को नदी से खींचकर बाहर निकाला और जान बचा ली। युवक ने बताया कि वह लंबे समय से बीमार चल रही है और जिंदगी से ऊब गया है। फिलहाल पुलिस ने उसकी काउंसिलिंग शुरू की है। जानकारी के मुताबिक मूलरुप से बिहार के छपरा जिले का रहने वाला आदिल रविवार को ही लखनऊ पहुंचा। वह आगरा से बिहार के अपने गांव जा रहा था लेकिन सुबह लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर ही उतर गया। स्टेशन से उसने ऑटो किया और गोमती रिवर फ्रंट पहुंचा। वहां नीले पुल के पास से उसने सीधे गोमती में छलांग लगा दी। मौके पर मछली पकड़ रहे गोताखोर श्रीपाल निषाद की नजर पड़ी। उन्होंने अपने साथी के साथ मिलकर आदिल को बचा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस को आदिल ने बताया वह लंबे समय से बीमार चल रहा है। इसकी वजह से आत्महत्या की इरादे से छलांग लगाई थी।

### जीएसटी काउंसिल के निर्णयों से व्यापारियों को मिलेगी राहत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने जीएसटी परिषद की 53 वी बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस पर ब्याज और जुर्माना समाप्त किए जाने पर संतोष व्यक्त किया तथा राहत की सांस ली। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश संजय गुप्ता ने कहा कि जीएसटी असेसमेंट में जुर्मानों और ब्याज से व्यापारियों का उत्पीड़न अधिकारियों द्वारा किया जा रहा था उन्हें नोटिस देकर कार्यालय बुलाया जाता था, व्यापारियों में बेहद निराशा और दवाब था।उन्होंने कहा शुरू के इन वित्तीय वर्षों के डिमांड नोटिसों पर जुर्माना और ब्याज समाप्त किए जाने से व्यापारियों को भारी राहत मिलेगी। जीएसटी को और अधिक सरल करने की आवश्यकता है। जीएसटी काउंसिल का जीएसटीआर-1ए लाए जाने का भी निर्णय उचित है क्योंकि इससे जीएसटी आर-3बी के अंतर्गत यदि कुछ जोड़ना छूट गया है तो व्यापारी 1 ए के अंतर्गत फाइल कर सकेंगे व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने वित्त मंत्री से शीघ्र अति शीघ्र डीजल और पेट्रोल को भी जीएसटी के दायरे में ले जाने की मांग की ताकि वस्तुओं का लागत मूल्य कम हो सके।

### नीट यूजी परीक्षा रद्द हो, शिक्षामंत्री दें इस्तीफा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चौतरफा दबाव के बाद सीबीआई जांच कराने और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए के महानिदेशक को हटाने का फैसला लिया गया है लेकिन नीट यूजी पेपर लीक , यूजीसी-नेट पेपर लीक, सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित करने जैसे तमाम विवादों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए के चेयरमैन पर किसी तरह कार्रवाई न किया जाना समझ से परे है। संस्था के हेड होने के नाते मुख्य तौर पर जवाबदेह हैं। क्या चेयरमैन को राजनीतिक रसूख की वजह से बचाया जा रहा है ? अभी तक शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए को क्लीन चिट देते हुए पेपर लीक व धांधली के आरोपों को एक सिरे से खारिज करते आए हैं। शिक्षा मंत्री व एनटीए चेयरमैन के पद पर रहते हुए छात्रों को न्याय की उम्मीद कतई नहीं है। युवा मंच ने शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस्तीफा देने और एनटीए चेयरमैन को बर्खास्त करने की मांग की है। इसी परिप्रेक्ष्य में लाखों छात्रों के भविष्य व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से जुड़े इस मुद्दे पर पीएम मोदी से तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया गया है। इ

### साइन्स ओलम्पियाड में सीएमएस छात्रों ने जीते तीन गोल्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों एकाग्र मिश्रा, आराध्या शर्मा एवं अक्षार्श ने नेशनल साइन्स ओलम्पियाड में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन साइन्स ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने गोल्ड मेडल अर्जित कर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया है। श्री खन्ना ने बताया कि भावी पीढ़ी में विज्ञान व गणित के प्रति गहन अभिरूचि विकसित करने के उद्देश्य से यह ओलम्पियाड प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें सी.एम.एस. छात्र भारी संख्या में चुने जाने का कीर्तिमान बना रहे हैं।

### बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष ने आयोजित किया भण्डारा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की भांति आषाढ़ माह के पहले दिन रविवार को बजरंग बली जी का भन्डारा मोती झील कॉलोनी में बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष मालवीय नगर विमल द्वारा आयोजित किया गया बीजेपी अवध क्षेत्र के महामंत्री राजीव मिश्रा, बीजेपी महिला नेत्री व पूर्व पार्षद रीना विक्रम सिंह, पूर्व बीजेपी विधायक प्रत्याशी रजनीश गुप्ता बॉबी, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व सभासद ममता चौधरी, कार्यवाहक इन्स्पेक्टर बाजारखाला एवं सम्मानित पत्रकार अन्य ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। भन्डारा का आयोजन सुबह 11बजे से रात 9 बजे तक लगातार चलता रहा।

# अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे डॉ. मुखर्जी

**कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए व्यापक डॉ. मुखर्जी ने चलाया आंदोलन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अपना बलिदान दिया था। देश 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू किया गया। इसके बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने देश के संविधान में धारा-370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया था।

डॉ. मुखर्जी उस समय उद्योग व खाद्य मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे थे, लेकिन सरकार की मंशा को ध्यान में रखकर उन्होंने पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सिविल



हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा।

कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि ! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने डा. मुखर्जी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद् और महान विचारक थे। राष्ट्र की एकता और विकास में योगदान के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे उपासक थे। प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विधान-एक निशान-एक प्रधान के नायक थे। उनका जीवन दर्शन आज भी अनुकरणीय है। हम सबको उनके जीवन दर्शन और सुकृत्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहिए।

# रोडवेज कर्मचारी टावर पर चढ़ा पांच घंटे किया हाईवोल्टेज ड्रामा

**अधिकारियों के मान-मनौवल के बाद नीचे उतरा संविदा कर्मी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रोडवेज का संविदा कर्मचारी सुसाइड करने के लिए 60 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। करीब 5 घंटे तक हंगामा करने और अधिकारियों के मान-मनौवल के बाद वह नीचे उतरा। सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक रोडवेज अधिकारियों व पुलिस-प्रशासन टीम की धड़कनें बढ़ी रहीं। नीचे उतरने के बाद भी रोडवेज कर्मी ने कहा कि अगर अफसर अब भी नहीं सुधरे तो 100 बार टावर पर चढ़ूंगा। या तो ये मुझे जेल में डाल दें या नियम से काम कराएं। वह सैलरी कटने से नाराज था और अपने परिवार के साथ अलीगढ़ से लखनऊ पहुंचा।

रविवार सुबह वह टॉवर पर चढ़ गया और वीडियो मैसेज से अपनी बातें बताने लगा। रोडवेज अधिकारियों ने घंटों समझाया लेकिन वह नहीं माना। अंत में अधिकारियों ने उसकी डिमांड पूरी करने का आश्वासन दिया, तब वह नीचे उतारा जा सका। जानकारी के मुताबिक अलीगढ़ के अतरौली डिपो में काम करने वाला राजू सैनी मोबाइल टावर पर चढ़ा था। वह अपने परिवार के साथ अलीगढ़ से लखनऊ पहुंचा और सुबह-सुबह जाकर टावर पर चढ़ गया। उसने कहा है रोडवेज के मेरे भाइयों बस एक बार चक्का जाम कर दो। अधिकारियों के होश ठिकाने आ जाएंगे। बोला कि मैं आप लोगों की वजह से मोबाइल टावर पर आत्महत्या के लिए चढ़ा हूं। वहीं, रोडवेज के प्रवक्ता अजीत सिंह का कहना है कि ड्यूटी कम करने की वजह से सैलरी कटी है। इसके चलते यह नाराज होकर कैसरबाग डिपो के पास स्थित टावर पर चढ़ गया है। उसे उतारने की कोशिशें की जा रही हैं। मोबाइल टॉवर पर चढ़े संविदा बस चालक की पत्नी भावना सैनी, बेटा अमन सैनी और बेटी खुशबू सैनी नीचे धरने पर बैठ गए थे। पुलिस, प्रशासन और परिवहन निगम के अधिकारी मनाने लगे तो राजू सैनी ने परिवहन मंत्री को बुलाने की मांग कर दी। लखनऊ आरएम आरके त्रिपाठी का कहना है कि राजू के वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा।

# कॉमन सर्विस केंद्रों की ब्रांडिंग की जाएगी : जितिन प्रसाद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/पीलीभीत।** पीलीभीत में 'वीएलई संवाद' कार्यक्रम में राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय जितिन प्रसाद ने सौ सीएससी वीएलई के साथ मुलाकात की और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल और स्टेट हेड सीएससी राजेश मिश्रा ने राज्यमंत्री का बुकें और अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया।

स्टेट हेड सीएससी राजेश मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि उत्तर प्रदेश में 1 लाख 62 हजार से अधिक सीएससी केंद्र जनता को सेवा दे रहे हैं, जबकि पीलीभीत जनपद में दो हजार से अधिक सीएससी वीएलई सक्रिय रूप से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं में पात्र नागरिकों के पंजीकरण में सहयोग कर रहे हैं। ये केंद्र पीएम स्कीम पंजीकरण, डीबीटी भुगतान, बैंकिंग और आधार सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल ने आश्वासन दिया कि सीएससी योजना



को स्थानीय नागरिकों तक पहुँचाने में सीएससी केन्द्रीय तथा राज्य कार्यालय त्वरित भूमिका निभाएंगे। राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत का जिक्र करते हुए कहा कि उनका यह पहला कार्यक्रम उनके कर्मभूमि पीलीभीत में हो रहा है।

उन्होंने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के अधीन सीएससी कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने, नौजवानों को रोजगार के नए अवसर देने और सीएससी केंद्रों की सेवाओं को बिना किसी कष्ट के जनता को उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस केंद्रों की ब्रांडिंग की जाएगी ताकि स्थानीय नागरिकों को जानकारी हो सके। वीएलई की आमदनी बढ़ाने और स्थानीय लोगों को अधिक सेवाओं का लाभ देने पर भी चर्चा की।

### गरीब परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दे सरकार

**लखनऊ।** भाकपा माले रेडस्टार उत्तर प्रदेश राज्य इकाई ने बिना शर्त किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने की योगी सरकार से मांग की।भाकपा माले रेडस्टार उत्तर प्रदेश राज्य सचिव कामरेड कन्हैया ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ने किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा किया लेकिन सरकार बनने कई महीनों तक कोई राहत नहीं दी गई। किसानों के लगातार विरोध-प्रदर्शन के बाद 50 फीसदी छूट दी गई। लेकिन मुफ्त बिजली देने के वायदे से सरकार मुकरती रही। लोकसभा चुनाव की तारीख के ऐलान से ठीक पहले योगी सरकार ने किसानों को 1 अप्रैल 2023 से फ्री बिजली की घोषणा की लेकिन 7 मार्च को कार्पोरेशन की ओर से एक शर्तनामा जारी हुआ। शर्तों में किसानों को मीटर लगवाना, केवाईसी कराना, बकाया बिल का भुगतान और 7.46 किलोवाट क्षमता की सीमा शामिल है। प्रदेश के 14.5 लाख ट्यूबवैल कनैक्शनधारी किसानों में से एक बड़ी संख्या ऐसे किसानों की है, जिनके कनैक्शन उनके बाप-दादा के नाम हैं, जो इस दुनिया में नहीं हैं। पिछले तीन-चार सालों से विभाग जानबूझकर किसानों के कनैक्शन के लोड मनमाने तरीके से बढ़ाने में संलिप्त हैं।




संगीत जगत की अनेक विभूतियों को मिला उड़ान लता मंगेशकर सम्मान।

# भाजपा प्रवक्ता से ट्रैफिक-इंस्पेक्टर ने अभद्रता की

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी अभद्रता का मामला सामने आया है। शहीद पथ पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर आरोप लगा है। शिकायत के बाद आरोपी इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है।

विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने डीसीपी यातायात को लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने कहा कि 22 जून (शनिवार) मैं परिवार के साथ एयरपोर्ट से घर की तरफलौट रहा था। शहीद पथ पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने मेरी गाड़ी को रोका। ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशुतोष त्रिपाठी ने मेरे और मेरे परिवार के साथ चेकिंग के नाम पर दुर्व्यवहार किया। जिससे मेरे मन और सम्मान को ठेस पहुंची है। भाजपा प्रवक्ता की शिकायत के बाद इस मामले में डीजीपी मुख्यालय ने दखल दिया। लखनऊ ट्रैफिक कमिश्नर ने आरोपी ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशुतोष त्रिपाठी को निलंबित कर दिया। वहीं विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं। भाजपा प्रवक्ता से दुर्व्यवहार की सपा ने निंदा की। सपा नेता शौकत अली ने बयान जारी कर कहा कि यह निंदनीय है। लेकिन भाजपा प्रवक्ता को ये बात तब समझ में आई जब पुलिस ने उन्हें अपमानित किया है। लेकिन उन्हें ये भी सोचना चाहिए है। प्रदेश की जनता हर रोज पुलिस से प्रताड़ित हो रही है। जनता का दर्द सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रवक्ता को सोचना चाहिए कि वो सत्ता में बैठे हैं।

# सभ्यता, संस्कृति व इंसानियत से परे है कांग्रेस की विचारधारा : शर्मा

**शशि थरूर के ट्वीट पर ऊर्जा मंत्री का पलटवार**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा उत्तर प्रदेश के बारे में किए गए अभद्र ट्वीट का करारा जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सभ्यता, संस्कृति व इंसानियत से परे है, जिस प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में उन्हें जीवनदान दिया, चुनाव खत्म होते ही उस प्रदेश का अपमान करना शुरू कर दिया।

साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस कितना मौकापरस्त और अवसरवादी है। श्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और उनके नेताओं द्वारा किए गए खोखले वादें और दावे क्या थे और चुनाव खत्म होते ही कांग्रेस की सोच और नियत को उनके ही एक नेता शशि थरूर ने अपने ट्वीट के माध्यम से जाहिर कर दी। जिस प्रदेश की जनता ने उन्हें जीवनदान देकर लोकसभा की 06 सीटें दी हो, उनका धन्यवाद तो नहीं किया। अपमान करना शुरू कर दिया। शशि थरूर से कुछ बेहतर उम्मीद नहीं जा सकती, लेकिन यूपी के बारे में उनका आज का व्यंग पूरे प्रदेश और प्रदेशवासियों का घोर अपमान है। जिस प्रदेश की जनता ने पहले भी इनके अनेक नेताओं को पाल-पोस कर प्रधानमंत्री और सरकार का मुखिया बनाया। उसी प्रदेश और वहां की जनता के लिए कांग्रेस ने किया तो कुछ नहीं, मगर अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### संजय निषाद ने की अमित शाह से भेंट

**लखनऊ।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन विभाग के मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद दिल्ली पहुंचे और देश के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गृहमंत्री को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने व उनके दूसरी बार गृह एवं सहकारिता मंत्री बनने की बधाई व सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।श्री निषाद ने बताया कि गृहमंत्री उत्तरप्रदेश में होने वाले उपचुनाव के संबंध में निषाद पार्टी की भूमिका को लेकर भी वार्ता हुई है। मछुआ समुदाय के आरक्षण के मुद्दे को आज पुनः गृहमंत्री के समक्ष रखा। गृहमंत्री ने आरक्षण के मुद्दे को जल्द हल करने का आश्वासन दिया है। उत्तरप्रदेश में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चर्चा हुई है, इस दौरान संतकबीरनगर से पूर्व सांसद प्रवीण निषाद भी मौजूद रहे।

**सौगात** | फिरोजाबाद को दी 47.47 करोड़ के ग्लास म्यूजियम का तोहफा

# फिरोजाबाद के विकास में नहीं होगी कोई कोताही : जयवीर

**लखनऊ/फिरोजाबाद।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को फिरोजाबाद कलैक्ट्रेट परिसर में पूजन कर 47.47 करोड की लागत से निर्मित होने वाले ग्लास म्यूजियम एवं पर्यटन सूचना केन्द्र की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री का कांच से जुडे् उद्योगपतियों, नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने जोरदार स्वागत किया। जनसभा को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि फिरोजाबाद कांच उद्योग का केंद्र है, जिसे ''भारत का कांच शहर'' भी कहा जाता है, अपने जीवंत कांच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। फिरोजाबाद में कांच निर्माण की एक समृद्ध विरासत है, जो कई शताब्दियों पुरानी है। इसकी कांच फैक्ट्रियां विभिन्न प्रकार के कांच उत्पादों का उत्पादन करती हैं, जिनमें उत्तम झूमर



और लैंप से लेकर जटिल चूड़ियाँ और सजावटी वस्तुएँ शामिल हैं। परियोजना का उद्देश्य न केवल फिरोजाबाद में कांच बनाने की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित करना है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर शिक्षा, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करना है। प्रदर्शन क्षेत्रों, दीर्घाओं, ऑडिटोरियम और एक पर्यटन केंद्र का एकीकरण आगंतुकों के लिए एक बहुमुखी अनुभव ही सुनिश्चित नहीं कराऐगा बल्कि फिरोजाबाद के कांच उद्योग के महत्व और सुंदरता को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करेगा।पर्यटन मंत्री ने इस परियोजना के बारें में बताया कि 450 सीटिंग क्षमता का एक ऑडिटोरियम हॉल, 150 व्यक्ति की क्षमता का एक बहुउद्देशीय हॉल, एक प्रदर्शनी कक्ष, 50-75 व्यक्ति की क्षमता का कार्यशाला क्षेत्र, एक वॉच टावर, 120 व्यक्ति की क्षमता का कैफेटेरिया, 150 व्यक्ति की क्षमता का ओपन एयर थिएटर, बडी क्षमता वाले सम्मेलन कक्ष का पर्यटक सूचना केंद्र का बैठक कक्ष, कार्यालय के साथ ही ठहरने की सुविधाएं, चाहरदीवारी और अन्य साइट विकास कार्य किए जायेंगे उन्होने पर्यटन के एमडी को म्यूजियम के कार्य पूर्ण होने का समय तय कराते हुए पूंछ कि यह परियोजना जनपद वासियों को कबतक सौंप दी जाएगी जिस पर एमडी ने बताया कि एक वर्ष में जून 2025 को परियोजना पूरी कर फिरोजाबाद की जनता को सौंप दी जाएगी। मंत्री ने मंच से ही कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में परियोजना पूरी करने में कोई कोताही न बरती जाए, इसके लिए धन की कमी न होने दी जाएगी। उन्होने बताया कि पिछली वित्तीय वर्ष में फिरोजाबाद के लिए पर्यटन विभाग द्वारा 165 करोड़ के विभिन्न कार्य हुए है। फिरोजाबाद के विकास में कोई कोताही नहीं होगी। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरख योजनाओं के लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास की चाबी, विद्यार्थियों को टेबलेट, कृषि विभाग के लाभार्थियों को चेक आदि वितरण किए गए।

कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक मनीष असीजा, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, महापौर कामिनी राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष राकेष शंखवार, ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत, जिलाधिकारी रमेश रजंन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित व मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने भी जनसभा को सम्बोधित करते हुए इस बडी परियोजना के लिए पर्यटन मंत्री की सराहना करते हुए जनपद वासियों को इसके अनेकों लाभ बताए और जनपद में पर्यटन को बढ़वा मिलने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के अवसर पैदा होने की जानकारी दी।

# नदी में डूबे दो युवकों के शव बरामद

- 18 घंटे के बाद एक किलोमीटर दूर मिले शव



गदागंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को गंगा नदी में नहाने गए तीन युवक में से दो युवक गंगा नदी में डूब गए थे जिनका शव आज सुबह लगभग 1 किलोमीटर दूर बरामद किया गया दोनों युवकों के शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया मामला गदागंज क्षेत्र के अन्तर्गत पयागपुर गंगा घाट का था जहां नदी में नहाने गए तीन युवक में से दो युवक सिमरा पुत्र तौहीद उम्र लगभग 20 वर्ष, व शान निवासी मखदूम पुर जो गंगा में नहाते समय गहरे पानी में जाने से डूब गए थे गोताखोर ने गंगा में डूबे युगों की बहुत तलाश की लेकिन उनका पता नहीं लग पाया है जिलाधिकारी के प्रयास से एसडीआरएफ की टीम ने आज सुबह गंगा में डूबे दोनों युवकों के शव को लगभग 1 किलोमीटर दूर बरामद कर लिया, दोनों युवकों के शव मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नदी में डूबने से पहले लड़कों ने बनाया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पयागपुर गंगा घाट पर गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबे दो युवकों की मौत का वीडियो आया सामने, अपनी मौत से पहले बनाए गए वीडियो में तीनों युवक कह रहे हैं कि यह तौहीद,शान व फहद हम लोग गंगा नहाने जा रहे हैं और आज जाएगी मेरी जान यही नहीं वायरल वीडियो में तीनों युवक जिस मोटरसाइकिल से गए रहे थे उसको भी अपना जनाजा बताया था, कल गंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में जाने से तीनों युवक डूब गए थे जिसमें एक की जान बच गई थी वहीं दो युवक शान व तौहीद गंगा में डूब गए थे जिनके शवों को एसडीआरएफ की टीम ने 18 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गंगा से बाहर निकाला था, वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में अलग-अलग तरह से चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है।

# अवैध वसूली करने गई बिजली विभाग की टीम को दौड़ा दौड़ा कर पीटा, अवर अभियंता समेत चार घायल

ऊंचाहार-रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रविवार की प्रातः चार बजे विद्युत कनेक्शन की जांच करने गई टीम पर ग्रामीण ने हमला कर दिया। पूरी विद्युत टीम को दौड़ा दौड़ा कर लाठियों से पीटा गया। जिसमें अवर अभियंता समेत कुल चार कर्मचारी घायल हुए हैं। जेई ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है।यह घटना कोतवाली क्षेत्र के सरगपुर डिहवा गांव में हुई है।

बताया जाता है कि यह पूरा क्षेत्र बकुलाही झील से घिरा हुआ है। क्षेत्र के किसान झील से पानी लेने के लिए बिजली कनेक्शन जोड़कर मोटर द्वारा झील का पानी खेत में लाते है। बिजली विभाग के लोग रात दिन घूम घूम कर किसानों से वसूली करते हैं। इसी वसूली के चक्कर में यह घटना हुई है।

रसूलपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अवनीश कुमार का कहना है कि वह प्रातःकाल पूरी टीम के साथ सरगपुर डिहवा गांव चेकिंग करने गए थे गांव के चंद्रिका प्रसाद को अवैध विद्युत कनेक्शन संचालित करते पकड़ा गया। इसमें कार्रवाई की जा रही थी कि चंद्रिका, उसकी पत्नी और उसके बेटे राम मूरत व शिव मूरत में विद्युत टीम पर लाठी डंडा लेकर हमला कर दिया। पूरी टीम को दौड़ा दौड़ा कर खूब पीटा गया। इस दौरान विद्युत टीम का मोबाइल फोन तक तोड़ डाला गया। इस मारपीट में अवर अभियंता अवनीश कुमार के दाहिने हाथ में गंभीर चोट लगी है। जबकि अन्य विद्युत कर्मचारियों में रमजान, संतोष और किशन भी घायल हुए हैं। घायलों का सीएचसी में इलाज कराया गया है। अवर अभियंता ने मामले में चार लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा और मारपीट की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है, आरोपितों की तलाश जारी है।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे फाटक बंद होने को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना



बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। स्थानीय विकासखंड अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज रेलखंड पर खैरहनी ग्राम के निकट स्थित रेलवे फाटक बंद होने की विभागीय अधिसूचना के बाद ग्राम वासियों के अंदर आक्रोश की लहर दौड़ गई है। फाटक बंद न होने के लिए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री दिव्यांशु जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा, रेलवे फाटक पर धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया गया। और साथ ही साथ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर उक्त आदेश को वापस लेने की मांग की गई। दिए गए पत्र में, अवगत कराया है कि उक्त रेलवे फाटक ग्राम सभा कन्नावा से राजस्व ग्राम खैरहनी के कई गांवों को जोड़ने का साधन है। यही नहीं इसी मार्ग से होकर क्षेत्र के ग्रामीण लखनऊ व रायबरेली तथा अन्य शहरों के लिए जाते हैं। तथा इसी क्रॉसिंग से सैकड़ों किसानो के कृषि यंत्रों का आवागमन होता है। अगर उक्त मार्ग को बाधित कर दिया गया तो ग्रामीणों के समक्ष भयंकर समस्या पैदा हो जाएगी। साथ ही साथ इस खबर के प्रसारित होते ही ग्रामीणों में भयंकर आक्रोश व्याप्त हो गया। लगभग एक दर्जन से अधिक हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र देखकर तत्काल प्रभाव से रेलवे फाटक संख्या 172 सी को बंद करने का आदेश वापस लेने की मांग की गई है।

### दो पर अभियोग पंजीकृत

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। वादिनी कोमल मौर्य पुत्री गया प्रसाद मौर्य निवासी पंडित का पुरवा मजरे मदीनपुर थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा दी गई तहरीर पर वादिनी के फूफा शिवराम मौर्य के साथ मारपीट करना गाली गलौज देना वादिनी के साथ छेड़छाड़ की नीयत से कपड़े फाड़ देना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में अरविंद तिवारी पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ तिवारी छोटू तिवारी जगन्नाथ तिवारी निवासी पंडित का पुरवा मजरे मर्दनपुर थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### ईद-ए-गदीर पर महफिल आज

इटावा, समृद्धि न्यूज। ईद ए ग़दीर के ख़ुशनुमा मौके पर राहत अक़ील शक्कन भाई की ओर से आज 24 जून दिन सोमवार को रात ठीक 8:30 बजे शरीफ़ मंज़िल सैदबाड़ा इटावा में मौलाना अनवारूल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा की अध्यक्षता में महफ़िल का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने देते हुए बताया कि ईद ए ग़दीर पर आयोजित महफ़िल में शायरे एहलेबैत मौला अली की शान में बेहतरीन कलाम पेश करेंगे। महफ़िल के संयोजक राहत अक़ील शक्कन एवं अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने समस्त मोमनीन से महफ़िल में शिरकत करने की अपील की है।

### प्रधानाचार्यों को शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने की जरुरत

इटावा, समृद्धि न्यूज। ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय में ज्ञान स्थली ग्रुप के प्रधानाचार्यों का शैक्षिक सेमीनार सम्पन्न हुआ।ज्ञान स्थली ग्रुप के प्रबंधक शिवप्रसाद यादव ने आवासीय विद्यालय में अपने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दो दिवसीय सेमीनार में शैक्षिणक गुणवत्ता में और अधिक सुधार लाने के लिये अपने अपने विचार रखने के लिये आमंत्रित किया। सेमीनार का शुभारंभ करते हुये विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रसाद यादव एवं उप प्रबंधक विनीत यादव ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। तत्पश्चात डा. प्रमोद कुमार एवं डा.मुखर्जी ने प्रबंधक एवं उप प्रबंधक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रधानाचार्यों को बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये शिव प्रसाद यादव ने कहा कि अपने शैक्षिक वातावरण को प्रत्येक दशा में उच्च कोटि का बनाना है तथा बच्चों के सर्वांग्रीण विकास को ध्यान में रखते हुये नीतियों का निर्धारण जरूरी है।कार्यक्रम में विनीत यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को रटने से ज्यादा समझने पर जोर दिया जाना चाहिये जिससे उनको अधिक फायदा हो।इस अवसर सभी प्रधानाचार्यों ने भी अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये।प्रबंधक शिव प्रसाद के दिशा निर्देशन में विस्तृत विचार विमर्श के बाद एक नयी पालिसी तैयार की गयी जिसको इस सत्र में लागू किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रधानाचार्य डा.प्रमोद कुमार, रामपाल सिंह,मनोज सेंगर,विनय कुमार उपाध्याय,राजीव नयन श्रीवास्तव, सजीमोन, पंकज शर्मा,उपमा सक्सेना, मुखर्जी, अनूप चौधरी,सरिता शामिल हुए।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रामपाल सिंह ने किया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश के लिए बलिदान दिया : शरद

इटावा, समृद्धि न्यूज। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावुक होते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही भारत में दो विधान, दो संविधान जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए पहल करते हुए आंदोलन किया और मांग की कि इस देश में दो विधान, दो संविधान नहीं चलेंगे उन्होंने कहा था कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। शरद बाजपेयी ने कहा कि जब पूरे बंगाल को पाकिस्तान में मिलाने का षड्यंत्र चल रहा था तब डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसके खिलाफ वृहद रूप से आंदोलन किया था और उनके आंदोलन की वजह से ही पाकिस्तान को सिर्फ आधा बंगाल ही मिला, शरद बाजपेयी ने कहा कि अभी तक कश्मीर की जो समस्या रही उसकी जिम्मेदार सिर्फ कांग्रेस है जिसने धारा 370 एवं 35 ए नहीं हटने दी, और कश्मीर को भारत से अलग रखा, आज मोदी जी ने धारा 370 व 35 ए को समाप्त कर डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत के सपने को साकार किया है, उन्होंने 1953 में देश में कश्मीर के पूर्ण विलय हेतु दिल्ली में सत्याग्रह प्रारंभ किया जिसमें 11मई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सत्याग्रह पूर्वक जम्मू कश्मीर परमिट सिस्टम को तोड़कर लखनपुर में प्रवेश किया और उनके साथ आए युवा नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी से कहा कि जाओ अटल दुनियां को बताओ कि श्यामप्रसाद ने परमिट सिस्टम को तोड़ दिया है। महाराजा हरिसिंह के जम्मू कश्मीर के भारत में विलय के बावजूद नेहरू जी और शेख अब्दुल्ला के समझौते के तहत अनुच्छेद 370 पूर्ण विलय में बाधा बन गया था, यहां तक की राज्य में प्रवेश के लिए परमिट लेना पड़ता था। शरद बाजपेयी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान से राष्ट्रवादी ताकतों की मुहिम को बल मिला था।

## अपना दल एस ने अनुप्रिया पटेल का किया अभिनंदन



इटावा, समृद्धि न्यूज। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीया अनुप्रिया पटेल जी के लगातार तीसरी बार केन्द्रीय मंत्री बन अपना दल (एस) का मान बढ़ाने पर पार्टी के कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया। इसी कड़ी में इटावा निवासी प्रमुख समाज सेवी तथा अपना दल एस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरी शंकर पटेल ने अनुप्रिया पटेल को भारत सरकार में स्वास्थ और परिवार कल्याण तथा केमिकल और फर्टिलाइजर विभाग का मंत्री बनाए जाने पर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। इसके बाद अपना दल एस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ समीक्षा बैठक हुई जिसमें पार्टी को राबर्ट्स गंज में मिली हार पर सामूहिक रूप से तय होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अनुप्रिया पटेल द्वारा तत्काल निर्णय लेते हुए पार्टी के सभी मंचों सहित उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश राज्य से सम्बंधित समस्त प्रदेश / क्षेत्रिय / जिला / विधान सभा स्तर की समस्त कमेटियाँ तत्काल प्रभाव से भंग की गईं । लेकिन यह भी निर्णय लिया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी भंग नहीं होगी। अब पार्टी के सक्रिय व समर्पित कार्यकत्ताओं को ही विभिन्न पदों पर आसीन होने का अवसर प्राप्त होगा।

# कोयला झोंकते समय जलते ईंट भट्ठे के अंदर गिरे श्रमिक की जलकर मौत

ऊंचाहार-रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रोजी रोटी के लिए ऊंचाहार से मेरठ गए श्रमिक की ईंट भट्ठे में जिंदा जलकर मौत हो गई है । यह हादसा उस समय हुआ जब वह ईंट भट्ठे में कोयले की झोंकाई कर रहा था। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। परिजन मेरठ के लिए रवाना हो गए है।

यह हादसा रविवार की सुबह हुई है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलरिहा निवासी राम औतार का बेटा श्रवण कुमार ( 25 वर्ष ) रोजी रोटी के लिए मेरठ गया था । वहां वह ईंट भट्ठे पर कोयला की झोंकाई का काम करता था

रविवार की सुबह वह ईंट भट्ठे में ऊपर से जलते भट्ठे में कोयला झोंक रहा था। बताया जाता है कि कोयला झोंकाई के लिए बनाया गया पाया अचानक टूट गया। जिससे श्रवण कुमार जलते भट्ठे के अंदर गिर गया और जिंदा भट्ठे में जल गया।

घटना से भट्ठे में हड़कंप मच गया। साथी श्रमिको ने किसी प्रकार उसे भट्ठे से बाहर निकाला किंतु, तब तक उसका आधा शरीर पूरी तरह जल चुका था। इस हादसे की सूचना इसके साथियों ने उसके परिजनों को दी तो घर में कोहराम मच गया। परिजन मेरठ के लिए रवाना हो गए है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, गृहस्ती जलकर राख



बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से गरीब का आशियाना जलकर खाक हो गया है। जिसमें रखी घर की घरेलू सामान सहित समस्त गृहस्ती जलकर खाक हो गई है ।जानकारी के अनुसार अमित कुमार पुत्र जगदेव निवासी सरैया मजरे सेहगो थाना बछरावां का रहने वाला है। जिसके घर पर रखा अनाज ,रिक्शा ,साइकिल सहित घर की समस्त घरेलू प्रयोग किए जाने वाली वस्तुएं जलकर खाक हो गई। पीड़ित गरीब का आशियाना जलकर खाक हो गया है। जबकि पूरा परिवार छप्पर के नीचे जीवन यापन करता था। गरीब का आशियाना जलने से पूरा परिवार सदमे में है। पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी होते ग्रामीण द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन तब तक घर का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया है। जानकारी पर पहुंचे पूर्व प्रधान शिव शरण मास्टर द्वारा पीड़ित परिवार को ढाढस बधाया गया। और क्षेत्रीय लेखपाल से जांच कराकर सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# ट्रक ने एंबुलेंस को मारी टक्कर, तीन घायल

- एक की हालत गंभीर
- लखनऊ मरीज छोड़कर रायबरेली जा रही थी एंबुलेंस

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



जनपद के लखनऊ-प्रयागराज नेशनल हाईवे 30 पर आज यानि रविवार सुबह एंबुलेंस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गयी है। हादसे में एंबुलेंस ड्राइवर समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक की हालत को गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जबकि दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक ये हादसा शहर कोतवाली के त्रिपुला चौराहे के पास में हुआ। लखनऊ से मरीज छोड़कर वापस आ रही एम्बुलेंस को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में गनीमत ये रही कि एम्बुलेंस में कोई मरीज सवार नही था, लेकिन एम्बुलेंस में सवार दो एमटी और चालक घायल हो गए। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में घायलों का इलाज करने वाले डॉक्टर एसके सिंह ने बताया कि 108 एंबुलेंस लखनऊ पेसेंट छोड़कर वापस लौट रही थी, जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुला चौराहे के पास पहुंची थी, इसी दौरान एंबुलेंस हादसे का शिकार हो गयी। हादसे में एंबुलेंस चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल से आदित्य दुबे को हेडइंजरी होने के कारण लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफेर कर दिया गया जबकि दो लोगों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बुजुर्ग दंपत्ति को जमकर पीटा, तीन पर दर्ज हुआ मुकदमा



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बुजुर्ग दंपत्ति को जमकर पीटा मरणासन्न हुआ बुजुर्ग पुलिस ने मेडिकल कराकर दर्ज किया मुकदमा। रामलली पत्नी देवतादीन निवासिनी ग्राम पुरे उदई मजरे कैर थाना महराजगंज जिला रायबरेली मने लिखित तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 23 6.2024 को सुबह लगभग 7॰00 बजे की है प्रार्थिनी अपने दरवाजे ईट लगाए हुए थी। जिसको विपक्षीगणों ने रात में उठाकर दूसरे स्थान पर रख दिया सुबह होने पर प्रार्थिनी ने पूछा कि हमारे ईट किसने हटाया तो विपक्षीगणों ने कहा हम लोगों ने ईंटों को हटवाया है इसके बाद विपक्षीगणों ने प्रार्थिनी व उसके पति को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया फिर एक राय होकर धारधार हथियारों से लैस होकर प्रार्थिनी व उसके पति को पीटा तथा गंभीर रूप से घायल कर दिया ऐलानिया धमकी दिया कि कोई भी कानूनी कार्रवाई किया तो जान से मार दूंगा। विपक्षीगण की मार से प्रार्थिनी व उसके पति को गंभीर चोटे आई हैं जिसका मेडिकल परीक्षण करवा कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की कृपा की जाए वहीं कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग दंपति का मेडिकल कराकर रामू पुत्र गोपी मंसाराम पुत्र रामेश्वर आशा पत्नी रमेश निवासीगढ़ पूरे उदई मजरे कैर थाना महराजगंज के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक किशोरी समेत तीन घायल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बीते शनिवार की देर रात लगभग 9:00 बजे के आसपास दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक किशोरी सहित तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना गजियापुर गांव के रहने वाले रामसेवक पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल उम्र लगभग 45 वर्ष अपनी भतीजी सलोनी पुत्री स्वर्गीय राम सजीवन उम्र 12 वर्ष के साथ साइकिल से अपने घर जा रहे थे । तभी पड़ोस के ही गांव मेहरबान खेड़ा निवासी बाइक सवार युवक साहिल पुत्र दीपक चंद्र उम्र लगभग 22 वर्ष बाइक से आ रहा था। गजियापुर गांव के पास ही दोनों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनों घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रामसेवक व साहिल की स्थिति को गंभीर देखते उन्हे हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैद्य वही दूसरी घटना मे राजामऊ निवासी



युवक हिमांशु पुत्र सुन्नूलाल उम्र लगभग 22 वर्ष साइकिल से अपने घर वापस जा रहा थाद्य तभी बछरावां मौरावा मार्ग पर बबुरिहा खेड़ा गांव के पास पीछे से एक अज्ञात बाइक सवार ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गयाद्य अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक सवार अपनी बाइक समेत मौके से फरार हो गया। घायल को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। पर युवक के सिर पर गंभीर चोट होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया की घटनाओं की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# आत्महत्या के लिये उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना फ्रेंण्डस कालोनी पुलिस ने आत्महत्या के लिये उकसाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

वादिनी आशा देवी पत्नी सोनू कुमार निवासी नारायण अड्डा न्यू कालोनी थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर सूचना दी गयी कि वादिनी की बेटी ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है । घटना के संबंध में थाना फ्रैण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा गहनता से जांच की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रेम संबंध के चलते वादिनी की पुत्री द्वारा आत्महत्या की गयी है। थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा भरथना चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा आरोपी शनि पुत्र अरविन्द कुमार निवासी तुलसी अड्डा थाना फ्रेण्डस कालोनी को भरथना ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में मकान मालिक वीके टेलर उर्फ बालकिशन तथा शिवम शाक्य का नाम प्रकाश में आया है जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। दिवाकर प्रसाद सरोज प्रभारी थाना फ्रेण्डस कालोनी इटावा, निरी. अपराध धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, हे.का. रविशंकर, चालक हे.का. प्रवीण कुमार, म.का. दिव्या शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### महिला की जमीन पर कब्जा करना व गाली गलौज करना बड़ा महंगा, दो पर दर्ज हुआ मुकदमा

महराजगंज रायबरेली। वादिनी गुड़िया पत्नी बबलू मोर्य निवासी ग्राम टूक थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा दी गई तहरीर पर रामू पुत्र जगदीश श्यामू पुत्र जगदीश निवासीगढ़ ग्राम टूक थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध वादिनी की भूमि पर अवैध कब्जा करना तथा गाली गलौज देने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी को किया नमन



डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। महान शिक्षाविद्, चिन्तक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई रविवार 23 जून को नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में कार्यालय बूथ संख्या 412 डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कोलकता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के उप कुलपति थे उन्हे एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के संकल्प के अगुवाकार के रूप में जाना जाता है उनका भारत के विकास में बड़ा योगदान माना जाता है बताते चले की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 23 जून 1953 को कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी तब से इस दिन को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा इस मौके पर बृजेश दत्त गौड़ अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ,आनंद त्रिवेदी मन्ना त्रिपाठी,शोहराब अली, बबलू पांडे,दीपू जयसवाल,परून यादव,शिवाकांत मिश्रा अनंत श्रीवास्तव ,पुकुन शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी आशीष श्रीवास्तव,आलोक द्विवेदी पप्पू सोनकर, अंकित पांडे , प्रेम शुक्ला, हनुमान त्रिपाठी, जीवन लाल मिश्रा, शिव प्रसाद साहू, शैलेंद्र अग्रवाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार मन्डल की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

इटावा, समृद्धि न्यूज।

उद्योग व्यापार मन्डल इटावा की नगर व जिला ईकाई की बैठक अनन्त अग्रवाल के आवास पर हुई।

बैठक में जिला अध्यक्ष अनन्त अग्रवाल महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे जनपद में व्यापारियों का पुलिस उत्पीडन कर रही है। शिकायत करने पर उच्च अधिकारी जांच कराने का भरोसा देकर व्यापारियों के गुस्से को शान्त कार देतेहै लेकिन थाना चौकी की कार्यशैली में कोई परिवर्तन नही आ रहा।

बिजली बिभाग द्वारा की जा रही काफी लम्बे समय से लाइर मेन्टीनेन्श केनाम पर घंटों सपालाई बन्द रखने से बाजारो में व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहे है । जानकारी करने पर सही जानकारी नही दी जाती उल्टे अधिकारी उपभोगताओं को चोर बताते हैं।



बैठक में जी एस टी विभाग द्वारा काफी समय से बैठक न बुलाना तथा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान न करना आदि पर चर्चा हुई। अनन्त अग्रवाल ने कहा कि हर तीन बर्ष में कस्वों से लेकर प्रदेश स्तर पर संगठन के चुनाव होते है और पुनः संगठन का गठन होता है। सितम्बर में आगरा में प्रदेश संगठन का चुनाव होगा इसी बीच प्रदेश में हर कस्वों में संगठन के चुनाव होने हैं। 30 जून दिन रविवार को संगठन के पदाधिकारी सुबह आठ बजे उदी, हनुमंन्तपुरा, चकरनगर, लखना, बकेवर, महेवा व इकदिल कस्वों का दौरा करके पुनः सर्वसंमति से कस्वों की ईकाइयों का गठन करेगे। और वहां के व्यापारियो से भेंट कर अगर उनकी कोई भी समसूयाऐं होगी जानकारी कर दूर कराने का कार्य करेगे किसी भी दशा में व्यापारियों का उत्पीडन नहीं होने देगे। बैठक में गुरुभेज सिह भेजा, रवि शंकर अग्रवाल, अशोक सिंह चौहान, शिवाकात दुवे, शिवेन्द्र मिश्रा, सुनील जैन, प्रत्यूष वर्मा, राम मनोहर दीक्षित, मनीष जैन, शिव नन्दन सिंह भदौरिया, यूनुस अंसारी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्टार आइकॉन के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित

इटावा, समृद्धि न्यूज।

डिफ्ट फेशन हाउस द्वारा स्टार आइकॉन ऑफ़ इटावा शो का आयोजन शहर के माया मैरिज होम में किया गया।

कार्यक्रम की संयोजिका एवं व्यापार मंडल की महिला जिला महामंत्री दीपिका गुप्ता, सह संयोजक फरमान खान, दीपाली चौहान, अदनान और ज़ैद में बताया प्रतियोगिता को तीन केटेगरी में आयोजित किया गया जिसमे डांस, मॉडलिंग और सिंगिंग थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के प्रदेश महासचिव आकाशदीप जैन, भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष



दीपक गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष आकांक्षा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। डान्स प्रतियोगिता जूनियर की विजेता मिस्टी, द्वितीय स्थान पर प्रथा एवं तृतीय स्थान पर अर्जुन रहे सांत्वना पुरस्कार इशाना तिवारी, एकांशी को दिया गया।

सीनियर केटेगरी में प्रथम दिव्या, द्वितीय अर्पिता, तृतीय आयुषी तिवारी रही सांत्वना पुरस्कार कश्वि और जेसमीन को दिया गया।मॉडलिंग में जूनियर कैटेगरी में प्रथम बाबर, द्वितीय नूपुर, तृतीय अंश रहे। फीमेल मॉडल में प्रथम खुशी, द्वितीय चंचल एवं तृतीय स्थान पर शगुन रही । पुरुष मॉडल मै प्रथम रेहान द्वितीय हिमांशु एवं तृतीय गुरु रहे।

सिंगिंग में प्रथम दिव्या द्वितीय मानिकर्निका और तृतीय पूजा रही।प्रतियोगिता की निर्णायक मण्डल में दीसी बाजपेई, अनुज यादव, निष्कर्ष तिवारी और साहिल कुरैशी रहे। जनपद की यह पहली प्रतियोगिता थी जिसमे ऑडियांस पोल द्वारा निर्णय किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक दीपक राइस मिल, ब्लू अम्ब्रेला, मून लाइट, आमिर फिटनेस सेंटर ने विशेष सहयोग किया।

# सभासद प्रतिनिधि ने वार्ड में लगवाए वाटर कूलर

इटावा, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद इटावा के सभासद प्रतिनिधि अरुण यादव ने अपने वार्ड वासियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर वार्ड में जगह-जगह शीतल वाटर कूलर लगवाया है।इस उमस भरी गर्मी में लोगों को अब शुद्ध पेयजल सुलभ होगा।

वार्ड के सभासद प्रतिनधि अरुण यादव ने बताया कि वार्ड के मोहल्ला कांशीराम कालौनी तथा बाईस ख्वाजा में वाटर कूलर लगवाया है।इन वाटर कूलरों से कांशीराम कालौनी, टी.वी. हॉस्पीटल कालौनी,चीलगढ़ की तरफ से आने जाने वाले लोगों को ठण्डे पानी का




आनंद मिलेगा। इसके आवश्यकतानुसार जहां आम लोगों की आवाजाही अधिक होती है उस स्थान को भी चिन्हित किया जा रहा है और वहां भी वाटर कूलर लगाकर आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलबध करवाया जायेगा।

# भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महान राष्ट्रवादी, शिक्षाविद् व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मण्डल महोबा के बूथ क्रमांक 117 में जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए देश के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे सपूत का बलिदान हुआ, जिनके संकल्प से कश्मीर में धारा 370 हटी। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी विद्वान, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल परंपरा संस्कृति के पुजारी थे और उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। आज हम सभी कहते हुए प्रसन्न हैं। धारा 370 हटाने के लिए, डॉक्टर साहब ने जो बलिदान दिया था हमें गर्व है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उस संकल्प को पूरा किया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रविंद्र महेंद्र, जिला मीडिया प्रभारी सत्येन्द्र प्रताप, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रशांत गुप्ता, जिला कार्यालय प्रमुख प्रभारी संतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता बूथ अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ईश्वर दयाल, पूर्व सभासद संजय गुप्ता, विद्यार्थी परिषद के पूर्व पदाधिकारी भवानी सिंह राठौड़, राकेश गुप्ता, राम प्रकाश पुरवार आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद एवं एमएलसी ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर अर्पित की पुष्पांजली



**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पितृ पुरुष श्रद्धेय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विधानसभा चरखारी नगर के बूथ क्रमांक 362 शेखन पाठक में पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल एवं एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य स्मरण किया तथा इस दौरान उनकी स्मृति में कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षरोपण किया पूर्व सांसद ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके व्यक्तित्व के बारे में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, रमेश यादव ,जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता पूर्व जिला महामंत्री संदीप शुक्ला, दीपक गौतम, दीपक गुरुदेव,मुकेश त्रिपाठी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संशोधित नये कानून के सम्बन्ध में दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महोबा पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देश में 01 जुलाई 2024 से प्रभावी होने वाली नवीन आपराधिक विधियों यथा भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 व नवीन अन्य अधिनियमों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण व विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा सत्यम की अध्यक्षता में प्रोजेक्टर के माध्यम से अशोक कुमार शुक्ल, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी महोबा, कृष्णपाल अभियोजन अधिकारी महोबा एंव प्रमोद पालीवाल, विशेष लोक अभियोजक एससी/एसटी एक्ट जनपद महोबा के



द्वारा संशोधित नये कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023,भारतीय नगरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) का जनपद के थाना/पुलिस कार्यालय में नियुक्त निरीक्षक/उपनिरीक्षकों/विवेचकगणों/कोर्ट मुहर्रिर को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## खबरें एक नजर में

### अचानक टायर फटने से दो डंपरों में हुई भिड़ंत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** आगे चल रहे डंपर का टायर फटने से पीछे चल रहे डंपर की उससे टक्कर हो गई। हादसे में चालक तो बच गया। लेकिन परिचालक घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। रविवार की सुबह एक डंपर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर औरैया की ओर जा रहा था। पीछे से मुकेश पुत्र कुमार निवासी रत्नेशपुर गुरसराय जिला झांसी गुरसराय से डंपर में मिट्टी लादकर औरैया जा रहे थे। उनके साथ परिचालक कैलाश निवासी गुरसराय भी था। आगे चल रहा डंपर जैसे ही एक्सप्रेस वे किमी संख्या 207 सहाव गांव के पास पहुंचा तभी अचानक से डंपर का टायर फट गया और डंपर असंतुलित हो गया। इस हादसे के बाद पीछे चल रहे डंपर का चालक भी नियंत्रण नहीं रख सका और डंपर आगे चल रहे डंपर से टकरा गया। टक्कर से परिचालक साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें परिचालक कैलाश घायल हो गया। चालक साइड का हिस्सा बच जाने से चालक को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे की एंबुलेंस सेवा ने घायल कैलाश को सीएचसी पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### घर के बाहर सो रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काटा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर सो रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने युवक को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोकुलपुरा निवासी मुकेश कुमार (28) ने बताया कि शनिवार की रात बिजली न आने पर वह घर के बाहर चारपाई पर सो गया। सुबह के समय अचानक से सांप ने उसके पैर में काट लिया। पैर में चुभन होने पर जैसे ही वह उठा तो सांप वहां से भाग गया उसने तत्काल परिजनों को जगाया और उन्हें इसकी जानकारी दी। पता चलते ही परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंच गए। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### झूठे मुकदमे में फंसाने का पीड़ित ने लगाया आरोप

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विपक्षियों द्वारा गुंडा टैक्स मांगने एवं न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी शिवम गुप्ता ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि विपक्षी उनसे गुंडा टैक्स की मांग कर रहे थे। जब वह उन्हें गुंडा टैक्स नहीं मिला तो विपक्षियों ने कुछ माह पूर्व उनके व चार अन्य लोगों के खिलाफएक झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया थ। जिसके तलबी आदेश पर उन्हें स्थगन आदेश उच्च न्यायालय से प्राप्त हो गया था और उसने उनकी शिकायत मुख्यमंत्री को भी भेजी है। इससे रंजिश मान बैठे विपक्षियों ने धमकी दी कि वह गुंड टैक्स लेकर रहेंगे और उन्हें उसके खिलाफएक और झूठा मुकदमा न्यायालय में दायर कर दिया। जिससे वह परिवार के लोग परेशान व भयभीत हैं। पीड़ित ने डीएम से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### साझेदारी में बने बाथरूम को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** साझेदारी की बाथरूम का इस्तेमाल करना युवक को भारी पड़ गया। नाराज साझेदारों ने उसकी लाठी डण्डों से पिटाई कर दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। नगर के मुहल्ला मनीगंज निवासी विनय गुप्ता पुत्र रामकृपाल ने कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उसका भाई विकास गुप्ता रविवार सुबह छत पर बनी बाथरूम का इस्तेमाल करने गया था इसी दौरान उसके मकान के साझीदार तथा परिजनों ने गाली गलौज शुरू कर दी थी। उसने रोका तो वैभव व अभय पुत्र मुन्नालाल तथा मुन्नालाल तथा उनकी पत्नी ने मारपीट शुरू कर दी थी और जब तक परिजन बचाने आये तब तक वह मारपीट में वह घायल हो गया था। घटना की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर डाक्टरी परीक्षण कराया है। पुलिस के अनुसार घरेलू विवाद में मारपीट हुई है जिसमे जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

### युवती को बहला फुसलाकर भगाने पर युवक पर मुकदमा

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसगायां निवासी 19 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पिता की शिकायत पर नामजद आरोपी के विरुद्ध अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस सम्बंध में वादी पीड़ित पिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए आ अवगत कराया कि 16 जून की मध्य रात लगभग 12-1 बजे एक घटना हैं। जब वादी सुबह 6 बजे उठा तो पुत्री नहीं थी। काफी खोजबीन की लेकिन पुत्री का कुछ पता नहीं चल सका। जानकारी मिली कि वादी की पुत्री को गांव के ही आरोपी युवक जितेंद्र पुत्र संतोष अहिरवार बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उक्त प्रकरण की विवेचना ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेन्द्र सिंह के द्वारा की जा रही हैं।

### तमंचाधारी युवक गिरफ्तार

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कुठौंद बस स्टैंड पर स्वच्छंद रूप से तमंचा के साथ भ्रमण कर रहे युवक को थाना पुलिस ने गिरफ्तार करजेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सोनू और कक्का पुत्र रामचंद्र उम्र 21 वर्ष निवासी हाजीपुर थाना कुठौंद को शाम के समय अपराधी को पुलिस ने बस स्टैंड के पास अवैध 32 बोर का तमंचा एक कारतूस लिए गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफथाना पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट एवं 504, 506 के तहत मामला पंजीकृत कर युवक को जेल भेज दिया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत, पुत्री बाल-बाल बची

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव में छत पर सामान उठाने गई महिला आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

औंता गांव निवासी कढ़ोरा अहिरवार ने बताया कि रविवार को बारिश हो रही थी। मकान की छत में समान बिखरा पड़ा था। जिसको उठाने के लिए उसकी 55 वर्षीय पत्नी ठकुराइन तथा पुत्री पूनम छत पर गई थी। उसी समय तेज बारिश में गरज चमक के साथ पत्नी के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूर खड़ी पुत्री ने भागकर अपनी जान बचाई। महिला की मौत की सूचना पर नायब तहसीलदार रामलखन व क्षेत्रीय लेखलाल लोकेंद्र ने गांव पहुंच घटना स्थल पर जांच की। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत पर उनके पुत्र आनंद उर्फ भूपेंद्र पुत्री पूनम का रो रोकर बुरा हाल है।

# जमीनी विवाद को लेकर व्यापारी का अपहरण करने बाद की हत्या

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

- पेड़ से लटका मिला शव
- शनिवार की शाम पति का अपहरण हो जाने पर पत्नी ने कोतवाली पहुंच दी थी तहरीर, पुलिस की लापरवाही के चलते हुई घटना

जमीनी विवाद के चलते भैंस व्यापारी का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। पुलिस ने रविवार को लाश को बरामद किया है। अपहरण की सूचना मृतक के पति ने कल रात ही पुलिस को दी थी मगर पुलिस निष्क्रयता के चलते घटना घट गयी। मौके पर पुलिस के आला अफसर जांच पड़ताल कर रहे है।

पुलिस के मुताबिक राठ कस्वा निवासी मूरत सिंह यादव (60) का कल देर रात दबंगो ने वाहन में डालकर ले गये थे इस माामले की सूचना उसकी पत्नी आशा यादब ने राठ पुलिस को दी मगर पुलिस ने कोई ध्यान नही दिया।

रविवार को जब चरवाहे खेत में जानवर चराने गये तो देखा कि मूरत सिंह की लाश पेड़ से लटकी है। यह



देखकर हड़कंप मच गया। मृतक की पत्नी आशा यादव ने पुलिस को बताया कि शनिवार को देर रात गांव के शिवनारायण यादव, सर्वेश पुत्र सूरज सिंह, रवि पुत्र शंभू दयाल, यादवेंद्र हमीरपुर चुंगी से चार पहिया गाड़ी पर उसके अपहरण करके ले गए थे। जिसकी तहरीर उसने कोतवाली राठ में दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

अगर पुलिस रात में ही पति की खोजबीन करती तो उनकी हत्या न होती। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने उसके पति के साथ मारपीट कर फांसी पर लटका कर उसकी हत्या कर दी। मौके पर हमीरपुर से आईं फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। इस संबंध में सीओ दिलीप सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस चारो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# विदोखर के युवक का महोबा में मिला शव

- ससुराल से वापस लौटने के बाद लापता हुआ था युवक

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के विदोखर मेंदनी के एक युवक का महोबा जनपद के चादौं गांव के पास बबूल के पेड़ पर लटकता मिला। पिता ने हत्या करके शव लटकाने की बात कही है। पुलिस आत्महत्या बता रही है।

विदोखर मेंदनी निवासी रामबहादुर पाल ने बताया कि उसका पुत्र दीपेंद्र



उर्फ दीपू (27) कस्बे के बांकी मार्ग में किराए का कमरा लेकर रहता था। बीते बृहस्पतिवार को यह बाइक से अपनी ससुराल बिलौटा कुरारा पत्नी को लेने गया था। शुक्रवार को शाम करीब 5रू00 बजे यह पत्नी को बगैर लिए वापस लौट आया और कमरे में बाइक खड़ी करके कहीं चला गया।बताया कि शनिवार को शाम करीब 3रू00 बजे इसका शव महोबा कोतवाली के चादौं गांव के समीप निर्जन स्थान पर बबूल के पेड़ पर लटकता मिला।जिसकी सूचना महोबा पुलिस ने फोन पर दी। सूचना पाकर वह परिजनों के साथ महोबा पहुंचा। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को दोपहर बाद गांव लाया गया। शव के गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। अचानक हुई इस घटना से पिता राजबहादुर,मां बिट्टो, भाई सत्येंद्र पाल, पत्नी नीतू, पुत्र पीयूष का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक का रविवार को गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के ताऊ लालाभैया पाल ने हत्या की आशंका जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर देंगे। पति की मौत की सूचना मिलने पर पत्नी नीतू अपने पुत्र पीयूष के साथ महोबा पहुंची।जहां उसका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# नेहरू इंटर कॉलेज के छात्र ने प्रवेश परीक्षा में हासिल की 1243 रैंक

- केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्रेष्ठा 9 से 12वीं तक का खर्च केंद्र सरकार उठाती है छात्र-छात्राओं का

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार द्वारा आयोजित देश के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट स्कूलों में दाखिला के लिए अनुसूचित जाति के छात्र -छात्राओं की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में पनवाड़ी के नेहरू इंटर कॉलेज के छात्र सुशांत सिंह ने 1243 रैंक हासिल की उसने इस सफलता से घर परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस सफलता का श्रेय नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार पाठक एवं पूर्व प्रधानाचार्य नेहरू इंटर कॉलेज मोतीलाल अहिरवार एंव शिक्षकों को दिया। छात्र को प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे। एपेक्स कोचिंग



शिक्षक शिवम प्रजापति एवं शिवाकांत प्रजापति ने बताया कि केंद्र सरकार अनुसूचित जाति के छात्र -छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक शिक्षा व्यवस्था देश की सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश कराती है। इसके लिए देश भर में कुल 3000 सीटें हैं। बीते 20 जून को प्रणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रवेश परीक्षा में नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी छात्र सुशांत सिंह ने देश में 1243 रैंक प्राप्त करके घर परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है छात्र की सफलता पर घर परिवार सहित विद्यालय में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

### उल्टी दस्त के चलते किशोरी की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि नयूज।** क्षेत्र के ग्राम विदोखर पुरई में एक किशोरी की उल्टी दस्त के चलते इलाज को ले जाते समय मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को गांव में ही किशोरी का अंतिम संस्कार किया गया। विदोखर पुरई निवासी कालकादीन प्रजापति ने बताया कि उसकी पुत्री सपना (16) को शनिवार को उल्टी दस्त शुरू होने पर घर पर ही बेहोश हो गई थी। उसे इलाज के लिए हमीरपुर लेकर पहुंचे ।लेकिन हालत गंभीर होने पर बेटी को तुरंत कानपुर रेफर किया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में इसकी मौत हो गई। जिस पर उसे लेकर वापस लौट आए और रविवार को इसका गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया।

# बरसात से लोगों ने पायी गर्मी से राहत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर समेत क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से अच्छी खासी राहत मिली है लेकिन बिजली की आंख मिचौली के कारण उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

पिछले तीन दिनों से नगर समेत क्षेत्र में हो रही बारिश से तापमान में कमी आने से लोगों को गर्मी व लू से निजात मिली है लोग इस खुश गवार मौसम का आनंद उठा रहे हैं लेकिन बिजली की आंख मिचौली के चलते इस उमसभरी गर्मी का सामना करना लोगों के लिये मुसीबत बन गया है वहीं इस बारिश से किसानों को भी अच्छा खासा लाभ है। बरसात और मौसम का रुख देखते हुये किसानों ने खरीफ की फसल की तैयारी करना शुरू कर दी हैं।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष के नाम से अज्ञात शिकायतकर्ता ने दर्ज कराई शिकायत

- पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुये शुरु की जांच पड़ताल

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात शिकायतकर्ता ने प्रेस क्लब अध्यक्ष के नाम से सीएम पोर्टल मे शिकायत दर्ज कराते हुये मनरेगा करप्शन मे कमीशनखोरी की व्याख्या करने सहित हिन्दू मुस्लिम का हवाला देकर माहौल खराब करने का प्रयास किया है। मौदहा निवासी काजी अजमत ने पुलिस को बताया कि वह दैनिक समाचार के पत्र के पत्रकार है। प्रगतिशील प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद पर अपने सेवाये देते हुये भ्रष्टाचार के मुद्दो पर समाचार प्रकाशित कराते रहते है। वर्तमान मे मनरेगा योजना को पलीता लगाने वाले भ्रष्ट सिस्टम पर लगातार समाचार लिख रहे है। जिसका लाभ लेते हुये किसी अज्ञात व्यक्ति ने सीएम पोर्टल मे उनके नाम से शिकायत दर्ज कराई है। तकनीकि ढंग से शिकायत की गयी है। जो अपराध की श्रेणी में आता है।

अध्यक्ष काजी अजमत द्वारा मौदहा कोतवाली प्रभारी से मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की मांग की गयी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुये जांच पडताल शुरु कर दी है।

### पत्नियों की पिटाई करने पर दो पतियों पर कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अलग अलग मामलों में पत्नियों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पतियों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी स्रंजू देवी पत्नी कुलदीप व तोपखाना निवासी इंद्र देवी पत्नी राजू ने पुलिस को बताया कि उनके पति आए दिन घर में विवाद करते रहते हैं। जिससे घर का माहौल खराब हो रहा है। कई बार समझाने के बाद भी उनकी आदतों में सुधार नहीं हो रहा है। पीड़िताओं ने आरोप लगाया कि रविवार की सुबह वह घर पर काम कर रही थीं। तभी पति वहां आए और गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पतियों के खिलाफकार्रवाई की है।

# डीसी मनरेगा की कार्रवाई से मनरेगा के जुगाड़ में फिर गया पानी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

- बगैर स्टीमेट के कराए जा रहे तालाब खुदाई के कार्य को श्रमदान घोषित कर देने से हड़कंप

सुमेरपुर क्षेत्र में उच्चाधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर कार्य योजना में शामिल कार्यों का बगैर स्टीमेट तैयार कराये मशीनों से कार्य कराने के बाद स्टीमेट बनाकर बाद में भुगतान कराने की योजना में शनिवार को डीसी मनरेगा की जांच ने पानी फेर दिया है। बगैर स्टीमेट के कराए जा रहे तालाब खुदाई के कार्य को श्रमदान घोषित कर देने से ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया है। ब्लॉक में तैनात कुछ तकनीकी सहायकों ने मनरेगा कार्य कराने के लिए कुछ अलग ढंग के तरीके ईजाद किए हैं। इस अलग ढंग के तरीके से कार्य योजना में शामिल किसी भी कार्य को बगैर स्टीमेट के धीरे से शुरू करा दिया जाता है। अगर विवाद की स्थिति बनी तो सरकारी मशीनरी पल्ला झाड़कर अलग खड़ी हो जाती है और अगर विवाद अथवा शिकायत नहीं हुई तो बाद में स्टीमेट बनाकर भुगतान करा लिया जाता है। कुछ ऐसा ही जुगत मवई जार के पाथामाई तालाब में लगाई गई और कार्य शुरू करा दिया गया। तालाब की कुछ मिट्टी ग्राम प्रधान कामता प्रसाद वर्मा के निजी विद्यालय में डाली गई है। शेष तालाब की पार में डाल दी गई है। मामला मीडिया में आने पर डीसी मनरेगा मनोज कुमार राय गांव पहुंचे और जांच के बाद कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया है। इससे ब्लॉक की सरकारी मशीनरी में हड़कंप मच गया है। अब सभी सफाई देते घूम रहे हैं।

# महिला ने बाबा सहित दो साथियों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

- मामले ने पकड़ा तूल तो पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

एक महिला ने एक बाबा और उसके दो साथियों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत उसने पुलिस के आला अफसरों के साथ महिला आयोग में भी की है। मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों की माने तो क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक महिला काफी वर्षो से गैरजनपद में अपने पति एवं बच्चों के साथ निवास करती है।

महिला के मुताबिक गत दिनों वह अपने पैतृक गांव में पूजा पाठ करने के लिए आई थी इसी दौरान वह लौट रही थी कि रास्ते में स्थित एक मंदिर पर पूजा पाठ चल रहा था जिसे देखकर वह रुक गयी थी और काफी देर बैठने के बाद एक बाबा ने उसे उसे प्रसाद दिया जिससे वह अपना सुध बुध खो बैठी थी और इसी का फायदा उठाकर उक्त चर्चित बाबा और उसके दबंग चेलों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था इस दौरान वह बेहोश हो गई थी और सुबह जब होश आया तो वह कानपुर जाने वाले रोड पर थी और वह वाहन में बैठकर अपने घर चली गई थी और इस घटना की जानकारी अपने पति को दी थी जिस पर पति ने उसे भाई के साथ कोतवाली शिकायत करने भेजा था लेकिन मौके पर मौजूद सिपाही ने उसे फिर आने की बात कहकर टरका दिया था जिसके बाद उसने डाक के माध्यम से घटना की शिकायत पुलिस के आला अफसरों से की थी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई थी जिसके चलते उसने शनिवार को एडीजी कानपुर जोन से मिलकर अपने साथ घटित घटना की जानकारी दी थी और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी और जिसके बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने रविवार को बुलाकर जानकारी ली है और जांचकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

शिकायती पत्र के अनुसार महिला ने चर्चित बाबा के साथ क्षेत्र के एक दबंग ठेकेदार पर भी यह संगीन आरोप लगाए है जिसकी चर्चा विगत कई दिनों से क्षेत्र में आम हो रही है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार महिला के आरोपों की जांच की जा रही है जो भी सही होगा उसी के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रक-ट्राला की भिड़ंत में चालक क्लीनर जिंदा जले

**समृद्धि न्यूज।**

- पिकअप में फंसकर चालक और क्लीनर की जलकर मौत



**घाटमपुर।** कानपुर के बिधनू में पिकअप और ट्राला की आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी, कि पिकअप चालक और क्लीनर केबिन में फंस गए। इस दौरान दोनो वाहनों में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दोनो की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और पीएनसी ने वाहनों को किनारे करवाकर यातयात बहाल कराया है। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है।

बिधनू थाना क्षेत्र के शम्भूहा पुल पर रविवार सुबह घाटमपुर की ओर से कानपुर जा रही पिकअप और कानपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्राला की आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी, कि पिकअप की केबिन में चालक और क्लीनर फंस गए। हादसे के बाद ट्राला चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। जिसके बाद दोनो वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से पिकअप चालक और क्लीनर की जिंदा जलकर मौत हो गई। यहां से निकल रहे राहगीरों ने घटना की सूचना फोनकर पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची बिधनू पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को पीएनसी की क्रेन की मदद से शम्भूहा पुल से हटाकर यातयात बहाल कराया है। बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र ने बताया कि दोनो के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। शिनाख्त कराने का प्रयास जारी है।

### बीस मिनट तक तड़पे फिर थम गई सांसें

यहां से निकल रहे राहगीरों ने पिकअप चालक और क्लीनर को बचाव बचाव का शोर सुना तो पुलिस को सूचना दी। लगभग बीस मिनट तक पिकअप चालक और क्लीनर की बचाव बचाव की आवाजे सुनाई देती रही। जिसके बाद दोनो की आवाजे आना बंद हो गई। दोनो आग की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई।

# हॉस्पिटल संचालक से हुई 61 लाख की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



साइबर थाना पुलिस द्वारा 61 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से धोखाधड़ी से संबंधित 40,000 रूपये नगद बरामद किया गया।जानकारी के अनुसार साइबर थाना पर दिनांक 24 अप्रैल को डॉ योगेश कुमार पुत्र डॉ कमल सिंह वर्मा निवासी मोहल्ला सुभाषनगर थाना कोतवाली नगर (कृष्णा हास्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेन्टर श्रीराम कालोनी बाराबंकी के संचालक) द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 17-4-2024 को उनके मोबाइल नंबर पर रोहित शर्मा नाम से कॉल आई और स्वंय को ट्राई डिपार्टमेन्ट से होना बताया गया और मुंबई थाने में 17 शिकायतो की एफआईआर दर्ज बताया गया तथा मुंबई मे अपनी रिपोर्ट 2 घण्टे के अंदर दर्ज करने के लिये बताया गया अन्यथा मोबाइल नंबर बन्द कराने की धमकी देकर अपने अन्य (साथी) अधिकारी से बात कराते हुए मनीलान्ड्रिंग जैसा गंभीर अपराध के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की बात व और पैसों की माँग करते हुए कहाकि यदि आप ऐसा नही करते है तो आपको 90 दिन की कस्टडी में लेकर पूछताछ की जायेगी व आपका हास्पिटल सीज कर दिया जायेगा।इस प्रकार मेरे साथ धोखाधड़ी कर व डरा धमकाकर कुल 61लाख लाख रूपये का फ्राड किया गया। जिसके आधार पर साइबर थाना बाराबंकी पर मुअसं 02/2024 धारा 420/406/468/384/507 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया।पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर रूपयों की बरामदगी व संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी के आदेश के क्रम में साइबर थाना द्वारा आज अभियुक्त आशीष शुक्ला पुत्र राघवेन्द्र शुक्ला निवासी लोक कालोनी महिबुल्लापुर सीतापुर रोड जनपद लखनऊ को धोखाधड़ी से संबंधित 40,000 रूपयों के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ से प्रकाश मे आया कि अभियुक्त आशीष आईसीआईसीआई बैंक के खाताधारक व प्रोपाइटेर कैच माइ ऑर्डर) द्वारा वादी डॉक्टर योगेश के बैंक खाते से 61 लाख रुपये प्रथम लेयर में के 4 खातों में क्रमशः 16 लाख रुपये व 26 लाख रुपये पंजाब नैशनल बैंक के दो खातो मे- 4 लाख व 15 लाख रुपये आईसीआईसीआई बैंक के दो खातों में स्थानांतरित किया गया, जिसमे से 4 लाख रुपये के खाता धारक आईसीआईसीआई बैंक के (खाता धारक व प्रोप्राइटेर कैच माइ ऑर्डर)आशीष शुक्ला पुत्र राघवेंद्र शुक्ला निवासी 370/40 कृष्ण लोक कॉलोनी महिबुल्लापुर सीतापुर रोड थाना मणियाव जनपद लखनऊ के द्वारा शातिर साइबर अपराधियों को अपना खाता आदान-प्रदान हेतु एटीएम कार्ड खाते में दर्ज मोबाइल नंबर का सिम प्रदान कर साइबर अपराधियों द्वारा इस खाते का उपयोग कर फ्राड किया जाता है। वांछित अभियुक्तो अमन,संतोष चतुर्वेदी व शिवम यादव उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर प्रयास किये जा रहे है।

### अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे निरीक्षक विजय सिंह सिरोही प्रभारी साइबर थाना अतिरिक्त निरीक्षक विनय प्रकाश राय,उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश यादव,आरक्षी सुधाकर भदौरिया,राजन यादव, पंकज यादव,महिला आरक्षी शैलेश पटेल शामिल थे।

# ट्रक मालिक से ठगी करने वाले तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**पुलिस अधीक्षक** के आदेश पर ट्रक मालिक से ठगी करने व पैसा न देने वाले तीन लोगो के विरुद्ध जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है।बताते चलें कि जैदपुर थाना क्षेत्र ग्राम चंदौली निवासी तैयब अली पुत्र नूर मोहम्मद ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि वह यूपी 32 एलएन 6784 चौदह चक्का ट्रक का मालिक है।जोकि एक फाइनेंस कम्पनी से लोन लेकर खरीदा था।हालात ठीक न होने के चलते वाहन को अनिल कुमार यादव पुत्र बाबू लाल निवासी बिनगी पूरे निधऊ सुल्तानपुर व संदीप पांडेय पुत्र राजेश पांडेय गनौली रूदौली अयोध्या ने जनवरी 2024 को कलीम बाड़ी मेकर बाईपास बंसल पट्रोल पम्प बाराबंकी मे सात लाख रुपए व बकाया किस्तो को जमा करने की बात तय हुई थी।जिसमे चार लाख नकद,एक लाख खाते पर भेजने के बाद? एक्कयावन हजार का चेक दिया।इस दौरान पचास हजार की चेक भी दिया जो बाउंस होने की सूचना देने पर विपक्षी गालियां देने लगा।लगभग पांच महीनों से वाहन की किश्त भी जमा नही की गयी।वही वाहन को कबाड मे कटवाने की धमकी भी दिया गया है।जबकि वाहन को अपने नाम हस्तांतरित भी नहीं कराने से कोई गंभीर अपराध भी कर सकते है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जैदपुर पुलिस द्वारा अनिल कुमार यादव पुत्र बाबू लाल निवासी बिनगी पूरे निधऊ सुल्तानपुर व संदीप पांडेय पुत्र राजेश पांडेय गनौली रूदौली अयोध्या,कलीम बाड़ी मेकर बाईपास बाईपास जनपद बाराबंकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज**



भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसी क्रम में आज वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने उनके फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यकर्ताओं को उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया.

पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त थे. उन्होंने कश्मीर को लेकर अपने जीवन का बलिदान दिया है. इसलिए उनकी पुण्यतिथि भाजपा बलिदान दिवस के रूप में मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती है.डॉ. मुखर्जी ने सबसे पहले धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई थी. उन्होंने नेहरू की तुष्टिकरण की नीति का विरोध किया था और अब वर्तमान समय में उनके सपने को मोदी सरकार द्वारा साकार किया गया। मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाकर पूरे देश में एक मिसाल कायम की है। इस अवसर पर प्रधान सचिन सिंह ककरी प्रधान अजय प्रताप सिंह गुड्डू बेलहरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारपीट करने वाले दबंग के विरुद्ध महिला ने दी थाने में तहरीर, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार की रात चारपाई के नीचे बैठने व पकड़ने की कोशिश करने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने वाले विपक्षी के विरुद्ध महिला ने प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई हैं। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। सुबेहा थाना क्षेत्र के गुरसहाय का पुरवा मजरे पलिया गांव निवासिनी कमलेश कुमारी पत्नी बिल्लू ने बताया कि गत 21 जून की रात वह अपनी पुत्रियों के साथ दरवाजे पर चारपाईयो पर लेटी हुई थी,कि तभी रात्रि 1 बजे गांव का ही रहने वाला आकाश पुत्र धांधे दरवाजे पर आया और पुत्री रंजना की चारपाई के नीचे बैठ गया। महिला ने बताया कि जब उसकी नजर विपक्षी पर पड़ी तो उसने और उसकी पुत्रियों ने पकड़ने की कोशिश की तो विपक्षी ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी यही नहीं पुत्री उर्मिला को थप्पड़ जड़ने के बाद मौके से फरार हो गया।

# आम के पेड़ से गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत पूरे झाम तिवारी मजरे बहुता गांव में आम के पेड़ से गिरकर घायल हुए एक युवक की शनिवार की रात एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव निवासी जंग बहादुर पुत्र शिव केश रावत 24 वर्ष गत शुक्रवार की शाम पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय असन्तुलन बिगड़ जाने से अचानक जमीन पर आ गिरा था।जिसके बाद परिजनो ने घायल युवक को इलाज के लिए जगदीशपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया था, जहां पर इलाज के दौरान शनिवार की रात उसकी मौत हो गई।युवक की मौत के बाद शव के गांव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### सीएचसी पर पीने के पानी को तरस रहे मरीज व तीमारदार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज के चिकित्सा अधीक्षक की मनमानी के चलते आवासीय परिसर में रह रहे पांच परिवार ताजे पानी की आपूर्ति के लिए तरस रहे है। इस संबंध में वार्ड बाय पंकज कुमार धीमान ने निदेशक स्वास्थ्य विभाग लखनऊ एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेल भेज कर तमाम तरह के आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की हैं। फ्लैट में रह रहे कर्मचारियों ने बताया कि यहां पर कर्मचारियों के रहने के लिए 6 फ्लैट है। जिसमें पांच फ्लैट में परिवार रहते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि लैट्रिन के टूटे पाइप को सही करवाने के लिए जब अधीक्षक से कहा गया तो पाइप सही करवाने की बजाय अधीक्षक ने मनमानी करते हुए पांचो परिवार की ताजे पानी की सप्लाई यह आरोप लगाते हुए बंद करवा दी कि आप लोग मोटर खुला छोड़ देते हैं जिससे मोटर जल जाता है आप लोग नीचे से पानी भर के पिए नहीं तो खराब हो जाएगा तो बनवाएगा कौन । पंकज धीमान ने मेल किये गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से गुहार लगाई है कि हम लोग 24 घंटे सरकारी आवास में रहकर जनता की सेवा करते हैं तो फिर उसके बाद भी ताजा पानी पीने की सुविधा क्यों खत्म कर दी गई। पंकज धीमान ने यह भी बताया कि आवासीय परिसर में पानी सप्लाई के लिए छत पर जो टंकी रखवाई गई है उनकी सफाई काफी दिनों से नहीं हुई है। उसमें कभी बंदर चिड़िया पक्षी सब पानी पीते हैं वह पानी हम लोग कैसे पिए। यही नहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में जल आपूर्ति के लिए जो 1 लाख लीटर की क्षमता वाली टंकी बनी है उसकी सफाई के लिए हर वर्ष बजट आता है फिर भी पिछले कई सालों से पानी की टंकी की सफाई नहीं करवाई गई है,तो पैसा खर्च कहां होता है और काफी गंदगी भी आवासीय परिसर में है जिससे अनेक तरह की बीमारियों का डर बना रहता है।

### बिजली तारो की चोरी करने वाले को कर्मचारी ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**जैदपुर बाराबंकी।** विद्युत विभाग का पुराना तार चुराकर रिक्शे पर लादकर ले जाते समय ठेके पर तार बदलने वाले एक कर्मचारी ने चोर को पकड़ कर माल सहित पुलिस के हवाले किया।पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी।मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव का है।बिजली का पुराना तार बदल कर नया तार डालने के काम मे पुराने तार को गांव में स्टोर कर रखा गया था।जिसे जैदपुर कस्बे के मोहल्ला मुक्खिन के समीर पुत्र हसीब को लगभग एक कुंतल तार को चुराकर अपने रिक्शे पर रखकर ले जाते समय पकड़ लिया गया।उक्त आरोप लगाते हुए रितुराज पुत्र बृजमोहन रसूलपुर ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र दिया है।जिसे लेकर जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया।

### आपसी रंजिस में हुई मारपीट, पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** दो अलग अलग जगहो पर आपसी रंजिश व आरोप लगाने को लेकर हुई जमकर मारपीठ में जैदपुर पुलिस द्वारा महिला सहित पांच लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।जानकारी के मुताबिक जहां एक तरफ शिल्पी देवी पत्नी बिन्द्रा प्रसाद ग्राम पंचायत मचौची थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने जैदपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि पुराने झगड़े को लेकर मनोहर पुत्र पाले,मीना देवी,अरविन्द्र व मनोहर की बहु ने जमकर गालियां देते हुए मारापीटा।तो वही दूसरी तरफ रामराज वर्मा पुत्र कामता प्रसाद निवासी मूर्लीगंज थाना जैदपुर ने लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उनके बड़े भाई सोनू वर्मा उर्फ़ उदयराज पुत्र कामता प्रसाद उनके ऊपर उल्टे सीधे आरोप लगाते थे।जिसे पूछने पर रात नौ बजे गालियां देते हुये लाठी डंडों से मारा गया। साथ गाली देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गयी है।वही जैदपुर पुलिस द्वारा दोनो मामलो मे पांच लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

### कुर्सियों पर सभासदों ने बैठने से किया इनकार

**उतरौला (बलरामपुर)।** शनिवार को नगर पालिका परिषद में आयोजित बोर्ड बैठक में सभागार व सभासद कक्ष को लेकर सभासदों व पालिका अध्यक्ष एवं ईओ के बीच जमकर बहस हो गई। बैठक के दौरान नगर पालिका में लगाई गई कुर्सियों पर सभासदों ने बैठने से इनकार कर दिया। सभासदों द्वारा एक सुर में कहा गया कि जब तक सभासदों के बैठने के लिए सभासद कक्ष व मीटिंग हाल के लिए सभागार का निर्माण नहीं हो जाता तब तक वह लोग कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। मामला तूल पकड़ता देख पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कुर्सी हटवाकर दरी बिछाए जाने को कहा। पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, ईओ राजमणि वर्मा समेत सभी सभासद दरी पर बैठे और बोर्ड मीटिंग का संचालन शुरू किया गया। पिछले कार्यों की पुष्टिऔर आगामी कार्य के एजेंडे को पढ़कर सुनाया गया। जिसमें सभी सभासदों द्वारा दिए गए प्रस्ताव को शामिल किया गया। सभासदों के बैठने के लिए सभासद कक्ष, मीटिंग हॉल, नगर क्षेत्र के तालाब एवं पोखरणों का सौंदरीकरण, पंडित दीनदयाल एवं वंदन योजना के कार्यों पर सहमति बनी। ओ राजमणि वर्मा ने बताया कि बोर्ड में रखे गए प्रस्ताव को शासन की मंजूरी हेतु भेज दिया गया है। मंजूरी मिलते व बजट आवंटित होते ही कार्य कराया जाएगा

### तालाब में डूबने से दो बच्चो की मौत

**उतरौला (बलरामपुर)।** खेलते खेलते तालाब में लुढ़क जाने से दो मासूम बच्चों की डूब कर मौत। काफ़ी समय बाद मिल पाया बच्चों की लाश। देखते ही पूरे गांव में मचा कोहराम। विकास खण्ड गैंडास बुजुर्ग के परान पुर में बीते बृहस्पतिवार को लगभग दो बजे के आस पास खेलते हुए दो मासूम घर के पास ही तालाब में लुढ़क गए पानी अधिक होने से छोटा भाई मोहम्मद हमजा(3वर्ष )को डूबते देख बड़े भई मोहम्मद अमजद(4वर्ष )ने बचाने की कोशिश में वह भी गहरे पानी में चला गया जहां एक साथ दोनों बच्चों की डूब कर मौत हो गई। काफ़ी देर होने पर बच्चो को खोजा जाने लगा जब कही पता नहीं लगा तो कुछ लोगों को तालाब के पास चप्पल दिखाई पड़ा जिसके बुनियाद पर लोगों का शक विश्वास मे बदल गया। काफ़ी देर खोजने के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पिता मोहम्मद अमजद ने बताया कि मेरे पिता एक सादी मे सम्मिलित होने मुंबई गए हैं जो अभी रास्ते में है वो इन बच्चों को बहुत प्यार करते थे ऐसे में पुरे परिवार पर बज्र गिर पड़ा पुरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। बीते बृहस्पतिवार देर शाम को पंचनामा करवाकर शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

# भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा ने बाढ़ के त्रासदी के सम्बंध में राज्य मंत्री को कराया अवगत

**उतरौला ( बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**



**उतरौला क्षेत्र** में बाढ़ की त्रासदी झेलते हुए जनता के लिए कस्ती बनकर तैयार हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा। क्षेत्र वासियों के दर्द को जब उनसे देखा नही गया तो फिर उन्होने वर्तमान सांसद केंद्रीय पर्यावरण वन एवम जलवायु परिवर्तन व विदेश राज्य मंत्री से उनके दिल्ली आवास पर मिल कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वासियों के दुःख दर्द को बताया। अक्तूबर माह में आई बाढ़ की विभीषिका से हुए जन धन की हानि पर चर्चा करते हुए तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। उन्होने बताया कि बीते कई वर्षो से बलरामपुर भड़रिया तटबंध का निर्माण प्रारम्भ किया गया किंतु आज तक पूर्ण नही हुआ। हर कुछ मीटर पर एक बडा गैपिंग बना हुआ हैं जिससे दर्जनो गांवो मे स्थित भयावह रूप धारण कर लेती है। कुछ गांवो में आधे अधूरे तटबंध बनवाने के लिए किसानो से ली गई जमीन का मुवाबजा न मिलने तथा उसे अविलंब दिलवाने का भी पत्र में लिखित व मौखिक रूप से बताया।

तटबंध मे बने सायफन का पानी की क्षमता बढ़ाए जाने तथा आवश्यकतानुसार नए स्थानों पर रेगुलेटर लगाए जाने का जिक्र किया है। जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप वर्मा ने बताया कि मंत्री जी ने कहा है कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है और इस बार स्थितियां बदलेंगी।

# प्लास्टिक नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का समाजसेवी ने किया उद्घाटन

**बेलहरा बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



सुरतगंज में शिवाय सिंह रैकवार प्लास्टिक नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को कस्बे की छोटी पुलिया के पास किया गया।टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी रिजवान अहमद ने फीता काटकर किया।टूर्नामेंट में इलाके की 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला कामरान इलेवन व दिवाकर इलेवन के मध्य हुआ जिसमें कामरान की टीम ने दो रनो से विजय प्राप्त की।

पहला सेमीफाइनल मैच दिवाकर इलेवन व हारून इलेवन के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिवाकर की टीम ने चार ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 40 रनों का स्कोर खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी हारून की टीम 30 रन पर ही ढेर हो गई।दूसरा सेमीफाइनल कामरान इलेवन व एसबीएस इलेवन के बीच खेला गया।पहले बल्लेबाजी कर तीन विकेट खोकर कामरान की टीम ने 54 रन बनाएं जबकि एसबीएस की टीम 48 रन पर ही ढेर हो गई।फ़ाइनल मुकाबला कामरान इलेवन व दिवाकर इलेवन के मध्य खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए कमरान की टीम ने तीन विकेट खोकर 41 रन बनाएं।वही दिवाकर की टीम ने तीन विकेट गवाकर 39 रन पर सिमट गई।इससे कमरान की टीम दो रन से विजयी हुई। कमेटी अध्यक्ष रिजवान अहमद ने मैन ऑफ से मैच जैदी को व कमेटी के इस्लाम फनीचर, सिराजुद्दीन, मो.जैद, जियाउर्रहमान ने खिलाड़ियों को मैडल व मैन ऑफ दा सीरीज इंजनुमान को दिया।विजेता टीम को कमेटी की ओर पुस्कार दिया गया। कमेटी में इस्लामुद्दीन चुन्ना, मो.उस्मान, सीबू, इकरामुद्दीन, लुकमान,शान मोहम्मद, फैजान मालिक, मो.फैजान, बदरुद्दीन, इजहार, आदिल जीशान कामिल आदि लोग मौजूद रहे।

**क्षेत्रवार लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी,टोल फ्री नंबर जारी**

# प्री मानसूनी बारिश से जलभराव, मातहतो संग सड़क पर उतरे नगर आयुक्त

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



शनिवार की देर रात हुई प्री मानसूनी बारिश से जलभराव के बाद रविवार को नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह के साथ अयोध्या धाम के रामपथ, दर्शन पथ,भक्तिपथ,जलवानपुरा तथा नाका आदि जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपस्थित अभियन्ताओं को जल निकासी के सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये। हनुमानगढ़ी मार्ग श्रृंगार हाट में तत्काल कार्यवाही करते हुए जल निकासी करायी गयी।इसके अतिरिक्त जलवानपुरा में अधिक क्षमता के पम्प स्थापित कराकर जल निकासी करायी गयी। इलेक्ट्रिक पम्प के साथ साथ डीजल पम्प की भी उपलब्धता रखने के निर्देश दिए गए,जिससे विद्युत की अनुपलब्धता होने पर निर्बाध रूप से जल निकासी करायी जा सके।इसके साथ ही जलभराव के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय द्वारा शिवनगर गद्दोपुर जनौरा लालबाग,रामपथ का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जल निकासी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।अन्य कार्यदायी संस्थाएं जिनके द्वारा नाले एवं डक्ट का निर्माण किया जा रहा है,उनसे तत्काल समन्वय करते हुए जल निकासी के अवरूद्ध स्थलों का चिन्हित करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये गये।सम्बन्धित कार्यदायी सस्थाओं को जल निकासी को अवरूद्ध करने वाले स्थलों पर पड़े मलबों/निर्माण सामग्री आदि नाले आदि से हटाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।अयोध्याधाम में कुछ स्थलों पर सीवर की जाम होने से जल भराव की स्थिति पायी गयी।इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था तोशिबा को तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।नगर आयुक्त ने बताया कि निगम जलभराव से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण हेतु पूर्णरूपेण संवेदनशील है।पूर्व में जल भराव की समस्या के क्षेत्रों में पम्प के माध्यम से जल निकासी करायी जा रही है।आवश्यकता के अनुसार विद्युत एवं डीजल पम्प की संख्या भी बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये है।इसके अलावा सभी वरिष्ठ अधिकारियों को जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए अबिलम्ब जल निकासी के निर्देश दिए गये है।जल भराव के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता पर कार्यवाही की जा रही है।मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नाले के सफाई के दौरान पुलिया/बॉटल नेक/हयूम पाइप आदि जहाँ भी जल प्रवाह के अवरूद्ध होने की संभावना हो उन स्थलों का निरीक्षण करते हुए तत्काल सफाई कराये जाने के निर्देश दिये गये है।इसके अतिरिक्त जोनवार वरिष्ठ अधिकारियों यथा अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय को कौशलपुरी जोन,वागीश कुमार शुक्ला को अयोध्या धाम तथा अनिल कुमार सिंह को अवधपुरी जोन के नेतृत्व में जलभराव की समस्या से निदान हेतु जोनल अधिकारी सहायक अभियंता जल/निर्माण व मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के नेतृत्व में समस्त उपकरणों से सुसज्जित 15 कर्मी,एक जे.सी.बी व एक मैजिक वाहन सहित त्वरित कार्य दल (क्विक रिस्पांस टीम) का गठन किया गया है,जो शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल समस्या के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को कृत कार्यवाही की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण हेतु भी निर्देश दिये गये है।वर्षा के पूर्वानुमान के दृष्टिगत नगर निगम के मुख्यालय पर 24म7 कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है,जिस पर सम्मानित नागरिक निगम के टोल फ्री नंबर 1800-ू313-1277/1533 तथा 05278-299400/7311165805 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने उन्हें किया याद

- भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, डा. मुखर्जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर डाला गया प्रकाश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




**भारतीय जनता** पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी के प्रेरणा सूत्र रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया सहित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। डा.मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। संसद में अपने भाषण में डा. मुखर्जी ने धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की थी। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नज़रबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। श्री भदौरिया ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके सपने को साकार किया गया और धारा 370 हटाने का काम किया गया। आज कश्मीर में लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहर रहा है। इस मौके पर जिला महामंत्री राम वीर कठेरिया, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, हरि वक्स सिंह, संतोष चतुर्वेदी, विशाल शुक्ला, शिवेंद्र कुमार, शरद मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, पंकज राजपूत, सर्वेश राजपूत, पुस्कर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भाविप ने स्टाल लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत




कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- शरबत वितरण स्टॉल पर मौजूद भारत विकास परिषद के पदाधिकारीगण

**इन दिनों** भीषण गर्मी में जनजीवन अस्त व्यस्त है। गर्मी के कारण लोग बेहाल हैं। राहगीरो को गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा के तत्वावधान में शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज के निकट शरबत स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी से लोग परेशान है, ऐसे में जरूरी कार्यों से घर से निकलने वाले राहगीरों की सेवार्थ हेतु भाविप के तत्वाधान में हर वर्ष शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कहा कि आज जो शरबत वितरण स्टाल लगाया गया यह पूरे दिन भर चलेगा। उक्त पुण्य कार्य में शाखा अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सैनी, सचिव निशंक जैन, जिला अध्यक्ष विनय बाथम, जिला पदाधिकारी श्री अनूप केलकर, धीरज सैनी, नीतीश चंद्र श्रीवास्तव तथा प्रांतीय मार्ग दर्शक रमेश मेहरोत्रा, वित्त सचिव सौरभ पाठक, संगठन मंत्री आकाश जैन, मीडिया प्रभारी राम जी सिसोदिया एवं सदस्य राजेश गुप्ता, शिरीष गुप्ता, अशोक सक्सेना, अमित जैन, अमन गुप्ता लकी, सौरभ सोलंकी, मनीष चंद्र श्रीवास्तव, सुमित जोशी, नव्या जैन मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### घर में घुसकर दबंगो ने की मारपीट, 11 घायल

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के बिनौरा गांव में रविवार की दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर कुछ दबंगो ने एक घर पर हमला बोल दिया। दबंगो ने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में परिवार के 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विनौरा गांव में रविवार को कुछ दबंग एक घर में घुस गए। पहले काफी देर तक गाली-गलौज करते रहे। परिवार के लोगों ने विरोध किया, तो उक्त दबंगो ने घर में मौजूद अशरफ अली (45), फारूक अली (30), इदरीश अली (25), पिंकी (30), समशाद (35), राशिद अली (18), सोयल अली (16), नीशा फारून (28), नशरीना (60), शायदा (30) व अब्दुल कलाम (23) के साथ मारपीट कर दी। दबंगो ने लाठी-डंडो से मारपीट कर सभी को घायल कर दिया। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। ग्रामीणों को आता देख दबंग मौके से भाग गए। ग्रामीणों ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां सभी घायलों का उपचार चल रहा है। मामले में तिर्वा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। मामला सही पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी को भगा ले जानें का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि विगत 21 जून की शाम गांव के ही विकास ने अपने परिजनों गेंदालाल, शेर सिंह व राकेश के सहयोग से उसकी 16 वर्षीय पुत्री को कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसके द्वारा पुत्री की काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम ऊंचा निवासी रामखिलावन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि बीते दिन वह अपनें घर के दरवाजे पर खडा था तभी गावं के ही मूलचंद, गटुआ, सुदामा व रोहित आये और पानी भरने की विवाद को लेकर उसके साथ गालीगलौज करनें लगे उसके द्वारा विरोध करनें पर उक्तगणों उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जॉच शुरू कर दी गई है।

### चोरी की शिकायत करने पर मां-बेटे को पीटा

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के वनपुरा गांव में टैक्टर से सामान चोरी करने की शिकायत पर दबंगो ने रविवार की सुबह मां-बेटे से मारपीट कर दी। दबंगो ने ईटो से प्रहार कर दोनो के सिर फाड़ दिए। घायल मां-बेटे को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यहां उनका उपचार चल रहा है। वनपुरा गांव निवासी मोनू (25) पुत्र दुर्विजय के टैक्टर से गांव के कुछ लोगों ने सामान चोरी कर लिया था। रविवार की सुबह जब उसने चोरी की घटना को लेकर उक्त लोगों से शिकायत की, तो उक्त दबंग उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। गाली देने का विरोध करने पर दबंगो ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुत्र को बचाने आई उसकी मां मुन्नी देवी (55) को भी दबंगो ने मारपीट कर घायल कर दिया। दबंगो ने ईटो से प्रहार कर उनके सिर को फाड़ दिया। शोर मचाने पर उक्त दबंग मौके से भाग गए। परिजनों ने घायल मां-बेटे को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

# ग्रीष्म कालीन मूंगफली से कमाएं दोहरा लाभः डॉ. अरविंद कुमार

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़



खेत में किसान को जानकारी देते वैज्ञानिक — समृद्धि न्यूज

**अनौगी स्थित** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने किसानों को बताया कि मूंगफली की खुदाई करते समय ध्यान रखें कि जब मूंगफली के छिलके के ऊपर नसे उभर आए। भीतरी भाग कत्थई रंग का हो जाए और मूंगफली का दाना गुलाबी होने लगे। प्रायः खुदाई करते समय सभी फलियां परिपक्व नहीं होती यदि पौधो में 70 से 80 प्रतिशत फलियां पाक जाएं तो खुदाई का कार्य किया जा सकता है। यह भी ध्यान रखें की पौधा सीधा रखें कड़ी धूप की तरफ फलियों का रखना उचित न होगा क्योंकि इससे फलियां शीघ्र सूख जाएं जिससे जमाव प्रभावित होगा। फलियों को पौधों से अलग करने की अनेक देशी तकनीक अपनाई जाती है परंतु ट्रैक्टर चलित थ्रेशर का भी उपयोग किया जा सकता है। मूंगफली की खेती में फलियो को सुखाना एक महत्वपूर्ण कार्य है। फलियों की सुखाई तेज धूप में ना करें। तेज धूप में सुखाई गई मूंगफली के दोनों का जमाव कम हो जाता है। खुदाई के बाद फलियों को खूब छाया में सुखाकर भंडारण करें। 8 से 10 प्रतिशत से अधिक नमी युक्त मूंगफली का भंडारण से फलियां काले रंग की हो जाएगी जो खाने एवं बीज हेतु सर्वथा अनुपयुक्त हो जाती हैं। ग्रीष्म कालीन मूंगफली के बीजों का प्रयोग वर्षा कालीन खेती में किया जाता है। इन बीजों का प्रयोग सदैव फफूंद नाशी से उपचार के बाद ही करना चाहिए जिससे अच्छा जमाव होगा और भरपूर उपज मिलेगी।

# फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में पहुंचे 249

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**मोहल्ला बिरतिया** वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास आज फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 तक किया जाएगा।

हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि इस फ़ातेह बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में कानपुर से एमबीबीएस डॉक्टर वसीम खान पेट व छाती (क्षय रोग) चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ, डॉक्टर शायना परवीन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के अलावा बरेली से मशहूर हकीम अब्दुल हक, व मोहम्मद शोएब रजा के द्वारा मरीज को बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से देखा हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को लाने की गुज़रिश की थी ताकि गरीब, बेसहारा, मजबूर बीमार लोगों का परीक्षण कर फ्री में दवाइयां दी जा सके इस दौरान शोएब, महमूद मंसूरी, शोएब कादरी, आमिर, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद हुसैन, महफूज आदि लोगों की देखरेख में मरीज को देखा गया।

# जनपद में बूथ स्तर पर भाजपा ने मनाया मुखर्जी का बलिदान दिवस



उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**रविवार** को भारतीय जनता पार्टी ने जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में जनपद के 19 मंडलों में राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को प्रत्येक बूथ पर मनाया गया। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष ने उरई नगर की काशीराम कॉलोनी के बूथ संख्या 381, 382 पर जाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद उन्होंने वृक्षारोपण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देश हित से कभी भी कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने जनसंघ की स्थापना कर देश के लोगों को एकजुट करने का जो अभियान शुरू किया था वह आज भाजपा के रूप में वटवृक्ष का रूप ले चुका है। आज उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देश वासियों के लिए महान प्रेरणादायी रहा है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अमित समाधिया, जिलाध्यक्ष अल्पसंखक मोर्चा रफीक बरकाती, बूथ अध्यक्ष पांचाल, पूर्व नगर अध्यक्ष गिरीश चतुर्वेदी एवं समस्त सम्मानित नागरिकगण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान व्यक्तित्व के स्वामी थेः मयंक गुप्ता

- पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि नें भाजपा नेताओं के साथ श्रद्धांजलि देकर किया पौधरोपण

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



**भारतीय** जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि नें भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री सहित समर्थकों के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुये भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान व्यक्तित्व के स्वामी थे। उनका देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान था।

रविवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय पर डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को बलिदान दिवस के रुप में मनाते हुये श्रद्धांजलि देनें के उपरान्त पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता नें कहा कि डा. मुखर्जी नें कश्मीर मुद्दे पर एक निशान एक विधान का नारा देते हुए कश्मीर की परमिट नीति का पुरजोर विरोध किया था। भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा नें कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नें देश की स्वतंत्रता के बाद जनसंघ की स्थापना में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। इसके उपरान्त उन्होनें विहिप नेता नीरज मिश्रा, संदेश गुप्ता उर्फहीरो, राकेश कौशल, नवीन द्विवेदी, विकास गुप्ता के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसियेशन पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**बुंदेलखंड** एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जानकीशरण पांडेय पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वह अधिवक्ताओं की समस्याओं को निस्तारण कराने का कार्य करेंगे और अधिवक्ता हित में जो संभव होगा वह प्रयास करेंगे। कहा कि उनके स्तर पर यदि कोई समस्या होती है तो उन्हें अवगत कराएं समस्या का उचित निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार लिटौरिया, सचिव व कोषाध्यक्ष ओमकार दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नौशाद खान, सह सचिव मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्यामबाबू व विजय कृष्ण सक्सेना, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मुलायम सिंह यादव व हर्षित राय को शपथ ग्रहण कराई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष व एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अंबिका प्रसाद निरंजन, कोंच बार संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद निरंजन, माधौगढ़ बार संघ अध्यक्ष संदीप मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संतोष कुमार यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर योगेशचंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, उमेश दीक्षित, राकेश भदौरिया, प्रमोद पाल,राघवेंद्र चतुर्वेदी, जंगबहादुर सिंह, मिथलेश ओझा, अजय पटसारिया, रमेशचंद्र जाटव, उमर सिद्दीकी, फनिस खान, बादाम सिंह यादव, कमल कुशवाहा, राज लिटौरिया, इनायत, देवेश मिश्रा, बृजमोहन कुशवाहा, प्रदीप सक्सेना, केके चतुर्वेदी, जेडी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### बार काउंसिल के चुनाव में तहसील स्तर पर बनाया जाये पोलिंग बूथ

**जालौन।** शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र लिटौरिया व सचिव ओमकार दीक्षित ने मुख्य अतिथि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष जानकी शरण पांडेय को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के चुनाव में स्थानीय अधिवक्ताओं के लिए तहसील स्तर पर पोलिंग बूथ स्थापित किया जाए और मतदान का अधिकार दिया जाए। उन्होंने अपर सिविल जज न्यायालय के रिक्त पद पर न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति कराने एवं बार संघ व अधिवक्ता चेंबर के लिए जगह स्वीकृत कराने की मांग की। जिस पर मुख्य अतिथि ने उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

**निर्देश** — सभी शासकीय, अर्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफ्टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना करने के दिए निर्देश

# मानसून आने के पूर्व प्राथमिकता से जल स्रोतों का पुर्नोद्धार पूरा करायें: डीएम

- ''कैच द रेन अभियान 2024'' केंद्र और प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**रविवार** को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में चल रहा ''कैच द रेन'' अभियान की कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के केंद्रीय मध्यवर्तनों में जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन, सभी जल निकायों की गणना, भू- टैगिंग एवं सूची तैयार करना, जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजना बनाना, जनपद में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना करना व सघन वनीकरण और जागरूकता सर्जन शामिल है। अभियान इस वर्ष अपने पांचवें चरण में पहुंच चुका है। इसके अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जलस्रोतों का नवीनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वनारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प के साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति के थीम पर जन जागरुकता कार्यक्रम, जनपद की हाइड्रो जियोलॉजिकल परिस्थिति के अनुसार जल संचयन संबंधी अन्य कार्यों को प्राथमिकता से कराया। इसके अलावा सभी शासकीय, अर्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफ्टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अमृत सरोवरों के जल प्रभाव में रुकावट को ठीक किया जाए। ''कैच द रेन अभियान 2024'' केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसके अंतर्गत मानसून के प्रारंभ से पहले प्राथमिकता के आधार पर जल स्रोतों यथा तालाब, कृत्रिम पुनर्भरण संरचना, छोटी नदियां, चेकडैम, जल निकाय के डिसिल्टिंग और पुनरुद्धार के कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे कि वर्षा ऋतु में अधिकाधिक वर्षा जल का संचयन करते हुए जल शक्ति अभियान को सार्थकता प्रदान की जाए। इस बात के भी निर्देश हैं कि सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों यथा कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन आदि पर अनिवार्य रूप से रूफ्टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित करा ली जाए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त पार्क और सार्वजनिक स्थलों में वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय किये जाएं। इसके अलावा ''कैच द रेन 2024'' विषय पर जन जागरुकता के लिए स्कूली बच्चों एवं समाज में विशेष अभियान, रैलियां, गोष्ठियां, वार्ता आदि का भी आयोजन कराया जाए, जिससे जल संरक्षण एक जन आंदोलन का रूप ले सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई एकता त्रिपाठी, कृषि उपनिदेशक एसके उत्तम आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# इनवर्टर का प्लग लगाते समय लगे करंट से युवक की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**इनवर्टर का** प्लग लगाते समय युवक को करंट लग गया। जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। अचेत अवस्था में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक अमित ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत पर कोराहम मच गया। परिजन उसके शव को लेकर घर चले गए।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नई बस्ती रोड सधवाड़ा निवासी संतोष कुमार उर्फ लालू बाथम उम्र 40 वर्ष पुत्र झम्मक लाल बाथम आज सुबह-सुबह अपने घर पर वाशिंग मशीन का प्लग लगाने के लिए इनवर्टर का प्लग निकाल कर लगाने जा रहा था। उसी समय इनवर्टर के प्लग से उसे करंट लग गया। जब तक परिजन कुछ समझ पाते संतोष कुमार अचेत अवस्था में जमीन पर गिर गया।



मृतक का फाइल फोटो

आनन-फानन में परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ0 अमित कुमार ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन उनके शव को लेकर घर चले गये। इधर अस्पताल से एक मीमो कोतवाली पुलिस को भेजा गया है। संतोष कुमार के पिता ने बताया की



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

उसके एक बेटी कीर्तिका तथा बेटा उदयराज एवं युग है। वहीं उसकी पत्नी सविता रानी का रो-रोकर बुरा हाल है। संतोष कुमार कायमगंज तहसील में बैनामा लेखक का कार्य करता था। मृतक अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# मक्का की फसल में जानवर घुसने पर मारपीट

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**मक्का की** फसल में आवारा जानवरों के घुस जाने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिससे दोनों पक्षों के दो लोगों घायल हो गये। उनका पुलिस ने मेडिकल कराया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुम्हरौर निवासी जोधन पुत्र प्यारेलाल की मक्का की फसल गांव के पास में खड़ी है। आरोप है कि घनश्याम पुत्र रामपाल के द्वारा अन्ना गौवंश उसके खेत में घुसा दिये गये। जिस पर मारपीट होने लगी। घनश्याम ने बताया कि वह अपने खेत की तरफ जा रहा था, तो दूसरे पक्ष के लोग जुआ खेल रहे थे। मैं देखने लगा तो उनके लड़के राजन पुत्र जोधन के द्वारा मेरा मोबाइल छीन लिया और गाली गलौज करने लगा।



मक्का की फसल जिसमें जानवर घुसने का लगाया गया आरोप

जिससे दोनों पक्ष में झगड़ा होने लगा। मारपीट में जोधन व दूसरे पक्ष के घनश्याम घायल हो गये। दोनों पक्षों को मेडिकल के लिए राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया है। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नवीन मंडी समिति अनाज खंड के रजनेश यादव बने अध्यक्ष

- पिंटू राठौर बने महामंत्री, नव निर्वाचि पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**नवीन मंडी** समिति अनाज खंड कायमगंज में काफी समय से पद रिक्त चल रहे थे। रविवार को रिक्त पदों को भरा गया। जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष ब्रजकिशोर दुबे को जिला कमेटी में मंत्री नियुक्त किया गया एवं राजनेश यादव को अध्यक्ष तथा पिंटू राठौर को महामंत्री चुना गया। उनसे यह अपेक्षा की गई कि वह सबका साथ लेकर चलेंगे तथा मंडी की समस्याओं को उचित मंच पर उठाएंगे और सभी व्यापारी समस्याओं के संबंध में उनका सहयोग प्रदान करेंगे। नव निर्वाचित अध्यक्ष रजनेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको साथ लेकर चलेंगे और जो भी मंडी की समस्याएं हैं उनको




नव निर्वाचित पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

अवगत कराएं, जैसे शीतल जल की व्यवस्था, मंडी में साफ -सफाई, विद्युत व्यवस्था हम उनका आप सबके सहयोग से समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। जिसमें आप सबका सहयोग अति आवश्यक है। इस मौके पर जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश बाथम, नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, युवा तहसील महामंत्री प्रवीण यादव, आलोक गुप्ता, अनिल शाक्य, बालक राम यादव, गौरव गुप्ता, पवन राठौड़, कैलाश राठौड़, सनी शाक्य सहित सभी अनाज व्यापारी उपस्थित थे।

# महिला ग्राम प्रधान सहित आठ नामजद व दो अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

संकिसा, समृद्धि न्यूज

**विकास** खंड नवाबगंज थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव गठवाया निवासी सुभाष कश्यप ने गांव के ही महिला ग्राम प्रधान गुड्डी देवी व इनके पति गनेश तथा परिजन उमेश, दिनेश, अवधेश, सुमित, अमित, रतन एवं दो नाम पता अज्ञात लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर गाली-गलौज मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार सुभाष ने गांव के ही प्रधान पति गनेश के पुत्र करन के विरुद्ध एक मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। इसी को लेकर करन के परिवार वाले हमसे रंजिश मानते हैं इसी रंजिश के कारण दिनांक 16 जून 2024 को सुबह लगभग 7.00 बजे मैं अपने मक्के की फसल काट रहा था। उस समय मेरी पत्नी रीना देवी पुत्री प्रतिभा व भाई अखिलेश भी मौजूद था। उक्त आरोपित प्रधान पति गनेश अपने साथियों के साथ अपने-अपने हाथों में लाठी-डंडे एवं नाजायज हथियार लेकर मौके पर पहुंचकर हम लोगों को गालियाँ देते हुए बेरहमी से पीटने लगे। मारपीट से बचने के लिए जब हम लोग वहां से भागकर अपने घर में छिप गए, तो इन लोगों ने हम लोगों को घर में घुस कर मारा। मोहल्ले के लोग मौके पर आ गए तभी ये सभी लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मेरापुर पुलिस ने सुभाष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच शुरू कर दी।

# खबरें चलते-चलते

### युवक के साथ कुकर्म के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दावत खाने गए मानसिक रुप से विक्षिप्त युवक के साथ दो युवकों ने कुकर्म किया था। शिकायत करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। पिता की तहरीर चार दिन बाद पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ कुकर्म मारपीट व जान से मारने की धमकी में मुकदमा दर्ज कर लिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने दी तहरीर में बताया कि उसका 20 वर्षीय पुत्र मानसिक रुप से कुछ विक्षिप्त है। दो दिन पूर्व गांव में ही तिलक समारोह में दावत खाने गया था। रात लगभग ग्यारह बजे गांव का ही एक युवक बहला फुसला कर बेटे को अपने साथ एक बुजुर्ग व्यक्ति के घर ले गया। बुजुर्ग अपने घर के दरवाजे पर सो रहे थे। अन्य स्वजन तिलक समारोह में गए थे। घर के अंदर एक युवक पहले से ही मौजूद था। दोनों युवकों ने बेटे के साथ मारपीट कर कुकर्म किया। शिकायत करने पर दोनों युवक जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। बेटे ने घर पहुंचकर रोते हुए मामले की जानकारी स्वजनों को दी। पीड़ित पिता ने दो दिन बाद थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पिता की तहरीर पर दो आरोपितों नीतेश उर्फ टिंकू व संतोष कुमार उर्फ पंछी के खिलाफशनिवार देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया। हालांकि आरोपित घटना के बाद से फरार हो गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दबंग की धमकी से आहत पिता पहुंची थाने, पुलिस ने लिये पैसे

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले का ही एक युवक बेटी पर आए दिन अश्लील फब्तियां कसता है। शनिवार शाम बेटी घर के दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय युवक आया और बेटी के साथ छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगा। पिता के अनुसार बेटी की दो दिन बाद सगाई है। युवक शादी न करने की धमकी दे रहा है। पीड़ित पिता ने रविवार सुबह थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित को कार्यवाही करने का भरोसा दिया। वहीं पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने उससे पैसे भी ले लिये।

### ग्राम प्रधान पर दबंग ने बोला हमला

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम जैतपुर शरीफपुर छिछनी निवासी ग्राम प्रधान पर्वत सिंह पुत्र झम्मन लाल ने राहुल पुत्र गंगा चरण निवासी मझली हवेली शमशाबाद के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 22 जून की अपराह्न 3.00 बजे के करीब वह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम किशोर राजपूत के आवास पर बैठा था। उसी दौरान आरोपी आ धमका और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी द्वारा लात-घूसों तथा लाठी-डंडों से मारपीट करने लगा। शोर शराबा सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह बीच -बचाव कर बचाया। ग्राम प्रधान के अनुसार जाते-जाते आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ग्राम प्रधान के अनुसार इससे पूर्व भी उक्त आरोपी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका और समय-समय पर पीड़ित द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र दिए गए। पीड़ित ग्राम प्रधान ने दबंग आरोपी के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### अभियुक्तगणों की धमकी से पीड़ित व परिजन परेशान

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर भुक्सी निवासी रामभजन पुत्र रामस्वरूप ने बृजेश कुमार, अनिल कुमार तथा सुनील कुमार पुत्रगण रमेश चंद्र के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 22 जून रात्रि 8.00 बजे के करीब दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। पीड़ित के अनुसार विवाद के दौरान सभी आरोपियों द्वारा गाली-गलौज कर मारपीट की गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शिकायती पत्र के अनुसार एक आरोपी सुनील कुमार जो घर पर है, बराबर गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने कहा एक आरोपी जो पुलिस की कस्टडी में है वह भी जानमाल की धमकी दे रहा, जबकि एक आरोपी जो पुलिस की पहुंच से बाहर है वह भी जानमाल की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# आसमान छू रहे अरहर की दाल के दाम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

दालों में सबसे ज्यादा पसंदीदा अरहर की दाल के दाम आसमान पर पहुंच गये हैं। जिससे गरीबों की थाली से यह दाल गायब हो गयी है।



बाजार में बिक रही अरहल की दाल

बताते चलें कि अरहर की दाल इस समय 145 से लेकर 195 रुपये तक में बिक रही है। दाल में 30 से लेकर 40 रुपये का इजाफा कुछ महीनों में ही हुआ है। जिससे यह दाल गरीबों की थाली से गायब हो गयी है। गरीब तबके के लोगों का कहना है कि इतनी महंगी दाल वह नहीं खा सकते हैं, क्योंकि इतनी उनकी आय नहीं है। वहीं अन्य दालें अपने सामान्य भाव में बिक रही हैं। सबसे ज्यादा अरहर की दाल की पसंद की जाती है। गर्मियों में तो लोग अरहर की दाल सर्दी की अपेक्षा ज्यादा सेवन करते हैं, क्योंकि इस समय आम का मौसम होता है। आम पड़ने से इसका स्वाद और बढ़ जाता है। दाल के अलावा हल्दी तथा मेवे में मखाने के दाम भी आसमान पर पहुंच गये हैं।

# सत्संग और सन्त दर्शन ईश्वर की कृपा से ही मनुष्य को सुलभ होते हैं

- श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह वही भक्ति की गंगा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**श्रीमद् भागवत** ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह में श्री गीता भागवत मर्मज्ञ पंडित सुनील महाराज (नैमिषारण्य) ने कहा कि संतों के दर्शन मात्र से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि सत्संग और सन्त दर्शन ईश्वर की कृपा से ही मनुष्य को सुलभ होते हैं। सत्संग में उपस्थित मनुष्य की ईश्वर तक सीधी पहुंच होती है। गमा देवी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह में रविवार को व्याखान करते हुए पंडित सुनील महाराज ने भक्त प्रहलाद की भक्ति और राजा बलि के त्याग व दान की महिमा के चरित्र के प्रेरणाप्रद प्रसंग



कथा की अमृतवर्षा करते सुनील महाराज व मौजूद भक्तगण — समृद्धि न्यूज

सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भक्ति के जरुरी नहीं कि उसे युवावस्था और प्रोढ़ावस्था में ही किया जाये। भक्ति बचपन से ही की जा सकती है। भक्त प्रहलाद की भक्ति का उदाहरण इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय है। प्रस्तुत भजन जो प्रेम नगर आया ही नहीं वह प्रीतम का ठिकाना क्या जाने.....पर श्रोतागण जमकर थिरके। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रमला राठौर, सभासद अनिल तिवारी, निशीत सक्सेना सुशीला तिवारी आदि मौजूद रहे। मुख्य यजमान रजकीय मूकबधिर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज सक्सेना व उनकी धर्म पत्नी अलका सक्सेना मौजूद रहीं।

# सोए प्रशासन को कैंडिल मार्च के माध्यम से जागने का प्रयास कर रही है-भाकियू



कैंडिल मार्च निकालते भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ग्राम** बाहिदपुर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के टोल प्लाजा के विरोध में तीन दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में प्रशासन की उदासीनता को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने कानपुर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा के आह्वान पर सोते हुए प्रशासन को जगाने के लिए कैंडिल मार्च निकालकर आगाह किया। इसके साथ ही किसानों ने लंगर का भी आयोजन किया जो लगातार चलता रहेगा। इसके साथ ही विधिक सलाहकार जिला प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा की 24 जून की शाम से ही अन्य जनपदों से किसानों का आना शुरू हो जाएगा। 25 जून को प्रदेश अध्यक्ष सहित किसानों का बड़ा जमावड़ा इकट्ठा होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, जिला सलाहकार समिति के अध्यक्ष विजय शाक्य, कमालगंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय कटियार, अभय यादव, सुधीर कटियार, शिशुपाल सिंह शाक्य, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, मोहम्मदाबाद ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### दादा ने नदी में, पिता ने कुएं में, हमने नल में, बच्चों ने बोतल में तथा अब उनके बच्चे कहां देखेंगे जल

# केपटाऊन जैसी स्थिति न आये, इसलिए अभी से बचायें जलः राकेश द्विवेदी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पंतजलि योग** समिति के जिला प्रभारी राकेश द्विवेदी ने कहा कि यदि हम जल के प्रति अभी से न चेते, तो केपटाऊन जैसी स्थिति अपने देश व प्रदेश में भी आ सकती है।

उन्होंने जल के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि केपटाऊन 14 अप्रैल 2024 से ऐसा शहर बन गया जहां पानी नहीं है। बांधों में जल केवल 13 प्रतिशत के आसपास है। नलों, नदियों, झरनों से पानी गायब है। लोगों को नहाने से मना कर दिया गया है। दिन में उन्हें केवल 25 लीटर पानी मिलेगा जिसका प्रयोग वह खाने पकाने पीने में करेंगे। भारत में यह स्थिति आने वाली है जिसका संकेत दिल्ली की जल समस्या में देखा जा सकता है। यहां यमुना सूख गई है, जलस्तर पाताल चला गया है, कुआं, बावड़ी की बात ही मत करिए। अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, कंक्रीट का निर्माण और लगातार पानी का दोहन से दिल्ली के केपटाउन बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा और उसके बाद अन्य



गांव स्थित सूखा पड़ा तालाब — समृद्धि न्यूज

शहरों का नंबर आएगा। शौचालय, शॉवर, कार वाश, वाशिंग मशीन, आरओ ये सब पानी के महाशत्रु बन कर सामने आए हैं। शहरों का चलो ठीक है परन्तु गांवों में पानी की समस्या आश्चर्यजनक है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की एक योजना हर घर नल का जल है। गांवों में पाइप बिछाई जा रही है। चारों तरफ खुदाई हो रही है। इस योजना का उस जगह कोई व्यहवारिक महत्व नहीं है जहां पर पानी को लेकर आत्मनिर्भरता रही है। अब लोग कुएं को छोड़कर नल पर आश्रित हो जायेंगे। बाद में उस जगह टैंकर दिखेंगे और कुछ समय बाद क्षेत्र पूरी तरह से दिल्ली बनने को तैयार हो जायेगा। इससे बेहतर है कि पानी को लेकर स्थानीय स्तर पर स्टोरेज और भूजल को समृद्ध करने पर पैसा और श्रम खर्च हो। ताल, तलैया, कुएं बावड़ी को पाटा जा रहा है और उसके ऊपर फ्लैट खड़े किए जा रहे हैं तो पानी का संरक्षण कहां से होगा। गांव में सबमर्सिबल पंप लगाकर बेतहाशा पानी



जानकारी देते राकेश द्विवेदी

बर्बाद किया जा रहा है। पहले हर घर के सामने छोटा मोटा तालाब जरूर होता था। बाग बगीचे होते थे किंतु अब गांवों में चारदीवारी बनने लगी है। गांव वाले इंच इंच जमीन का मोल लगाना सीख गए हैं। हम आने वाली पीढ़ी के लिए बंजर और सूखी धरती छोड़ रहे हैं। जलते जंगल और धुंआ भरा आसमान छोड़ रहे हैं। टूटे पहाड़ और सूखी नदियां छोड़ रहे हैं। हम ऐसे पाप कर रहे हैं जिसकी कोई क्षमा नहीं है।

# तीसरी बार निर्वाचित सांसद मुकेश राजपूत का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



सांसद मुकेश राजपूत का स्वागत करते विमलेश मिश्रा समृद्धि न्यूज

**तीसरी बार** निर्वाचित सांसद मुकेश राजपूत का पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भाजपा नेता राजीव चतुर्वेदी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बद्री विशाल महाविद्यालय में सांसद मुकेश राजपूत का भाजपा नेताओं व राजीव चतुर्वेदी के समर्थकों ने फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से मैने चुनाव जीता है। इस बार चुनाव में कांग्रेस व सपा ने झूठ बोलकर मतदाताओं को गुमराह किया है। फिर भी सभी के सहयोग से तीसरी बार संसद पहुंचने का मौका मिला है। आज पूरा भारत नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त हो रहा है। 2047 तक भारत को विकसित बनाना प्रधानमंत्री का संकल्प है। उसे पूरा करने के लिए हम लोग प्रयासरत है। राजीव चतुर्वेदी ने आये हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में लोगों ने सांसद मुकेश राजपूत का स्वागत किया। संचालन पूर्व सभासद भप्पू सोनी ने किया। इस मौके पर हिन्दूमहासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष व लोकदल जिलाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, सौरभ मिश्रा, सभासद अनिल तिवारी, प्रमोद बाजपेयी, दिलीप भारद्वाज, पुष्पेन्द्र राजपूत, दीपक शाक्य, प्रमोद दीक्षित, अजय त्रिवेदी, चित्रा अग्निहोत्री, अभिषेक बाथम, केदार शाह, आशीष शुक्ला, विनय द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# न्यायालय के आदेश पर युवक को पीटने में छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराब के लिए रुपये न देने पर दबंगों द्वारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत चौकी में करने पर गुस्सायें दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी घायल की मां ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय के आदेश पर दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार सेन्ट्रल जेल के क्षेत्र नारायनपुर निवासी कमलेश देवी पत्नी रामशन ने न्यायालय दायर किये 156(3) में दर्शाया कि उसके पति शारीरिक दिव्यांग है। उसके चार पुत्र है। तीसरे नम्बर का पुत्र मंजेश मेहनत मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गांव निवासी प्रभात मनोज उर्फ गुड्डू जो दबंग किस्म का व्यक्ति है। वह आये दिन शराब पीकर गाली-गलौज करता है और गोट में तमंचा रखकर जानमाल की धमकी देता है। एक माह पूर्व आरोपी प्रभात ने मेरे पुत्र मंजेश से शराब के लिए रुपये मांगे। पुत्र द्वारा रुपये देने से मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज किया और भविष्य में जान से मार देने की धमकी दी। पुत्र ने 24 नवम्बर 2023 को आईटीआई चौकी में शिकायत की थी। 24 दिसम्बर 2023 को रात्रि 8:30 बजे पुत्र मंजेश मजदूरी कर घर वापस लौट रहा था। सेन्ट्रल जेल चौकी से थोड़ा आगे भोलेपुर की ओर पुत्र को प्रभात, अरुण पुत्र संजय उर्फ कल्लू, गोलू उर्फ अभिषेक पुत्र किशनलाल, अश्वनी पुत्र नामालूम निवासी कासिमबाग व दो अज्ञात ने एकराय होकर रोक लिया और भद्दी-भद्दी गालियां दीं। विरोध करने पर प्रभात ने पुत्र के गले में बेल्ट डालकर उसका गला कस दिया और लात घूसों से मारापीटा। आसपास के लोगों ने बचाया। सूचना पर मेरे अन्य पुत्र पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने मारपीट कर रहे प्रभात, अरुण, अश्वनी को पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस न तो मेरे पुत्र के चोंटों का डाक्टरी परीक्षण कराया और न ही मुकदमा दर्ज किया। 25 दिसम्बर को आरोपियों के साथ मेरे पुत्र मंजेश का भी शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 147, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## खबरें एक नजर में

### इस्लामिया स्कूल में आर्म रेसलिंग(पंजा लड़ाने) की प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रतियोगिता में पंजा लड़ाते खिलाड़ी समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में आर्म्स रेसलिंग पंजा लड़ाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिज़वान अली ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के आयोजक मुहाफिज़ सिद्दीकी व फरदीन ने बताया कि प्रतियोगिता 50, 55 व 65 किलो की श्रेणी में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। आयोजन मंडल के फरदीन ने बताया कि 50 किलोग्राम में मुहाफिज़ प्रथम, 55 किलोग्राम में मयंक प्रथम, 65 किलोग्राम में सत्यम प्रथम रहे। श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिज़वान अली ने कहा कि हमें इन पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। भविष्य में ऐसी प्रतियोगिता और बड़े स्तर पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता है। इस मौके पर नसर ख़ालिक़, शमीम खान, शोहेल अहमद फारूकी, खुर्शीद आलम, तौसीफ़ अली, हाफिज़ सलमान, मोहम्मद तैयब, शकील अहमद, फराज़ तारिक आदि लोग मौजूद रहे।

### रंजिशन मां-बेटे को पीटा, चार पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव ढर्रा शादी नगर निवासी अजित कुमार पुत्र अरविंद कुमार ने गांव के ही राजीव कुमार, संजीव कुमार पुत्रगण विशेश्वर दयाल व संजीव कुमार के पुत्र अनूप कुमार उर्फ भोले तथा इनकी पुत्री रिचा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार शुक्रवार समय लगभग 5.00 बजे मेरी मां अनीता घर पर अकेली थी। उसी समय उक्त सभी आरोपित पुरानी रंजिश को लेकर मेरे घर में घुसकर गालियाँ देने लगे। जब मेरी मां ने गालियाँ देने से मना किया तो उक्त सभी आरोपित मेरी मां के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जब मैंने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया, तो उक्त आरोपित मेरे साथ भी मारपीट करने लगे। चीख पुकार की आवाज पर गांव के शिवकांत आदि लोग मौके पर आ गए। इन लोगों के ललकारे जाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### दो लोगों ने पिया जहर, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर नगर के मोहल्ला छपट्टी निवासी मिथुन (24) व क्षेत्र के गांव पचरौली महादेवपुर निवासी दफेदार की 18 वर्षीय पुत्री नेहा ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में दोनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद मिथुन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### छत से गिरकर अधेड़ गंभीर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी देवशरन (47) छत से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### युवती ने खाया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव पचरोली निवासी सोनी उम्र 19 वर्षीय पुत्री दफेदार ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पीकर आत्म हत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# कार्यकर्ताओं को अपने महापुरुषों के बलिदान को ध्यान रखना चाहिए: प्रमोद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा नेता

**भारतीय जनता** पार्टी के जनक डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष में सेक्टर चिलपुरा में बूथ संख्या 277 पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजन किया गया। नगर पश्चिम के उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि आज के समय में भाजपा का डंका पूरे विश्व में एक उदाहरण के रूप में उपस्थित है। हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने त्याग एवं महापुरुषों के बलिदान को ध्यान में रखते हुए पार्टी के उच्च शिखर को हमेशा के लिए बनाए रखना है। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने बताया कि भारत की जनता का सम्मान बढ़ाने वाली एकमात्र एनडीए सरकार है, जो की सबका साथ और सबका विकास के रूप में कार्य कर रही है। भारत के प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि हम सभी एनडीए सरकार का तन मन और धन से भी आवश्यकता पड़े तो सहयोग करने में पीछे ना रहे। किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमित बाथम ने सभी का स्वागत किया। साथ पदाधिकारियों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर अर्जुन वर्मा, संदीप बाजपेई, रजत कश्यप, नितिन कश्यप, श्याम प्रताप कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# आरोग्य मेले में खांसी, जुकाम आदि के आये 42 मरीज



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** उप स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मेले में खांसी, जुकाम, शुगर, मलेरिया के मरीज आये। आरोग्य मेले में मौजूद डॉक्टर कल्पना कटियार, वीरेंद्र सिंह राजपूत फार्मासिस्ट ने आये हुए मरीजों को देखा और और मरीजों को औषधि वितरित की। चिकित्सक ने बताया कि भीषण गर्मी में धूप में निकलने से बचे। दवाई को समय पर लें। अपनी सेहत का ख्याल रखें। ठंडा पानी पिएं। आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों की संख्या 42 रही। जिसमें 07 डाय विटीज के मरीज, शेष खांसी, जुकाम, बुखार, दाद-खाज के मरीज थे। इस मौके पर अलका लैब टेक्नीशियन, एएनएम सुमन, एएनएम पूजा वर्मा, वार्डवाय राजेश कुमार आदि स्टॉफ मौजूद रहा।

# शिव मंदिर से घंटा व अन्य सामान चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



वह शिव मंदिर जिसमें हुई चोरी

**फर्रुखाबाद-फतेहगढ़** मुख्य मार्ग बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर के सामने शिव मंदिर (श्री गैरी शंकर धाम) मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रात में मंदिर के गेट का ताला तोड़कर उसमें रखे शिवजी के त्रिशूल, सर्प और मंदिर में लगे घंटे को चोरी कर लिया गया। सुबह रोजाना की भांति 3 बजे मंदिर की देखरेख कर रहे पुजारी देवेंद्र कटियार मंदिर पर आए तो उन्होंने देखा की मंदिर के गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो जिसमें रखा उक्त सभी सामान गायब था। इसके बाद अन्य लोगों को सूचना दी गई। पुजारी देवेंद्र कटियार के पुत्र पुष्पेंद्र कटियार ने कादरीगेट थाना प्रभारी को लिखित रूप से सूचना दी। आवास विकास चौकी इंचार्ज ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं मोहल्ले के सीसीटीवी कैमरे में रात 2 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति टहलता हुआ दिखायी दे रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# 13 जुलाई को मेधावी छात्र-छात्राओं को एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी करेगा सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

**एजूकेशनल** मूवमेंट सोसायटी द्वारा प्रत्येक वर्ष होने वाला मुस्लिम छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 13 जुलाई शनिवार को ठंडी सड़क स्थित नवभारत भवन में आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि वित्त मंत्रालय में सहायक सचिव सुबुर खान होंगे। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही जिले के सभी बोर्डों के टापर छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जायेगा। सैय्यद रिजवान अली अध्यक्षता में इस्लामिया जुनियर हाईस्कूल फतेहगढ़ में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष होने वाले सम्मान समारोह 13 जुलाई शनिवार को सुबह 11 बजे से नवभारत सभा भवन में होगा। 70 प्रतिशत अंक पाने वाले मुस्लिम छात्र-छात्राए 30 जून तक निर्धारित केन्द्रों पर अपनी मार्कशीट जमा करा सकते हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस समारोह में जिले के विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में चयनित छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यवाहक अध्यक्ष सैय्यद रिज़वान अली ने बताया कि इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य जनपद में शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता लाना है। पूर्व आईआरएस अधिकारी व जकात फाउंडेशन के चेयरमैन जफर महमूद को भी आमंत्रित किया गया है। साथ ही जनपद के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर अफज़ल हुसैन, नसर ख़ालिक़, शमीम खान, असलम अब्बासी, शाहिद हुसैन, खालिद रऊफ, सोहैल अहमद फारूकी, जमील अहमद, इसरार अहमद, खुर्शीद अहमद आलम, तौफीक अली आदि लोग मौजूद रहे।

# डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बूथ 117 पर पुष्पांजलि सभा का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा नेता

**डा0 श्यामा** प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने बूथ संख्या 117 पर कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया। उन्होंने कहा कि जन संघ के बाद भाजपा को आगे बढ़ाने का काम डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया। हर कार्यकर्ता को सम्मान दिलाने व उसकी पहचान बनाने के लिए डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उन्हें आगे किया। शून्य से शिखर पर पार्टी पहुंचाने में डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान रहा। उनके बताये हुए रास्ते में पर चलने का आवाह्न किया गया। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, रमेश चंद्र वर्मा, सनी राजपूत, बाबी सक्सेना, विशाल यादव, नौशाद मंसूरी, निहाल, अमन मंसूरी, नैतिक राजपूत, अनस आदि मौजूद रहे।

# आचार्य प्रशिक्षण पंच सत्र में हुआ वर्ग विषयों का संचालन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद नवीन आचार्य समृद्धि न्यूज

**भारतीय शिक्षा** समिति कानपुर प्र0 द्वारा आयोजित नव चयनित आचार्य प्रशिक्षण सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज दतिया द्वारा झांसी में आज विषय विभाजन द्वारा सभी सत्रों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जनपद फर्रुखाबाद के आचार्यों ने प्रतिभाग किया और अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जनपद के आचार्यों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य रुप से प्रेरणा के केंद्र बिंदु अनिल ने विद्यालय विकास में आचार्य की भूमिका एवं चिंतामणि ने क्रियात्मक सत्र में प्रश्न पत्र निर्माण कौशल अर्चना अवस्थी ने आचार्य का प्रयोगानंद झा लिखित कार्य, अभ्यास कार्य गृह कार्य सुधार व रत्नेश अवस्थी ने एवं विचार गोष्ठी में छात्र उपस्थित पंजीकरण आवश्यकता पर विचार रखे। इस मौके पर भगवान सिंह सेंगर, अजय, शिवकरन, कल्पना सिंह, शिव सिंह, अजय, शिवकरन, बृजपाल सिंह, आलोक सिंह, रजनीश मिश्र, विवेक दीक्षित, पूरन सिंह, अमित कुमार सिंह आदि नवीन आचार्य मौजूद रहे।

# आबकारी टीम ने लकूला व तकीपुर में छापेमारी कर पकड़ी 150 लीटर कच्ची शराब

- 210 लीटर लहन को मौके पर किया गया नष्ट, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



**आबकारी** आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत रविवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह, क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे, क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी ने टीम व कानपुर प्रवर्तन टीम आबकारी निरीक्षक हरिश्चन्द्र व आबकारी निरीक्षक विजय प्रताप यादव के साथ संदिग्ध ग्राम बाग लकूला, तकीपुर में दविश देकर छापेमारी की। इस दौरान लगभग 210 किलोग्राम लहन बरामद हुई। जिसे मौके पर ही टीम ने नष्ट कर दिया। टीम को 150 लीटर अवैध कच्ची शराब भी बरामद हुई। छापेमारी के दौरान कई लोग भाग गये। आबकारी टीम ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया है।

**मांग** — घाटों की साफ-सफाई व सुरक्षा के लिए प्रशासन से गार्ड तैनात करने की मांग

# घाटों की दुर्दशा देखकर गंगा सेवा समिति ने जतायी नाराजगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



दुर्वासा ऋषि आश्रम के पास स्वच्छता अभियान चलाते समिति के लोग

**साप्ताहिक** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मां गंगा सेवा समिति ने पांचाल घाट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम से बंधा घाट तक भ्रमण किया। घाटों पर फैली हुई गंदगी और अव्यवस्था को देखकर अपने अथक प्रयास और बार-बार अनुरोध के बाद भी प्रशासन सक्रिय नहीं है। समिति के सदस्यों ने सरकार से मांग की कि अगर मां गंगा के लिए समर्पित संस्था अपना काम ठीक से नहीं कर पा रही है तो इसका प्रबंधन किसी अन्य उचित हाथों में पहुंचना चाहिए। समिति के सदस्यों ने दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत से भी मुलाकात की और बताया गया कि इस संबंध में महात्माओं के अंदर भी भारी आक्रोश है। प्रशासन को चाहिए कि घाटों पर कुछ वर्दीधारी गार्ड नियुक्त करें और घाटों पर कचरा फैलाने वाले तत्वों पर नकेल कसें। साथ ही गंगा तट पर समिति के लोगों ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपने को किया साकार : मोहन यादव

**जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पद दी श्रद्धांजलि**

एजेंसी



**भोपाल।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मनाया गया।

कार्यालय के सामने स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं पौधारौपण किया। भाजपा ने प्रदेश भर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित

**प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर 1951-1952 की सरकार द्वारा लगाए गए कलंक को धोने का कार्य किया है। यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्चे अर्थों में श्रद्धांजलि है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, वही जनसंघ आज विश्व के सबसे बड़े व सर्वव्यापी राजनैतिक दल भाजपा के रूप में आप सबके सामने है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई जयंती के दिन तक एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है।**

पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे, जिन्होंने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंगभंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था।

आजादी के बाद कश्मीर समस्या को भांपकर आंदोलन किया और जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने बलिदान दे दिया। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साकार किया है।

उन्होंने कहा कि आजादी के तुरंत बाद ही जम्मू-कश्मीर की समस्या को भांप लेना और उसके समाधान के लिए मंत्री पद त्याग कर जनसंघ की स्थापना कर आंदोलन करना यह कार्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे देश के सच्चे वीर सपूत और महानायक ही कर सकते हैं। देश के दो महानायकों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय की संदिग्ध मौत का जिम्मेदार कौन है, इसका आज तक पता नहीं चला है।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है : मनोज सिन्हा

**रियासी।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है और हालिया आतंकवादी घटनाएं दुश्मन की हताशा का संकेत हैं। रियासी जिले के तलवाड़ा में सहायक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 16वें बुनियादी भर्ती प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बैच की पासिंग आउट परेड में सिन्हा ने कहा, हमें आतंकवादियों और उन्हें आश्रय देने वाले उनके सहयोगियों का पता लगाना चाहिए। कुल 860 कांस्टेबल ने प्रशिक्षण पूरा होने पर परेड में भाग लिया। उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई गई। उपराज्यपाल ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा, आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है और इसने हमारे पड़ोसी (आतंक के निर्यातक को) हताश कर दिया है। हालिया आतंकी घटनाएं हमारे दुश्मन की हताशा का संकेत हैं।

# ये मौत नहीं हत्या है, 32 दलित मारे गए, क्यों चुप हैं राहुल, प्रियंका

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु में नकली शराब पीने से हुई मौतों पर विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। पार्टी नेता संबित पात्रा ने कहा कि अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से 32 दलित हैं, लेकिन इस घटना पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, द्रमुक नेता और गठबंधन के अन्य नेता कुछ नहीं बोल रहे हैं।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता और पुरी लोक सभा सीट से नवनिर्वाचित सदस्य संबित पात्रा ने कहा,÷अगर इस देश में 32 से ज्यादा दलित मारे जाएं तो मैं इसे हत्या कहूंगा, ये मौत नहीं है। पात्रा ने कहा कि तमिलनाडु के करुणापुरम नामक गांव में, जहां ज्यादातर अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं, जहरीली शराब की त्रासदी बेहद दुखद है। 56 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और कई की हालत गंभीर है। कांग्रेस पार्टी और उनके इंडी गठबंधन के नेता इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? उन्होंने आगे कहा कि इसका मुख्य आरोपित द्रमुक से जुड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि नकली शराब का यह धंधा कल्लाकुरिजी में सालों से चल रहा था। वे भी पुलिस स्टेशन और जिला अदालत के नजदीक चल रहा था। आज के अखबार में साफ लिखा है कि इस घटना के सरगना गोविंद राज का गोदाम व्यस्त सड़क पर था। सबसे बड़ी बात यह है कि गोविंद राज के घर के बाहर और अंदर द्रमुक के स्टीकर लगे हैं।

# टी-20 विश्व कप : पैट कमिंस ने लगातार दूसरे मैच में लिए हैट्रिक विकेट, रचा इतिहास


एजेंसी

**किंग्सटन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ के मुकाबले में इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपने लगातार दूसरे टी20 मुकाबले में हैट्रिक विकेट लिए हैं।

कमिंस ने राशिद खान, करीम जन्नत और गुलबदीन नैब को आउट करके टी20 विश्व कप में अपनी दूसरी हैट्रिक बनाई। इस उपलब्धि के साथ कमिंस टी-20 विश्व कप क्रिकेट इतिहास में दो हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को आउट किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अच्छी लेंथ पर थोड़ी शॉर्ट गेंद फेंकी, जिसकी गति धीमी थी और राशिद ने गेंद को सीधे लॉन्ग-ऑन फील्डर के हाथों में मार दिया। वनडे और टेस्ट कप्तान

**कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान राशिद खान को आउट किया**

कमिंस को अफगानिस्तान की पारी का आखिरी ओवर फेंकने के लिए मिशेल मार्श ने वापस बुलाया और कमिंस ने लगातार दो गेंदों पर करीम जन्नत और गुलबदीन नैब का आउट कर अपनी लगातार दूसरे मैच में हैट्रिक पूरी की। गुलबदीन को आउट करने के साथ ही कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 विश्व कप में दो बार हैट्रिक लेने वाले और लगातार दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हैट्रिक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की। रहमानुल्लह गुरबाज 60 रन और इब्राहिम जादरान ने 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेलते हुए अफगानिस्तान को शानदार शुरुआत दिलाई।




## एनसीआर में अपना घर या व्यापारिक संस्थान बनाने का सपना जल्द होगा पूरा

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अपना घर या व्यापारिक संस्थान बनाने का सपना देखने वालों के लिए अच्छी खबर है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण आगामी जुलाई महीने में अपनी विभिन्न आवासीय व व्यावसायिक योजनाओं में खाली संपत्तियों को नीलामी के जरिए बेचने की योजना बना रहा है। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में नालामी शुरू हो जाएगी। नीलामी लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित की जाएगी। इस नीलामी से गाजियाबाद में जहां लोगों का अपना घर बनाने का सपना पूरा हो सकेगा वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को नए पंख लगने की उम्मीद है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने रविवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि नीलामी में डेढ़ सौ से अधिक आवासीय भवन अथवा भूखंड, एक सौ ज्यादा व्यावसायिक और कई औद्योगिक भूखंड सम्मिलित किए गए हैं।

# बीएसएफ ने बांग्लादेशी पशु तस्करों की कोशिश की नाकाम

एजेंसी

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को कुछ बांग्लादेशी तस्करों की उस कोशिश को नाकाम कर दिया जिसके तहत वे अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके पशुओं के साथ पश्चिम बंगाल में प्रवेश करना चाहते थे। एक बयान में यह जानकारी दी गई है।

ब्रह्मपुर सेक्टर में मधुबन सीमा चौकी पर रविवार की सुबह 146वीं बटालियन के जवानों ने पांच-छह व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखीं। वह दो गौवंशीय पशुओं के साथ बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र को पार कर भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। चुनौती दिए जाने पर उन्होंने धारदार हथियार दिखाकर जवानों को धमकाया। जारी बयान में कहा गया कि एक जवान ने जब उन पर ग्रेनेड दागा तब उन्होंने जवान को घेर लिया और धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। आत्मरक्षा के लिए जवान ने दो बार गोली चलाई, जिसके बाद बदमाश अंधेरे और खेतों की ऊंची फसलों का फायदा उठाकर बांग्लादेश की ओर भाग गए। इसके बाद जवानों ने मौके से दो मवेशी और दो धारदार हथियार जब्त किए।

एक दिन पहले भी मालदा के लोधिया सीमा चौकी पर 70वीं बटालियन के जवानों ने 14-15 बांग्लादेशियों को भाले और तलवारें लेकर घूमते देखा। इस घटना के बाद बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ एक बैठक हुई, जिसमें बांग्लादेशी तस्करों के हमले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। दोनों घटनाओं से पहले मधुबन में भी घटना हुई थी। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा, हमने इस मुद्दे को बीजीबी के समक्ष उठाया है।

## खबरें एक नजर में

### वायु सेना का युद्धाभ्यास तरंग शक्ति जोधपुर में होगा

**जोधपुर।** भारतीय वायु सेना पहली बार बहुपक्षीय हवाई अभ्यास अगस्त के पहले हफ्ते में जोधपुर आयोजित करने जा रही है। 'तरंग शक्ति' के नाम से होने वाले इस युद्धाभ्यास में दुनिया की 12 वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर बॉम्बर और स्ट्रैटेजिक लिफ्ट विमान शामिल होंगे। वायु सेवा सूत्रों के अनुसार दो चरणों के इस अभ्यास की शुरुआत दक्षिण भारत के एयरबेस से होगी। इसके बाद अगस्त के मध्य से सितंबर के मध्य तक यह अभ्यास जोधपुर में होगा। युद्धाभ्यास में स्पेन और यूएई समेत 12 देशों को बुलाया गया है। क्वाड देश अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा यूरोप की तीन बड़ी वायु सेनाओं ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के फाइटर जेट भी अभ्यास में हिस्सेदारी करेंगे। यह अभ्यास अमेरिका के %रेड फ्लैग वॉर गेम% के स्तर का होगा, जिसमें नाटो देश हिस्सा लेते हैं। रेड फ्लैग वॉर गेम जून, 2023 में हुआ था। इसमें भारत में भी हिस्सेदारी की थी और अपने राफेल लड़ाकू विमान लेकर गया था। इस बहुपक्षीय युद्ध अभ्यास में रूस शामिल नहीं होगा।

### दिल्ली जल संकट पर आप नेताओं ने उपराज्यपाल से मुलाकात की

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद संजय सिंह और आप विधायक सोमनाथ भारती 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने सक्सेना से मुलाकात की। भारद्वाज ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मानसून 28 जून के आसपास आने की उम्मीद है। शिमला समेत हिमाचल प्रदेश में बारिश शुरू हो चुकी है। यह एक सप्ताह की बात है। हमने उनसे इस एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलाने का अनुरोध किया है।'' भारद्वाज ने कहा कि सक्सेना ने उन्हें इस मामले में हरियाणा सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है।

### नीट धांधली के विरोध में एबीवीपी ने एनटीए का फूंका पुतला

**वाराणसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित धांधली के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। परिषद के वाराणसी महानगर के कार्यकर्ताओं ने जगतगंज तिराहे सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के उत्तरी गेट के समीप एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एनटीए का प्रतीक स्वरूप पुतला भी फूंका। गौरतलब हो कि नीट-यूजी परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद देश के कई हिस्सों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इस मामले को लेकर युवाओं के आक्रोश को देख विरोधी दल भी लामबंद होकर सरकार पर निशाना साध रहे हैं। केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के प्रमुख को पद से हटा दिया है। पुतला दहन में परिषद के प्रियांशु वर्मा, सत्यजीत तिवारी, आनंद मौर्य, विशाल सिंह, अतुल सेठ आदि शामिल रहे।

### अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया

**केनिंग्स्टन।** रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारुप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज की है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

### भारतीय हाकी टीम का मुख्य चयनकर्ता होंगे आर.पी. सिंह

**लखनऊ।** टोक्यो ओलंपिक की ऐतिहासिक कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस बार पेरिस ओलंपिक में पदक के लिए मजबूत दावेदारी करेगी। इस दिशा में सोमवार से बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होने वाले दो दिवसीय ट्रायल के माध्यम से आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का चयन किया जाएगा। इस टीम का चयन हॉकी इंडिया के मुख्य चयनकर्ता डॉ. आरपी सिंह की मौजूदगी में होगा। पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी व यूपी हॉकी के सचिव डॉ.आरपी सिंह उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक भी हैं। इस बारे में डॉ.आरपी सिंह ने कहा कि भारतीय हॉकी में वर्तमान में बहुत सारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और हम पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने के हकदार हैं । मेरा प्रयास होगा कि निष्पक्ष ट्रायल के माध्यम से समुचित टीम का चयन किया जाये। पेरिस ओलंपिक खेलों में मुख्य चयनकर्ता डॉ. आरपी सिंह हॉकी इंडिया का भी प्रतिनिधित्व करेंगे जिनके कार्यकाल में भारतीय हॉकी टीम का प्रदर्शन निरंतर सुधार के पथ पर अग्रसर है। पिछले एक साल में पुरुष और महिला दोनों भारतीय टीमों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें पुरुष टीम ने एशियाई खेल व एशियाई हॉकी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता, वहीं महिला टीम एशियाई हॉकी चैंपियनशिप में शीर्ष पर रही।

# नहीं थम रहा सिलसिला, एक हफ्ते से भी कम समय में ढहा तीसरा पुल



एजेंसी

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में रविवार को एक निर्माणाधीन छोटा पुल ढह गया, जो राज्य में एक सप्ताह से भी कम समय में तीसरी ऐसी घटना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना मोतिहारी के घोड़ासहन प्रखंड में हुई, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि अमवा गांव को प्रखंड के अन्य क्षेत्रों से जोड़ने के लिए राज्य के ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्ल्यूडी) द्वारा नहर पर 16 मीटर लंबा पुल बनाया जा रहा था। इसे 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा था।

आरडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया, घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चला है। यह एक गंभीर मामला है और विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा कि घटना के सही कारण का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया, ऐसी खबरें हैं कि स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने शुरू में पुल के कुछ खंभों के निर्माण पर आपत्ति जताई थी। पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है। शनिवार को सीवान जिले में एक छोटा पुल ढह गया था। इससे पहले मंगलवार को अररिया जिले में करीब 180 मीटर लंबा नवनिर्मित पुल ढह गया था।

## पानीपत के हैंडलूम निर्यात में 50 फीसदी की गिरावट

**पानीपत।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक हैंडलूम नगरी पानीपत का हैंडलूम निर्यात उद्योग जहां चार वर्ष से मंदी की मार झेल रहा है, वहीं अब इस उद्योग को सरकारी प्रोत्साहन की दरकार है। यह उद्योग इस समय अंतिम सांसें ले रहा है। पानीपत से यूरोप के करीब 20 देशों में हैंडलूम के सामान का निर्यात होता है, जिसमें मुख्य रूप से होम टेक्सटाइल, होम डेकोर के अंतर्गत आने वाले सामान जैसे-कारपेट, दरी, बाथ मैट, कार्टन, कुशन, बेड कवर, किचन टेक्सटाइल, कंबल, थ्रीडी बेडशीट सहित अनेक समान यूके, यूएस, हंगरी, तुर्की, इटली, फ्रांस, रूस, यूक्रेन, स्विटजरलैंड, स्पेन, स्वीडन, पोलैंड, रोमानिया पुर्तगाल, यूनान, डेनमार्क, साइप्रस, बेल्जियम, बुलगारिया, फिनलैंड सहित अन्य देशों को भी निर्यात होता है। वर्ष 2020 में लॉकडाउन से पहले पानीपत का निर्यात करीब 32 हजार करोड़ रुपये था जो लॉकडाउन के बाद घटकर 20 हजार करोड़ पर आ गया। रही सही कसर रूस-यूक्रेन और इज़राइल- हमास की लड़ाई ने पूरी कर दी।

# पेपर लीक, रद्द या स्थगित होना बन गई है भाजपा सरकार की कार्यशैली : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि बड़ी परीक्षाओं को पेपर लीक के कारण रद्द करना मोदी सरकार की कार्यशाली बन गई है लेकिन पेपर रद्द करना और अधिकारियों को बदलना इस समस्या का समाधान नहीं है इसलिए इस दिशा में भेदभाव रहित तरीके से काम करने सबके हित कदम उठाने की जरूरत है।

श्री खड़गे ने कहा, नीट घोटाले में जम्मिेदारी सरकार के शीर्ष अधिकारियों के इर्दगिर्द आकर रुकती है। नौकरशाहों में फेरबदल करना भाजपा द्वारा बर्बाद शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है। एनटीए को एक स्वायत्त निकाय के रूप में पेश किया गया था लेकिन वास्तव में इसे भाजपा तथा आरएसएस के कुटिल हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया था। छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी



सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, नीट-पीजी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। पिछले 10 दिनों में चार परीक्षाएं या तो रद्द या स्थगित की गई हैं। पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और शिक्षा माफिया ने हमारी शिक्षा प्रणाली में घुसपैठ कर ली है। देर से की गई लीपापोती की कवायद का अब कोई फायदा नहीं है क्योंकि अनगिनत युवा इससे पीड़ित हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा, नीट-पीजी पेपर लीक, नीट-पीजी रद्द, यूजीसी-नेट रद्द, सीएसआईआर-नेट रद्द। आज ये देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढाँचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा- व्यवस्था की पहचान बना दिया है। भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती। उन्होंने कहा, आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी हो चुकी है।

# आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है जामुन

जामुन विटामिन और मिनरल का एक अच्छा स्रोत है, जिसमें विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम और पोटेशियम शामिल हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। जामुन को अपने आहार में शामिल करने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, पाचन तंत्र में सुधार होता है, और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

गर्मियों में आम, लीची, तरबूज और खरबूज के अलावा जामुन भी एक पसंदीदा फल है, जो विटामिन सी, आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। जामुन को अपने आहार में शामिल करने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, पाचन तंत्र में सुधार होता है, और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर को हानिकारक मुक्त कणों से बचाते हैं और विभिन्न बीमारियों से राहत दिलाते हैं।



**पोषक तत्वों से भरपूर :** जामुन विटामिन और मिनरल का एक अच्छा स्रोत है, जिसमें विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम और पोटेशियम शामिल हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।

**एंटीऑक्सीडेंट गुण** जामुन में एंथोसायनिन, पॉलीफेनोल और फ्लेवोनोइड जैसे शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो शरीर को ऑक्सीडेटिव तनाव और मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं।

**मधुमेह प्रबंधन :** जामुन अपने हाइपोग्लाइसेमिक गुणों के लिए जाना जाता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इस फल के बीज मधुमेह रोगियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे स्टार्च को चीनी में बदलने की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं।

**पाचन स्वास्थ्य :** जामुन में मौजूद फाइबर पाचन में सहायता करता है, कब्ज को रोकता है और स्वस्थ पाचन तंत्र को बढ़ावा देता है। इसमें कसैले गुण भी होते हैं जो दस्त और पेचिश के इलाज में मदद कर सकते हैं।

**वजन प्रबंधन :** कम कैलोरी और उच्च फाइबर वाला जामुन वजन प्रबंधन आहार में एक अच्छा अतिरिक्त हो सकता है क्योंकि यह तृप्ति बनाए रखने और समग्र कैलोरी सेवन को कम करने में मदद करता है।

**प्रतिरक्षा को बढ़ाता है :** जामुन में मौजूद विटामिन सी की उच्च मात्रा प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है और शरीर को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने में मदद करती है।

**त्वचा स्वास्थ्य :** जामुन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन स्वस्थ, चमकदार त्वचा में योगदान करते हैं। वे मुंहासे, दाग-धब्बे और काले धब्बे कम करने में मदद करते हैं और त्वचा की समग्र बनावट में भी सुधार करते हैं।

**मौखिक स्वास्थ्य :** जामुन के जीवाणुरोधी गुण मसूड़ों के संक्रमण, सांसों की बदबू और अन्य दंत समस्याओं को रोककर मौखिक स्वच्छता बनाए रखने में मदद करते हैं।

**एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण :** जामुन में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो गठिया और अन्य सूजन संबंधी बीमारियों जैसी स्थितियों में सूजन और दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**हीमोग्लोबिन के स्तर में सुधार करता है :** जामुन में मौजूद आयरन हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है, जो एनीमिया से पीड़ित लोगों के लिए फायदेमंद है।

**हृदय स्वास्थ्य :** जामुन में मौजूद पोटैशियम रक्तचाप को नियंत्रित रखने और उच्च रक्तचाप के जोखिम को कम करके हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करता है। एंटीऑक्सीडेंट गुण समग्र हृदय स्वास्थ्य में भी योगदान करते हैं।

# सेना के अस्पताल में कैंसर विज्ञान नेत्र विज्ञान, हड्डी रोग केंद्र खुलेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना के अत्याधुनिक अस्पताल (अनुसंधान एवं रेफरल) ने कैंसर विज्ञान, नेत्र विज्ञान और हड्डी रोग विज्ञान के लिए तीन नए चिकित्सा केंद्रों के साथ अपने बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण विस्तार की शुरुआत की है। सेना के इस अस्पताल के विशाल परिसर में एक से दो वर्ष के भीतर यह केंद्र शुरू होने की संभावना है। सेना अस्पताल (आर एंड आर) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकंठन ने शनिवार को अस्पताल परिसर में मीडियाकर्मियों के एक समूह के साथ बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 1200 बिस्तरों की सुविधा वाला यह अस्पताल एक चतुर्थक सुविधा है तथा इसमें मुख्य रूप से तृतीयक या समान स्तर के अस्पतालों से रेफर किये गये मरीजों को उपचार प्रदान किया जाता है। दिल्ली में 256 एकड़ में फैले अपने परिसर के साथ, यह सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) का शीर्ष चिकित्सा संस्थान है। सेना अस्पताल (आर एंड आर) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकंठन ने कहा, ''कोई भी अस्पताल अद्यतन नहीं हो सकता और प्रासंगिक नहीं रह सकता, जब तक कि वह अपना विस्तार न करे और प्रौद्योगिकी एवं सुविधाओं में नवीनतम प्रगति के साथ संपर्क में न रहे। इसीलिए हमने हाल ही में सभी नवीनतम सुविधाओं के साथ एक पूर्ण ऑन्कोलॉजी (कैंसर) केंद्र का निर्माण शुरू किया है, एक नेत्र विज्ञान केंद्र का निर्माण किया जा रहा है और एक आर्थोपेडिक (हड्डी रोग विभाग) एवं ज्वाइंट प्रतिस्थापन केंद्र का भी निर्माण किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि आने वाले एक-दो साल में ये बनकर तैयार हो जाएंगे।